{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
रविवार 21 दिसम्बर 2025
पौस शुक्ल 02 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 89
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

/padmeshmedia | /padmeshmedia | epaper.balaghatexpress.in | E-mail: balaghatexpress@gmail.com


**खास खबर**

## मोबाइल एप से घर-घर का कचरा खरीदने वाला देश का पहला गांव बना बिहार का लखवा

पटना। स्वच्छता, डिजिटल नवाचार और ग्रामीण आत्मनिर्भरता की दिशा में बिहार के सीवान जिले के नौतन प्रखंड स्थित लखवा ग्राम पंचायत ने देश में एक नई मिसाल कायम की है। लखवा देश का पहला गांव बन गया है, जहां घरों से निकलने वाले कचरे की खरीदारी मोबाइल एप के जरिए की जा रही है। यह अनोखी पहल लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान (एलएसबीए) के तहत शुरू की गई है।

## ट्रेन से टकराकर 7 हाथियों की मौत

गुवाहाटी। असम के होजाई जिले में शनिवार सुबह हाथियों का एक झुंड सैरंग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। हादसे में सात हाथियों की मौत हो गई और एक बच्चा घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में ट्रेन का इंजन और पांच कोच भी पटरी से उतर गए। यह हादसा सुबह 2ः17 बजे चांगजुराई गांव के पास हुई। शुरुआत में आठ हाथियों के मारे जाने की सूचना थी, लेकिन बाद में पुष्टि हुई कि एक हाथी का बच्चा जिंदा है और गंभीर रूप से घायल है। हादसे में किसी यात्री के घायल होने की खबर नहीं है। नगांव के डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर सुहास कदम ने बताया कि इलाके में घना कोहरा होने के कारण यह हादसा हुआ होने की आशंका है। मृत हाथियों का पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है, जबकि स्थानीय पशु चिकित्सक घायल हाथी का इलाज कर रहे हैं।

## जनवरी 2026 में कुशीनगर आएंगी थाईलैंड की महारानी

कुशीनगर। बौद्ध आस्था के अंतर्राष्ट्रीय केंद्र कुशीनगर में जनवरी 2026 में एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रस्तावित है। थाईलैंड की महारानी महापरिनिर्वाण मंदिर में भगवान गौतम बुद्ध की पांचवीं सदी की प्रतिमा के दर्शन-पूजन के लिए कुशीनगर आएंगी। हालांकि, उनकी यात्रा की आधिकारिक तिथि अभी घोषित नहीं की गई है। महारानी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को थाईलैंड स्थित रायल पैलेस और दिल्ली स्थित द रायल थाई एंबेसी के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने कुशीनगर का दौरा किया। इस 12 सदस्यीय दल का नेतृत्व थाईलैंड के मिनिस्टर व डिप्टी चीफ ऑफ मिशन किरान मोनाजिन ने किया। प्रतिनिधिमंडल में रक्षा, नौसेना और वायुसेना से जुड़े अधिकारी तथा दूतावास के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। वही सुबह प्रतिनिधिमंडल महापरिनिर्वाण मंदिर पहुंचा, जहां अधीक्षण पुरातत्वविद शादाब खान ने उनका स्वागत किया और मंदिर से जुड़ी ऐतिहासिक व व्यवस्थागत जानकारियां साझा कीं।

**कुछ ना कहना**




# कांग्रेस ने वोट बैंक की खातिर असम में घुसपैठियों को खुली छूट दी- पीएम मोदी

## -हिमंता जी की सरकार, अवैध घुसपैठियों को पहचानकर बाहर निकाल रही

गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम की राजधानी गुवाहाटी में कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से असम विरोधी काम किया। कांग्रेस ने असम में वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को खुली छूट दी और इतना ही नहीं असम की पूरी डेमोग्राफी बदल दी। इससे ये हुआ कि पूरे असम की सुरक्षा और पहचान दांव पर लग गई।

पीएम ने कहा कि मोदी कांग्रेस की गलतियां सुधार रहा है। आज हिमंता की सरकार मेहनत से असम के संसाधनों को देश विरोधी लोगों से मुक्त करा रही है। अवैध घुसपैठियों को पहचानकर उन्हें बाहर निकला जा रहा है। बात दें कि पीएम मोदी दो दिन के असम दौरे पर पहुंचे। उन्होंने गुवाहाटी में लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन किया। यह देश का पहला प्रकृति-थीम वाला एयरपोर्ट टर्मिनल है, जिसकी थीम बांस उद्यान पर आधारित है। पीएम मोदी दौर के दूसरे दिन रविवार को असम में 15,600 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास करने वाले है। असम से पहले पीएम मोदी कोलकाता पहुंचे थे। यहां उन्होंने एयरपोर्ट से नादिया जिले के राणाघाट में आयोजित कार्यक्रम को फोन से वर्चुअली संबोधित किया था। पीएम मोदी ने कहा कि ऐसा नहीं है कि बंगाल के विकास के लिए पैसों की कमी है, लेकिन यहां की सरकार सिर्फ कट और कमीशन में लगी हुई है।

पूर्वोत्तर में पहले हिंसा होती थी यहां 4-5जी से टेक्नोलॉजी पहुंची रही है। साथियों हम पूर्वोत्तर की संस्कृति और पहचान की रक्षा कर रहे हैं। कांग्रेस की जड़ें आजादी से पहले से जुड़ी हैं। गुवाहाटी से जलपाईगुड़ी तक चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ने यात्रा के समय को कम कर दिया है। कार्गो ट्रेफिक में 140 प्रतिशत की



बढ़ोतरी हुई है। वाराणसी से डिब्रूगढ़ तक गंगा विकास को लेकर उत्साह है। कांग्रेस की सरकारों ने असम और पूर्वोत्तर विकास से दूर रखने का पाप किया है। भारत अब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने जा रहा है। 11 साल में ये कैसे हुआ। इसमें बहुत बड़ी भूमिका इंफ्रास्ट्रक्चर की है। विकास के महाअभियान में देश के हर क्षेत्र की भागीदारी है। हम पिछड़ों को मौका दे रहे हैं। आज असम और पूर्वोत्तर हमारे मिशन का नेतृत्व कर रहे हैं। हमारी सरकार ने 2014 के बाद से ही पूर्वोत्तर को प्राथमिकता दी है। असम को भारत के ईस्टर्न गेटवे के रूप में उभरता देख रहे हैं। ये शुरुआत आगे तक जाएगी। असम कई क्षेत्रों में विकसित भारत का इंजन बनेगा।


### मोदी ने कहा- बिहार ने बंगाल में भाजपा की जीत के द्वार खोल दिए

प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि बंगाल में घुसपैठियों को TMC का संरक्षण प्राप्त है। प्रधानमंत्री ने कहा- आज देश को तेज रफ्तार में विकास की जरूरत है। बिहार ने एक बार फिर NDA सरकार को विकास के लिए भारी जनादेश दिया है। बिहार चुनाव परिणामों ने बंगाल में भाजपा की जीत के द्वार खोल दिए हैं। बिहार ने एक स्वर में जंगलराज के शासन को नकार दिया है। 20 साल बाद भी बिहार की जनता ने भाजपा-ह्ष्ठ को पहले से अधिक सीटें दी हैं। अब हमें पश्चिम बंगाल को 'महाजंगलराज' से मुक्ति दिलानी है। ञ्जरूष्ट चाहे जितना विरोध करे, लेकिन बंगाल के विकास को नहीं रोक सकती। पिछड़ेपन से जूझ रहे बंगाल के दूरदराज के क्षेत्रों तक आधुनिक कनेक्टिविटी पहुंचाना हमारा मकसद है।

### केंद्र सरकार पर सोनिया गांधी का तीखा हमला

# सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया... हम लड़ेंगे

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मनरेगा को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि 20 साल पहले जब डॉ.मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, तब संसद में आम सहमति से मनरेगा कानून पास किया गया था। यह एक क्रांतिकारी कदम था, जिससे करोड़ों ग्रामीण परिवारों को रोजगार मिला। खासतौर पर गरीब, वंचित और अतिगरीब वर्ग के लिए यह रोजी-रोटी का बड़ा सहारा बना।






सोनिया गांधी ने कहा कि मनरेगा ने गांवों से शहरों की ओर होने वाले पलायन को रोका और लोगों को रोजगार का कानूनी अधिकार दिया। इससे ग्राम पंचायतें मजबूत हुईं और महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को आगे बढ़ाने में मदद मिली। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 11 साल में मोदी सरकार ने मनरेगा को लगातार कमजोर करने की कोशिश की। जबकि कोविड के कठिन समय में यही योजना गरीबों के लिए संजीवनी साबित हुई थी। अब हाल में सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया। न सिर्फ महात्मा गांधी का नाम हटाया गया, बल्कि मनरेगा का रूप-स्वरूप बिना विचार-विमर्श किए, बिना किसी से सलाह-मशवरा किए, बिना विपक्ष को विश्वास में लिए मनमाने ढंग से बदल दिया गया।

### दिल्ली में तय होगा किसे कितना रोजगार मिले

सोनिया गांधी ने कहा कि अब दिल्ली में बैठकर यह तय किया जाएगा कि किसे, कहां और कितना रोजगार मिलेगा, जो जमीनी हकीकत से दूर है। उन्होंने कहा कि मनरेगा किसी एक पार्टी की नहीं, बल्कि देश और जनता के हित की योजना थी। इस कानून को कमजोर कर सरकार ने करोड़ों किसानों, मजदूरों और भूमिहीन ग्रामीण गरीबों पर हमला किया है।उन्होंने कहा कि इस हमले का मुकाबला करने के लिए हम सब तैयार हैं। 20 साल पहले अपने गरीब भाई-बहनों को रोजगार का अधिकार दिलवाने के लिए मैं भी लड़ी थी, आज भी इस काले कानून के खिलाफ लडने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मेरी तरह कांग्रेस के सभी नेता और लाखों कार्यकर्ता आपके साथ खड़े हैं।

## एसआईआरः तमिलनाडु में 97 लाख से ज्यादा , गुजरात में 73.73 लाख नाम काटे

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने तमिलनाडु, गुजरात में कराए गए स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (एसआईआर) की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की। तमिलनाडु में 97 लाख से ज्यादा नाम काटे गए हैं। एसआईआर से पहले राज्य में वोटर्स की संख्या 6.41 करोड़ थी। अब घटकर 5.43 करोड़ हो गई है। राज्य में अब 2.66 करोड़ पुरुष, 2.77 करोड़ महिलाएं और 7,191 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। चेन्नई में सबसे ज्यादा 14.25 लाख वोटर्स के नाम हटे है। पहले यहां 40.04 लाख वोटर्स थे अब 25.79 लाख रह गए हैं। कोयंबटूर में 65 लाख, डिंडीगुल में 23 लाख नाम काटे गए हैं। वहीं गुजरात की जारी नई एसआईआर लिस्ट में 73.73 लाख से ज्यादा वोटर्स के नाम कम हुए हैं। राज्य में पहले 5.08 करोड़ से ज्यादा वोटर्स रजिस्टर्ड थे। अब घटकर 4.34 करोड़ रह गए हैं। अगर यदि किसी मतदाता का नाम ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं है, तब वह 18 जनवरी ऑब्जेक्शन उठा सकता है। इसके अलावा बंगाल की नई मतदाता सूची जारी की गई है। कुल 58.20 लाख नाम काटे गए हैं। इससे पहले चुनाव आयोग ने 16 दिसंबर को पश्चिम बंगाल, राजस्थान, गोवा, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की थी। राजस्थान में भी 44 लाख नाम काटे गए हैं। आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 27 अक्टूबर को एसआईआर की घोषणा के समय इन राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 13.35 करोड़ मतदाता थे।

## जम्मू-कश्मीर के रतले हाइड्रो प्रोजेक्ट पर खतरा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में चिनाब नदी पर बन रहे रतले हाइड्रो प्रोजेक्ट पर खतरा मंडरा रहा है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक प्रोजेक्ट में काम कर रहे 29 मजदूरों के टेरर लिंक मिले हैं। ये कर्मचारी देश विरोधी और क्रिमिनल एक्टिविटी में शामिल थे।

पुलिस ने कंपनी से इन कर्मचारियों को काम पर रखने के फैसले पर फिर से विचार करने को कहा है। ऐसे लोग प्रोजेक्ट की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। कंपनी को ऐसे मजदूरों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए। 850 मेगावॉट क्षमता वाला यह प्रोजेक्ट नेशनल हाइड्रो पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड और जम्मू-कश्मीर सरकार का जॉइंट वेंचर है। जिसकी अनुमानित लागत 3700 करोड़ रुपये है। कंस्ट्रक्शन का काम मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को दिया गया है।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर मारपीट करने वाले पायलट को एयर इंडिया कंपनी ने ड्यूटी से हटाया

नई दिल्ली। एक ऑफ-ड्यूटी एयर इंडिया एक्सप्रेस पायलट को एक पैसेंजर पर दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल (आईजीआई) एयरपोर्ट पर हमला करने के आरोप के बाद सस्पेंड किया गया है, इससे पैसेंजर की सेफ्टी और एयरपोर्ट मैनेजमेंट को लेकर चिंता बढ़ी है। यह कथित घटना टर्मिनल-1 पर सिक्योरिटी चेक के दौरान हुई।

पीड़ित पैसेंजर कि पहचान अंकित दीवान के रूप में हुई है। पीड़ित ने बताया कि वे अपने परिवार के साथ यात्रा कर रहे थे, जिसमें एक चार महीने का बच्चा भी स्ट्रोलर में था। दीवान ने दावा किया कि एयरपोर्ट स्टाफ ने बच्चे की वजह से उनके परिवार को स्टाफ और पीआरएम सिक्योरिटी चेक का इस्तेमाल करने के लिए कहा। दीवान के अनुसार, कुछ स्टाफ मेंबर्स उनके आगे लाइन तोड़ने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तब उन्होंने आरोप लगाया कि कैप्टन वीरेंद्र नाम के एक पायलट ने उनकी पढ़ाई-लिखाई पर सवाल उठाकर पूछा कि क्या वह उन साइन को पढ़ नहीं सकते जो यह बताते हैं कि यह एंट्री स्टाफ के लिए है।

इसके बाद पैसेंजर और पायलट के बीच बात जल्द ही कहा-सुनी में बदल गई। इसके बाद दीवान ने आरोप लगाया कि पायलट ने फिर उन पर शारीरिक हमला किया, जिससे उन्हें चोट लगी और खून बहने लगा। इसके अलावा, पैसेंजर ने कहा कि इस घटना ने उनके परिवार की छुट्टी खराब कर दी और हमले को देखने के बाद उनकी बेटी सदमे में आ गई।

वहीं विमानन कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बयान में दिल्ली एयरपोर्ट पर अपने एक कर्मचारी से जुड़ी घटना को स्वीकार किया। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा, हमें दिल्ली एयरपोर्ट पर हुई घटना पर बहुत दुख है, जिसमें हमारा एक कर्मचारी शामिल था जो दूसरी एयरलाइन में पैसेंजर के तौर पर यात्रा कर रहा था।

# ट्रेन में जनरल टिकट का प्रिंट रखना जरूरी नहीं

नई दिल्ली। ट्रेन में सफर के लिए जनरल का प्रिंट रखना जरूरी नहीं है। भारतीय रेलवे ने जनरल यानी अनरिजर्व्ड टिकट को लेकर फैले एक कन्फ्यूजन को दूर कर दिया है। रेलवे ने कहा कि यूटीएस (अनरिजर्वड टिकटिंग




सिस्टम) मोबाइल एप से बुक किए गए टिकट का प्रिंटआउट लेना जरूरी नहीं है। यात्री सफर के दौरान अपने मोबाइल पर एप में शो टिकट ऑप्शन का इस्तेमाल करके टिकट चेकिंग स्टाफ को दिखा सकते हैं और यह पूरी तरह से वैलिड है।

यह सफाई एक वायरल वीडियो के बाद आई है, जिसमें एक टीटीई एक यात्री से यूटीएस एप से बुक किए गए टिकट का प्रिंटेड कॉपी मांगता दिख रहा था। इस वीडियो के कारण कई यात्रियों में यह भ्रम फैल गया था कि क्या अब उन्हें मोबाइल टिकट का भी प्रिंटआउट लेकर चलना होगा।

### एप में टिकट दिखाना ही काफी

रेल मंत्रालय ने आधिकारिक तौर पर बयान जारी किया। मंत्रालय ने बताया कि यूटीएस एप के शो टिकट सेक्शन में दिखाया गया अनरिजर्वड टिकट यात्रा के लिए एक वैध प्रमाण है। यात्री उसी डिवाइस पर डिजिटल कॉपी दिखा सकते हैं, जिससे टिकट बुक किया गया है। हालांकि, अगर किसी यात्री ने खिडक़ी या ऑनलाइन बुकिंग के बाद उसका प्रिंट निकाल लिया है, तो उसे सफर के दौरान वह फिजिकल टिकट साथ रखना होगा। ऐसा कोई नियम नहीं है जो यात्री को इसका प्रिंटआउट लेने के लिए कहता हो। रेलवे ने यह भी कहा कि टीटीई द्वारा प्रिंटेड कॉपी की मांग करना गलत है।

### वंदे भारत में अब मिलेंगी रीजनल डिश

वहीं, रेलवे यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए वंदे भारत ट्रेनों में रीजनल डिश (क्षेत्रीय व्यंजन) की शुरुआत कर रहा है। रेल मंत्रालय के मुताबिक, इस पहल का मकसद यात्रियों को उनके रूट के हिसाब से स्थानीय और पारंपरिक स्वाद उपलब्ध कराना है। अब ट्रेन में सफर के दौरान आपको महाराष्ट्र का कांदा पोहा से लेकर बिहार का मशहूर चंपारण चिकन और पनीर तक सर्व किया जाएगा।

### मेन्यू में चंपारण चिकन और मेथी थेपला शामिल

नई लिस्ट के मुताबिक, पटना-रांची वंदे भारत में चंपारण पनीर और पटना-हावड़ा रूट पर चंपारण चिकन मिलेगा। गुजरात के रूट पर चलने वाली ट्रेनों में यात्रियों को मेथी थेपला और मसाला लौकी परोसी जा रही है। वहीं, केरल की वंदे भारत ट्रेनों में अप्पम, केरल पराठा और पालाडा पायसम जैसे पारंपरिक व्यंजन मिलेंगे। पश्चिम बंगाल के रूट पर कोशा पनीर और आलू पोतोल भाजा का स्वाद लिया जा सकेगा।




# समाज सुधारक सन्त गाडगे बाबा की पुण्यतिथि पर सामाजिक बन्धुओं ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन

## जगह-जगह मनाई गई स्वच्छता अभियान के रचयिता संत गाडगे महाराज की 69वीं मनाई पुण्यतिथि

पद्मेश न्यूज ।बालाघाट।

महान समाज सुधारक एंव स्वछता के जनक संत गाड़गे बाबा महाराज ने अपने जीवन काल में विभिन्न अभियान चलाकर मानव को जीवन में निरोगी काया रखने का संदेश देकर समाज को जागृत किया, आखिरकार अस्पृश्ता, अज्ञानता, अंधविश्वास में नहीं पड़ने की सीख देकर, समाज को साफ सुथरा रहने की चेतना जगाकर ,संत सदा के लिये इस संसार से 20 दिसम्बर 1956 को विदा हो गये ।जिनकी पुण्यतिथि प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी 20 दिसंबर शनिवार को जिला धोबी (रजक) समाज सहित सामाजिक बंधुओ द्वारा जगह जगह मनाई गई ।जिसके तहत विशेष पूजा अर्चना, बाबा का जयघोष व श्राद्धाजंलि सहित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए ।पुण्यतिथि पर आयोजित समस्त कार्यक्रमो में जिला धोबी (रजक) समाज संरक्षक- हरिचंद कनोजिया, केशवराव भंडुरिया, दिलीप बंसारे, सुरेश श्रीवास्त्री, किशन अगुंठलेवार, जिला अध्यक्ष- अशोक कुमार रजक, उपाध्यक्ष भरत कनोजिया, सचिव- मुकेश मालवी, सहः सचिव- ईसूदयाल बड़पात्रे, कोषाध्यक्ष- जीवनलाल बड़गैया, सदस्य प्रबंध कार्य. - संतोष मालवी, पीतमलाल कनोजिया, भवनलाल जांगड़े, गणेश दूधमोंगरे, मदनलाल मालाधारी, भरत बांसरे सहित अन्य पदाधिकारी, सदस्य व सामाजिक बन्धु प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



### देर शाम तक विभिन्न कार्यक्रमों के किए गए आयोजन

संत गाडगे जी महाराज, जिन्होंने ता-उम्र शिक्षा, स्वच्छता एवं सामाजिक समरसता का ज्ञान दिया. उनका मानना था कि शिक्षा के लिए हो सके तो खाने के बर्तन बेच दो, टूटे-फूटे घर में रहकर गुजारा कर लो, लेकिन शिक्षा में व्यवधान मत आने दो ।ऐसे महान संत की 69 वी पुण्यतिथि जिलामुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलो में भी मनाई गयी ।जहां मुख्य कार्यक्रम का आयोजन भारत विकलांग स्कूल के पीछे बूढ़ी स्थित जिला धोबी (रजक)समाज सास्कृतिक भवन में किया गया। जहां संत गाडगे बाबा की पुण्यतिथि के इस प्रमुख अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए ।स्वच्छता अभियान के रचयिता संत गाडगे बाबा की पुण्यतिथि पर सामाजिक बंधुओं ने सामूहिक रूप से पूजा पाठ, सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठानो में भाग लेकर देर शाम में सकिर्तन का भी आयोजन किया गया। वही प्रसाद वितरण सहित अन्य कार्यक्रमों के साथ पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रमो का समापन किया गया।

### सुरभि नगर स्थित मंदिर में भी विभिन्न कार्यक्रमों के किए गए आयोजन

इसी कड़ी में नगर के वार्ड नंबर 23 सुरभि नगर स्थित संत गाडगे महाराज मंदिर में बाबा की 69 वीं पुण्यतिथि पर सामाजिक बंधुओ द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए ।जो सुबह से लेकर दिए शाम तक चलते रहे ।जहां मंदिर में सुबह से ही पूजन, पाठ, भजन, कीर्तन ,दही काला सहित अन्य आयोजन किए गए। वहीं देर शाम महाप्रसाद का वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## पुलिस लाइन सभागृह में हार्टफुलनेस योग कार्यक्रम आज

पद्मेश न्यूज ।बालाघाट। 21 दिसंबर को सुबह 9:30 बजे पुलिस लाइन स्थित सभागृह में हार्टफुलनेस (योग) कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं । कार्यक्रम का मुख्य शुभारंभ सुबह 10:00 बजे होगा, जिसमें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उपस्थित होंगे। इसके साथ ही जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी गण भी कार्यक्रम में भाग लेंगे और योग सत्र का शुभारंभ करेंगे। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन के महत्व को लेकर आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में योग के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने पर जोर दिया जाएगा।

आवश्यकता है

कार ड्राइवर की आवश्यकता है कार बुकिंग पर नही चलती वारासिवनी के आसपास के ड्राइवर ही सम्पर्क करें अच्छा वेतनमान

इस नबंर पर सम्पर्क करें
9329595770

## नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता और ई-अटेडेस बंद करने को लेकर राज्य शिक्षक संघ का ज्ञापन आज

**पद्मेश न्यूज ।बालाघाट।** राज्य शिक्षक संघ जिला सचिव लक्ष्मी ठाकरे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष जगदीश यादव के आव्हान पर 21 दिसंबर 2025 को जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से अध्यापक संवर्ग की वर्षों से लंबित प्रमुख मांग नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता और ई-अटेडेस व्यवस्था बंद करने को लेकर जिला कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा जाएगा ।जिसके लिए जिले के समस्त शिक्षक साथी दोपहर 1 बजे मोती गार्डन बालाघाट में उपस्थित होकर एक संक्षिप्त सभा करेंगे ।जिसके उपरांत सभी शिक्षक रैली निकाल कर अपनी मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम जिला प्रशासन को सौंपेंगे ।विज्ञप्ति के माध्यम से सभी शिक्षक साथियों को उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील प्रांतीय महासचिव देवेन्द्र तिवारी, जिला अध्यक्ष योगेश बिसेन, जिला कार्यकारी अध्यक्ष नरेन्द्र राणा, जिला सचिव लक्ष्मी ठाकरे, पुरानी पेंशन बहाली संघ के जिला अध्यक्ष बी के पटेल, सह सचिव हुकुमचंद



चौहान, मीडिया प्रभारी कोमल ठाकरे, कोषाध्यक्ष ललित ठाकरे, जिला संरक्षक श्याम बिसेन, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र गोखले, वरिष्ठ मार्गदर्शक शरद ज्योतिषी सलाहकार मंडल से अवधनारायण त्रिपाठी, खेमनलाल लिल्हारे, अरूण भगत, जिला कार्यकारिणी सदस्य राकेश तुरकर, सुरेश डोंगरे, सुरेश हरिनखेडे, नन्द किशोर पटले गिरीश कुमार चौधरी, गिरधर राहंगडाले, श्रीमती देवकन भगत, गिरधारी ठाकरे, कृष्ण कुमार बावनकर, अशोक भगत, श्रीमती विभूति सहारे पुरानी पेंशन बहाली संघ महिला मोर्चा जिला प्रमुख ,श्रीमती ललिता चौधरी, श्रीमती वैशाली तिवारी, श्रीमती रजनी चौहान, श्रीमती निलिमा बिसेन, श्रीमती इंदिरा पटले, श्रीमती सगुफ्ता रंगरेज, श्रीमती सुनीता शुक्ला, अरूण कुमार गोयल ब्लाक अध्यक्ष लालबर्रा, जैनेन्द्र बेदरे, अरविन्द कोरे, लोकराम जैतवार, भूमेश्वर बिसेन, बी के बिसेन, कुमुद कांत राहंगडाले, शरणागत, अरूण पटले, गणराज बिसेन एवं समस्त ब्लाक एवं जिला पदाधिकारियों ने की है।

## पिकअप की टक्कर से काजल घायल

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** शंकर साव पटेल शासकीय महाविद्यालय के गेट के सामने अज्ञात पिकअप वाहन की टक्कर से २४ वर्षीय युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। यह घटना उस समय हुई जब काजल फाहे पैदल अपने किसी कार्य से जा रही थी। वर्तमान में घायल का उपचार गोंदिया हायर सेंटर में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार काजल पिता उमेन्द्र फाहे उम्र २४ वर्ष सिकंद्रा निवासी अपने किसी कार्य के लिए निकली थी। जो शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय के सामने से गुजर रही थी। तभी उसके गेट के पास में अज्ञात पिकअप वाहन के द्वारा पैदल चल रही युवती को जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर उपस्थित लोगों के द्वारा दौड़कर पिकअप वाहन को रुकवाया गया । वहीं घायल युवती को शासकीय सिविल अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार कर बालाघाट रिफर कर दिया गया। जिला चिकित्सालय में भी आवश्यक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रिफर कर दिया गया है। इस दुर्घटना में काजल



फाहे को हाथ पैर सर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में अंदरूनी और बाहरी चोटे आई है।

आवश्यकता है


दुकान में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है
पद-03 पद
मिलने का समय प्रातः-10.30 से रात्रि 8.30 बजे तक
संपर्क करें-गीता प्लाई एण्ड हार्डवेयर सिंधु भवन के बाजु में गोंदिया रोड, बालाघाट
मो.-9425139039

# मालगाड़ी की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

## बालाघाट से गोंदिया रेलवे मार्ग स्थित कोसमी बंदरझिरिया में दर्दनाक हादसा

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

शनिवार की दोपहर करीब 3 बजे बालाघाट-गोंदिया रेलवे मार्ग स्थित कोसमी बंदरझिरिया से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जहां मालगाड़ी की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई ।जिससे परिसर में हड़कंप मच गया। मृतक बुजुर्ग का नाम सरस्वती नगर वार्ड नंबर 28 निवासी 60 वर्षीय प्रहलाद पिता हीरालाल गेड़ाम बताया गया है ।उधर हादसे के तुरंत बाद मालगाड़ी ड्राइवर ने मामले की सूचना बालाघाट स्टेशन प्रबंधक व आरपीएफ चौकी बालाघाट को दी। लेकिन कार्यक्षेत्र रेलवे का नहीं होने के चलते आरपीएफ चौकी द्वारा नवेगांव पुलिस को मामले से अवगत कराया गया ।जिसके उपरांत नवेगांव पुलिस ने बुजुर्ग के शव को बरामद कर आवश्यक कार्यवाही कर शव को पोस्मार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुचाया है ।हालांकि यहा हादसा कैसे हुआ फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। ग्रामीण थाना नवेगांव पुलिस द्वारा इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



### कोई कह रहा हादसा, तो कोई बता रहा आत्महत्या

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को जबलपुर से चलकर गोंदिया की तरफ जाने वाली मालगाड़ी बालाघाट रेलवे स्टेशन से गोंदिया रेलवे स्टेशन के लिए दोपहर करीब 3 बजे निकली थी, बताया गया की रेलवे किलोमीटर 104/7जे कोसमी बंदर झरिया के पास बुजुर्ग प्रहलाद गेडाम इस मालगाड़ी की चपेट में आ गया, जिससे जिसकी मौके पर ही मौत हो गई ।उधर मालगाड़ी की चपेट में आने से स्थानीय लोगों में कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। लोग दौड़े दौड़े रेलवे ट्रैक पर पहुंचे लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी ।जहा मालगाड़ी से कटने से बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो चुकी थी ।इसके बाद से ही इस परिसर में तरह-तरह की चर्चाएं आम है कोई इसे हादसा बता रहा है तो कोई इसे आत्महत्या बता रहा है।

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

उधर सूचना मौका स्थल पर पहुंची नवेगांव पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया ।वही परिजनों के बयान दर्ज कर अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी की गई। हालांकि यहां हादसा कैसे हुआ फिलहाल इसकी जानकारी किसी को नहीं है। जिसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

## आम सूचना

सूचना हो कि ग्राम डोंगरिया, प.ह.क्र. 17/73 रा.नि.मं.-तह0 वारासिवनी, जिला बालाघाट में श्रीमति हिरमोती पांचे, मोतनबाई बाहे व अन्य 4 के शामिल-शरीक नाम से खसरे में दर्ज किन्तु अलग-अलग मालिकी व अलग-अलग कब्जे-जोत की खसरा क्र. 291/3 रकबा 0.0138 हेक्ट., खसरा क्र. 291/4/6 रकबा 0.243 हेक्ट0, खसरा क्र. 299/5 रकबा 0.357 हेक्ट., खसरा क्र. 301/2/9 रकबा 0. 105 हेक्ट. कुल रकबा 0.843 हेक्टेयर (2.10 एकड़) भूमि स्थित है जिसमें से रकबा 1.12 एकड़ भूमि हिरमोतीबाई और मोतनबाई के कब्जे व जोती की भूमि है जिसे इस सूचना में 卐सौदेशुदा भूमि卐 कहा गया है। सौदेशुदा भूमि हिरमोतीबाई पांचे एवं मोतनबाई बाहे, द्वारा मेरे पक्षकार श्री अंशुल आत्मज श्री राधेलाल चौहान, निवासी ग्राम लेण्डेझरी, जिला बालाघाट को विक्रय करने का लिखित अनुबंध दि0 15.06.2025 को करते हुए बड़ी रकम बतौर बयाना प्राप्त की है जिसका विक्रय पत्र दि0 15.12.2025 को निष्पादित किया जाना था किन्तु विक्रेता हिरमोतीबाई एवं उसकी पुत्री करिश्मा द्वारा तय कीमत से अधिक कीमत की अनुचित माँग करते हुए, माँग पूरी न करने पर विक्रय पत्र निष्पादित करने से इंकार कर अनावश्यक विवाद पैदा कर दिया गया है, इसलिए मेरे पक्षकार द्वारा सौदेशुदा भूमि के विक्रय अनुबंध के विनिर्दिष्ट पालन हेतु विक्रेताओं के विरूद्ध सिविल न्यायालय वारासिवनी में सिविल वाद प्रस्तुत किया जा रहा है। इसलिए सौदेशुदा भूमि भावी सिविल वाद की विषयवस्तु होकर विवादित भूमि है जिसे विक्रेताओं को मेरे पक्षकार के विक्रय अनुबंध पत्र के प्रभावी रहते हुए अन्यत्र अंतरित करने का कोई कानूनी हक नहीं है। अतः सूचना हो कि कोई भी व्यक्ति इस सूचना के प्रकाशन के बाद सौदेशुदा भूमि किसी भी रूप में अपने पक्ष में अंतरित/अर्जित/भारित करने हेतु अग्रसर न हो। यदि कोई भी व्यक्ति, इस सूचना के प्रकाशन के बाद सौदेशुदा भूमि को अपने पक्ष में अर्जित / अंतरित / भारित करता है या ऐसा करने का प्रयत्न या अनुबंध करता है तो ऐसा अर्जन/अंतरण/भारण या उसका अनुबंध, अवैधानिक और अनाधिकृत होकर मेरी पक्षकार के विरूद्ध बंधनकारी, प्रभावी और प्रवर्तनीय नहीं होगा और मेरे पक्षकार द्वारा सँस्थित किए जाने वाले सिविल वाद में न्यायालय द्वारा पारित की जाने वाली डिक्री के अधीन होगा।

**जितेन्द्र मंगलानी, वकील**
**(बालाघाट 88033-88433)**

### महिला को पति से काम धंधा नहीं करते कहना पड़ा महंगा

## पति ने लाठी मार कर सिर फोड़ा

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** बिरसा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम माटे के छापरटोला में एक महिला को अपने पति से काम धंधा नही करते कहना उस समय महंगा पड़ गया जब इस महिला को उसके पति ने लाठी से मारपीट कर घायल कर दिया और उसे जान से मार डालने की धमकी दे दी।। पति द्वारा लाठी से की गई मारपीट में घायल महिला कविता बाई पति कृपाल सिंह धुर्वे 45 वर्ष छापरटोला निवासी को बिरसा के अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कविता बाई धुर्वे खेती किसानी का काम करती है । जिसके परिवार में पति कृपाल सिंह धुर्वे के अलावा दो बच्चे निलेश और शिवराज सिंह धुर्वे है ।सभी साथ में रहते हैं ।19 दिसंबर को 12:00 बजे करीब कविता बाई अपने घर में थी और उसका पति कृपाल सिंह धुर्वे कहीं बाहर गए थे। जो काफी देर बाद घर आए तभी कविता बाई ने उन्हें बोली कि तुम काम धंधा नहीं करते हो और यहां वहां घूमते फिरते रहते हो। कविता बाई के यह कहते ही कृपाल सिंह धुर्वे आवेश में आ गया और उसने पत्नी कविता बाई को बहुत चिल्लाती है कहकर उसे अश्लील गालियां देने लगा ।कविता बाई ने उसे गाली देने से माना कि तभी कृपाल सिंह धुर्वे ने पास रखी लाठी उठाकर कविता बाई को मारपीट करने लगा। लाठी का वार सिर में लगने से कविता बाई का सर फट गया। उसे समय कविता बाई के दोनों बेटे घर में थे। जिन्होंने बीच बचाव किये। इसके बाद उसके बाद कृपाल सिंह धुर्वे ने अपनी पत्नी कविता बाई धुर्वे को घर से निकल जाने अन्यथा जान से खत्म करने की धमकी दे दी। मारपीट में घायल कविता बाई अपने दोनों बच्चों के साथ अपना इलाज करवाने के बिरसा अस्पताल पहुंची। जहां उसे भर्ती किया गया। बिरसा पुलिस ने कविता बाई धुर्वे द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसके पति कृपाल सिंह धुर्वे पिता झगडु सिंह धुर्वे के विरुद्ध कविता बाई को मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

## मनरेंगा का नाम बदलने पर आज होंगा विरोध

**पद्मेश न्यूज ।बालाघाट।** भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलने के निर्णय को लेकर विरोध तेज हो गया है। विपक्ष का आरोप है कि यह बदलाव सबसे महत्वपूर्ण जन-कल्याणकारी कानून से महात्मा गांधी के नाम और मूल्यों को मिटाने की सुनियोजित राजनीतिक साजिश है। इस योजना में राज्यों पर हिस्सेदारी का बोझ डालकर केन्द्र सरकार अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है, और यह परिवर्तन जनता के काम के कानूनी अधिकार को ही समाप्त करने जैसा कदम है। इस साजिश के खिलाफ आज 21 दिसंबर को हनुमान चौक में गांधी जी की प्रतिमा के सम्मुख विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया हैं । यह कार्यक्रम दोपहर 1:00 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर समस्त विधायक गण, जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व सांसद और पूर्व विधायक गण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## मधुमक्खी के हमले में दो घायल

**पद्मेश न्यूज ।बालाघाट।** मधुमक्खी के हमले में दो व्यक्ति घायल हो गए ।जिनमे एक घायल प्रमेन्द्र यशवंत राव नेवारे 41 वर्ष ग्राम भांडी थाना वारासिवनी निवासी को जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। वही एक अन्य घायल कन्हैया पिता कोपसिह उइके 31 वर्ष ग्राम बड़गांव थाना परसवाड़ा निवासी को जिला अस्पताल बालाघाट में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेमेंद्र नेवारे मजदूरी करता है ।20 दिसंबर को 1:00 बजे करीब प्रमेन्द्र नेवारे बालाघाट नगर समीप ग्राम देवटोला नहर के पास कालम गड्डा खोद रहा था ।तभी मधुमक्खी के झुंड ने उसे पर हमला कर दिया और उसके चेहरे हाथ गरदन को काट दिया। जैसे तैसे प्रमेन्द्र नेवारे अपने को मधुमक्खी से बचाया और



अपने बेटे के साथ मोटरसाइकिल में जिला अस्पताल पहुंचा। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। इसी प्रकार कन्हैया उइके के ग्राम बड़गांव परसवाड़ा निवासी मिस्त्री का काम करता है। 20 दिसंबर को 10:00 बजे कन्हैया उइके बालाघाट रेलवे स्टेशन के पास काम कर रहा। था तभी मधुमक्खी ने उसे पर हमला कर दिया। मधुमक्खी के हमले में घायल कन्हैया जिला अस्पताल पर पहुंचा। जिसे जिसे जिला अस्पताल बालाघाट से प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।।

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध

लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

निर्माता

तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स

मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट

फोनः- 07632-243531

मोः- 8989976858, 9425139998

**बालाघाट सिटी न्यूज़**

पद्मेश न्यूज
बालाघाट एक्सप्रेस



/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

# सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर युवती से हुई 22 हजार की धोखाधड़ी

## कथित आरक्षक सुरेन्द्र कुमार दिवाकर गिरफ्त से बाहर

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**पढाई पूरी करने के बाद भी, नौकरी ना मिलने के चलते शिक्षित बेरोजगारों के आंकड़े लगातार बढ़ते जा रहे हैं।जिसके चलते बेरोजगार युवा किसी भी तरीके से सरकारी नौकरी की चाह में अपनी गाढी कमाई खर्च कर, लगातार ठगी के शिकार हो रहे हैं।सरकारी नौकरी देने के नाम पर पैसों की ठगी के लगातार बढ़ते जा रहे मामलों के बीच अब टेलीग्राम विभाग में सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर एक युवती के साथ 22 हजार रु की धोकाधड़ी किए जाने का एक मामला सामने आया है।जहां ठगी का अहसास होने पर तहसील खैरलांजी थाना रामपायली के ग्राम नवेगांव वार्ड नं 19 निवासी युवती शांतनु पिता सन्तोष सुलाखे ने कथित पुलिस के आरक्षक सुरेंद्र कुमार दिवाकर पर पैसो की ठगी किए जाने का आरोप लगाया है।जिसने अपने परिचितों के साथ एसपी कार्यालय में एक ज्ञापन सौपकर हाल मुकाम गायखुरी में किराए के कमरे में रहने वाले कथित पुलिस आरक्षक सुरेंद्र दिवाकर पर 22 हजार रु की धोकाधड़ी किए जाने का आरोप लगाया है।जिन्होंने सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर ली गई रकम उन्हें वापस करने, कथित आरक्षक दिवाकर पर एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार करने, और उसपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।**




### क्या है पूरा मामला

आवेदिका शांतनु सुलाखे द्वारा एसपी कार्यालय में सौपे गए ज्ञापन में इस बात का उल्लेख किया गया कि वह बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा है उसकी क्लासमेट रीतु पिता सुभाष मानेश्वर निवासी ग्राम बेनी तह. खैरलॉजी ने उसे बताई कि कोई पुलिसवाले है जिसका नाम सुरेन्द कुमार दिवाकर है वह पैसे लेकर शासकीय नौकरी लगाने के लिये कह रहे है,जिसपर मैंने कही की मै उनसे मिलुगी, दोनो सुरेन्द्र कुमार दिवाकर से मिले मुझे उस पुलिसवाले ने कहा कि मै तुमको नौकरी लगा दूगा इसके बदले मुझे पहली किस्त 7,000/- रूपये फार्म, अन्य प्रक्रिया के लिये देने पडेगे।इसपर युवती ने सितम्बर 2025 मे अपने दस्तावेज के साथ 7,000/- रूपये उसका फोन पे नम्बर 9926017827 में ट्रांसफर किये, इसके बाद कथित आरक्षक के कहने पर उसी नंम्बर पर 18 सितम्बर 2025 को 10,000 रु तो वही 27 नवम्बर 2025 को 5,000/- रूपये फोन पे पर ट्रांसफर किये।उसके बाद भी कथित आरक्षक दिवाकर द्वारा मुझे फिर पैसे मांगा तो मैने देने से इंकार कर दी और अपना दिया हुआ पैसा वापस मांगी तो अनावेदक कुछ दिनों तक मुझे टालमटोल करते रहा और अभी 15 दिनों से फोन स्विच आफ बता रहा है। जिसकी लिखित रिपोट मैने थाना कोतवाली बालाघाट में 18 दिसम्बर 2025 को दर्ज कराई।लेकिन अब तक आरोपी कथित आरक्षक को गिरफ्तार नही किया गया है।

### 2 से 3 बार ऐसी ही धोखाधड़ी कर चुका है सुरेंद्र दिवाकर

हालांकि कथित आरक्षक सुरेंद्र कुमार दिवाकर कौन है फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।लेकिन बताया गया कि सुरेंद्र कुमार दिवाकर नगर के गायखुरी वार्ड नंबर 33 स्थित रामगली में किराए के कमरे पर निवास करता है, जो अपने आप को पुलिस आरक्षक बताता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुरेंद्र कुमार दिवाकर 36वीं बटालियन कनकी में मेंसन के पद पर पदस्थ है, जानकारी के अनुसार यह कोई पहला मामला नहीं है कि जब सरकारी नौकरी लगने के नाम पर सुरेंद्र कुमार दिवाकर ने किसी से पैसों की धोखाधड़ी की हो, बल्कि सूत्र बताते हैं कि इसके ऊपर पूर्व में भी 2 से 3 अपराध नौकरी लगने के नाम पर पैसों की ठगी करने के दर्ज हो चुके हैं। बावजूद इसके भी सुरेंद्र कुमार दिवाकर अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहा है और वह युवाओं को सरकारी नौकरी के हसीन सपने दिखाकर पैसों की धोखाधड़ी करने में लिप्त है।

### पुलिस की छबि हो रही धूमिल

स्वयं को पुलिस आरक्षक बताकर सरकारी नौकरी लगने के नाम पर युवती से की गई धोखाधड़ी के इस मामले में क्या कार्यवाही होती है यह तो आने वाला वक्त बताएगा।बहरहाल देखना यह दिलचस्प रहेगा कि पुलिस अधीक्षक से की गई इस शिकायत के बाद नौकरी के नाम पर पैसों की ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस क्या एक्शन लेती है क्योंकि कहीं ना कहीं अपने आपको आरक्षक बताकर आरोपी द्वारा पुलिस की छवी को भी धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

### मामले में मुझे न्याय दिया जाए- शांतनु

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान तहसील खैरलांजी थाना रामपायली,ग्राम नवेगांव 3 वार्ड नंबर 19 निवासी पीडि़ता शांतनु सुलाखे ने बताया कि वह प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही है, किसी सहेली के माध्यम से उसकी पहचान सुरेंद्र कुमार दिवाकर से हुई थी जिसने अपने आपको पुलिस आरक्षक बताते हुए सरकारी नौकरी लगे जाने के नाम पर नगद 7000रु और आवश्यक दस्तावेज मांगे थे। उसके बाद आरोपी द्वारा नौकरी लगाकर नहीं दी गई, वही नौकरी के लिए पुन: एक बार 10000रु तो वही एक बार 5000 ऐसे कुल 22000 रु मांगे गए, जो उन्होंने फोन पे के माध्यम से दिए है। जब नौकरी देने की बात कही गई तो वह टालमटोल करने लगा ठगी का एहसास होने पर वे एसपी कार्यालय में ज्ञापन सौपने आई है। हमारी मांग है कि सुरेंद्र कुमार दिवाकर से 22000 की रकम वापस दिलाई जाए, वही उसपर एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की जाए ताकि दूसरों के साथ ऐसा धोखा ना हो।

## न्यूज गैलरी

### आंगन से ट्रैक्टर हटाने के विवाद को लेकर दो लोग आपस में भिड़े

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** किरनापुर थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम सेवती में आंगन से ट्रैक्टर खड़ा करने की विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भीड़ गए और हुई मारपीट में दोनों लोग घायल हो गए। दोनों घायल जिनमें रूपेंद्र पिता तुकाराम बहेकार 45 वर्ष और मुकेश पिता दुलीचंद बावने 20 वर्ष दोनों ग्राम सेवती निवासी का इलाज किरनापुर के अस्पताल में किया गया वहीं किरनापुर पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रूपेंद्र बहेकार अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता है। वही उसके घर के सामने रहने वाले पड़ोसी मुकेश बावने ड्राइवरी करता है और वह वर्तमान में किरनापुर के राहुल ऐड़े का ट्रैक्टर चलाता हैऔर ट्रैक्टर रूपेंद्र बहेंकार के घर के सामने आंगन में खड़ा करता है। 20 अक्टूबर को 10-30 बजे करीब मुकेश बावने ने रूपेंद्र बहेकार के घर के सामने आंगन में ट्रेक्टर खड़ा कर दिया था। रूपेंद्र बहेकार की मां ने मुकेश बावने को आँगन से ट्रैक्टर हटाने के लिए बोली थी। मुकेश बावने, रूपेंद्र बहेकार की मां को ट्रैक्टर हटाने से मना करते हुए अश्लील गालिया देने लगा था। तभी वहां रूपेंद्र बहेकार आ गया और उसने मुकेश बावने को गालिया देने से मना करते हुए उसे आंगन से ट्रैक्टर हटाने के लिए बोला। किंतु मुकेश बावने ट्रैक्टर हटाने से मना कर दिया। ट्रैक्टर नही हटाने को लेकर रूपेंद्र बहेकार और मुकेश बावने दोनों के बीच मारपीट हो गई।। मुकेश बावने ने रूपेंद्र बहेकार को हाथ बुक्के से मारपीट करते हुए उसे हाथ में पहने कड़ा आंख के ऊपर मार दिया। इसी दौरान मुकेश बावने की मां प्रमिला बावने बीच बचाव करने आई तो रूपेंद्र बहेकार ने उसे भी हाथ बुक्के से मारपीट कर दिया। रूपेंद्र बहेकार और मुकेश बावने के बीच हुई मारपीट में दोनों घायल हो गए। इस दौरान मुकेश बावने ने रूपेंद्र बहेकार को ट्रैक्टर हटाने मना करने पर जान से मार डालने की धमकी दे दी। बीच बचाव के बाद मारपीट में घायल रूपेंद्र बहेकार और मुकेश बावने रिपोर्ट करने के लिए किरनापुर पुलिस थाना पहुंचे। किरनापुर पुलिस ने दोनों घायल का इलाज और मुलाहिजा अस्पताल में करवाये और दोनों के द्वारा की गई रिपोर्ट पर दोनो के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।



# गणितज्ञ रामानुजन सप्ताह के अन्तर्गत 02 दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन आज

**पद्मेश न्यूज।बालाघाट।** नगर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में गणितज्ञ रामानुजन सप्ताह के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का रविवार को समापन किया जाएगा। जहां आयोजित इस राष्ट्रीय सेमिनार के प्रथम दिन शनिवार 20 दिसंबर को देश के विभिन्न राज्यों से आए गणितज्ञों ने विद्यार्थियों को गणित के आसान टिप्स बताएं।तो वहीं उन्होंने भारतीय परंपरा में गणित की महानता को लेकर व्याख्यान दिया।आयोजित इस राष्ट्रीय सेमिनार की शुरुवात उपस्थित अतिथियों एवं प्राचार्य महोदय द्वारा दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना के माध्यम से की गई। स्वागत गीत एवं पुष्पगुछ, शॉल श्रीफल के माध्यम से अतिथियों का सम्मान किया गया।जहा आमंत्रित वक्ताओ गणित ने भारतीय ज्ञान परम्परा में गणित के अंतर्गत चारों वेदों के साथ-साथ आयुर्वेद, धनुर्वेद के बारे में बताया।उन्होंने बताया कि चाहे कला का कोई भी क्षेत्र हो वास्तुकला या स्थापत्य सभी में गणित का योगदान है।गणित के क्षेत्र में प्रचलित सुल्व सूत्र जो पायथागोरस प्रमेय से भी पहले भारत में प्रचलित था। वैदिक काल में बड़ी से बड़ी संख्याओं की गणना की गयी। उन्होंने वरामिहिर, आर्यभट्ट, ब्रहमगुप्त, भास्कराचार्य आदि गणितज्ञ के द्वारा लिखे ग्रंथों एवं इनके गणित के क्षेत्र में दिये योगदान से भारतीय ज्ञान परम्परा के वृहद भण्डार पर प्रकाश डाला।




### हमारी चुराए हुए फार्मूले पर विदेशियों का कब्जा

वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम गणित के क्षेत्र में रामानुजन के विशेष योगदान के बारे में बताया। फिफ्थ पाईट थैवरी के अंतर्गत मेपिंग- सेल्फ मेपिंग, कॉमन फिफ्थ पाईट थैवरी के माध्यम से रामानुजन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। वही रामानुजन के जीवन पर संक्षेप में प्रकाश डालते हुये बताया कि इन्होंने हाईली कम्पोजिट नम्बर पर शोध कार्य किया। आपने रामानुजन के विभिन्न एप्लीकेशन पार्टिकल फिजिक्स, कम्प्यूटर साइंस, स्पेस साइंस, क्रिप्टोग्राफी, मेडीकल साइंस में मॉक थिटा फंक्शन के माध्यम से कैंसर थेरेपी सिंगनल प्रोसेसिंग, हार्ड हेक्जागान मॉडल आदि का वर्तमान समय में विभिन्न प्रोद्योगिकी क्षेत्र में इनके उपयोग एवं सार्थकता के बारे में बताया।वही दैनिक जीवन में गणित के महत्व पर प्रकाश डाला गया।उन्होंने सुल्व सूत्र के संबंध मे चर्चा की साथ ही भारत के विभिन्न गणितज्ञ आर्यभट्ट, ब्रम्हगुप्त, वरामिहिर के योगदान पर प्रकाश डाला। बताया गया की गणित के ऐसे कई मेथड हैं जिन पर विदेशियों ने अपना कब्जा कर अपना नाम दुनिया के सामने रखा है, जबकि विदेशियों ने हमारे गणित और मेथड को चुराकर उसे अपना नाम दिया है।

### रामानुजन सप्ताह के तहत रोजाना किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम

कार्यक्रम में बताया गया कि महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुज का जन्म 22 दिसंबर 1887 को हुआ था और 26 अप्रैल 1920 को उनकी मृत्यु हो गई थी। इन्हें आधुनिक काल के महानतम गणित विचारकों में गिना जाता है।इन्हें गणित में कोई विशेष प्रशिक्षण नहीं मिला फिर इन्होंने विश्नैषण एंव संख्या के सिद्धांत के क्षेत्रों में गहन योगदान दिए है। इन्होंने अपने प्रतिभा और लगन से न केवल गणित के क्षेत्र में अद्धुत अविष्कार किए वरन भारत को अतुलनीय गौरव भी प्रदान किया हैं।भारत के महान गणितज्ञ रामानुजन अल्प आयु(38 वर्ष) में ही इस दुनिया को छोड़कर चले गए थे ।लेकिन अल्पआयु में ही उन्होंने गणित के जो बड़े-बड़े कार्य कर गए है।उन्हें दुनिया आज भी सिद्ध नहीं कर पाई है। इसलिए उन्हें भारत का महान गणितज्ञ भी कहा जाता है।प्रतिवर्ष पूरे देश में 22 दिसंबर के दिन को राष्टीय गणित दिवस मनाया जाता है ।जहां महान गणितज्ञ रामानुजन को याद कर उनके गणित के क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना की जाती है ।22 दिसंबर को मनाए जाने वाले इस राष्टीय गणित दिवस के अवसर पर नगर के पीजी कॉलेज में रामानुजन सप्ताह का आयोजन किया गया है जहां 16 से 22 दिसंबर तक आयोजित इस सप्ताह के तहत रोजाना ही विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं ।जिसका समापन 22 दिसंबर सोमवार को किया जाएगा।

### कल पुरस्कार वितरण के साथ किया जाएगा समापन- विजेवार

चर्चा के दौरान सहायक प्राध्यापक डॉ योगेश कुमार विजेवार ने बताया कि रामानुजन सप्ताह के तहत दो दिवसीय सेमिनार व 20 प्रकार विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। आज सेमीनार के प्रथम दिन देश के विभिन्न कोनो से आए विषय विशेषज्ञों ने गणित विषय को लेकर आवश्यक जानकारियां दी है जिसमें उन्होंने गणित से डरने की जगह उसे समझने की बात बताई है। वही बहुत सारे मेथर्ड बताए हैं ।जिसका उपयोग कर गणित को समझा जा सकता है रामानुजन सप्ताह के तहत यह कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं सेमिनार का समापन रविवार को किया जाएगा इसके अगले दिन 22 दिसंबर को वाद विवाद, मेहंदी प्रतियोगिता के अलावा प्रश्न मंच, लिखित प्रश्न मंच, मौखिक प्रश्न मंच, स्व.रचित, कविता पाठ, रंगोली प्रतियोगिता, तत्कालीन भाषण प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता सहित 20 प्रकार की प्रतियोगिताओ भाग लेने वाले प्रतिभागियों और प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर रामानुजन सप्ताह का समापन किया जाएगा।

# नपा. में स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम आगमन को लेकर चर्चाएं तेज

## टीम के आने की अटकलों से दिनभर बना रहा माहौल

**पद्मेश न्यूज।बालाघाट।** नगर पालिका बालाघाट में एक बार फिर स्वच्छता सर्वेक्षण टीम के आगमन को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। 20 दिसंबर को दिनभर नगर पालिका परिसर और शहर में स्वच्छता टीम के आने को लेकर दबे मुंह चर्चाएं चलती रहीं। कुछ लोगों का मानना है कि स्वच्छता सर्वेक्षण से पूर्व यह टीम केवल स्वच्छता से जुड़े मापदंडों और दिशा-निर्देशों की जानकारी देने के लिए पहुंच सकती है, ताकि नगर पालिका आगामी सर्वेक्षण की तैयारी कर सके। कुछ अन्य लोगों का कहना है कि यह टीम सीधे पुराने पैटर्न पर स्वच्छता सर्वेक्षण करने के उद्देश्य से शहर का निरीक्षण कर सकती है। नगर पालिका प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर बनी हलचल से यह साफ है कि आने वाले दिनों में नगर पालिका की स्वच्छता व्यवस्थाओं की कड़ी परीक्षा हो सकती है।




स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका द्वारा पहले से ही सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि शहर को बेहतर रैंकिंग दिलाई जा सके। बालाघाट नगर पालिका द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर अंक प्राप्त करने के लिए किए जा रहे प्रयासों को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। नगर में यह चर्चा तेज हो गई है कि स्वच्छता में अच्छे अंक दिलाने के लिए नगर पालिका एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है, जबकि इससे जुड़े कई बाते पहले भी सामने आ चुकी हैं। नगर पालिका के विपक्षी पार्षदों का आरोप है कि स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के उद्देश्य से नगर पालिका के स्वच्छता शाखा के अधिकारी-कर्मचारी पहले से ही सर्वे टीम की मैनेज कर लेते हैं। आरोपों के अनुसार टीम के आने-जाने, ठहरने और खाने-पीने का पूरा खर्च नगर पालिका द्वारा वहन किया जाता है और इसके बदले सर्वे टीम नगर पालिका को अच्छे अंक देती है। पार्षदों का यह भी कहना है कि कई बार सर्वेक्षण टीम को उन्हीं स्थानों का निरीक्षण कराया जाता है, जहां पहले से साफ-सफाई और व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त रहती हैं, जबकि शहर के अन्य क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति सामने नहीं लाई जाती।

इसी क्रम में 20 दिसंबर को एक बार फिर नगर पालिका में स्वच्छता सर्वेक्षण टीम के आने की चर्चाएं तेज हो गईं। सूचना मिलते ही कुछ पार्षदों और नगर पालिका के पक्ष-विपक्ष के सभापतियों ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन किसी ने भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी। सूत्रों के अनुसार, कुछ लोगों का दावा है कि स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम शहर में पहुंच चुकी है और निजी होटल में ठहरी हुई है, जिसका खर्च नगर पालिका की स्वच्छता शाखा द्वारा उठाया जा रहा है। हालांकि इस संबंध में नगर पालिका की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इस विषय पर जब नगर पालिका के एक वरिष्ठ पार्षद से चर्चा की गई, तो उन्होंने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर बताया कि उन्हें भी सुबह से यह जानकारी मिल रही है कि स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम बालाघाट आई हुई है। उन्होंने बताया कि जब इस संबंध में उन्होंने स्वास्थ्य शाखा के एक कर्मचारी से जानकारी ली, तो शुरुआत में कर्मचारी द्वारा टीम के आगमन से इंकार किया गया।

### सर्वेक्षण के लिए मार्गदर्शन देने आई है टीम

पार्षदों के अनुसार, बार-बार पूछने पर कर्मचारी ने बताया कि जो टीम फिलहाल बालाघाट आई है, वह स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए मार्गदर्शन देने आई है। यह टीम शहर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने, साफ-सफाई किस तरह की जाए और किन बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए, इस संबंध में जानकारी दे रही है। पार्षद ने यह भी कहा कि कुछ लोगों द्वारा यह दावा किया जा रहा है कि स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम ने शहर में अपना कार्य शुरू कर दिया है। इसके चलते नगर पालिका में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। इस पूरे मामले को लेकर नगर पालिका या स्वच्छता शाखा की ओर से कोई स्पष्ट या लिखित बयान सामने नहीं आया है, जिससे स्थिति पूरी तरह साफ हो सके। ऐसे में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर चर्चाओं और अटकलों का दौर जारी है।

# सेवती में धान व्यापारी के यहां की गई कार्यवाही 635 क्विंटल धान का स्टॉक जब्त

**पद्मेश न्यूज।बालाघाट।** जिले की किरनापुर तहसील अंतर्गत ग्राम सेवती में 20 दिसंबर को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मिलन तिवारी एवं मंडी निरीक्षक भीमेंद्र चौधरी द्वारा धान व्यापारी मनीष असाटी के प्रतिष्ठान मेसर्स असाटी ट्रेडर्स का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान व्यापारी के यहां 635 क्विंटल धान का स्टॉक पाया गया, जिसे नियमानुसार जब्त करते हुए व्यापारी की सुपुर्दगी में दिया गया। साथ ही धान उपार्जन कार्य पूर्ण होने तक जब्त की गई धान के विक्रय पर रोक लगा दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाई से धान उपार्जन व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने एवं अवैध भंडारण व विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण का संदेश गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी एवं भंडारण में अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# घर से कॉलेज जाने निकली छात्रा घर नहीं लौटी

**पद्मेश न्यूज।बालाघाट।** ग्राम खैरलांजी अपने घर से वारासिवनी कॉलेज जाने निकली एक छात्रा वापस घर नहीं लौटी। यह छात्रा लक्ष्मी पिता सनतलाल मचाड़े 21 वर्ष वार्ड नंबर 12 खैरलांजी निवासी है। इस छात्र की खैरलांजी पुलिस के अलावा उसके परिजनों के द्वारा भी तलाश की जा रही है। खैरलांजी पुलिस के मुताबिक लक्ष्मी मचाले दो भाइयों में छोटी है और वह वारासिवनी के एसएसपी कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही है। 17 दिसंबर को सुबह 10 बजे लक्ष्मी ने अपने परिवार वालों से बोली कि मैं आज कॉलेज जाउंगी मेरा कॉलेज में पेपर का कुछ काम है। लक्ष्मी के यह कहने के बाद परिवार के लोग खेत चले गए थे। उस समय लक्ष्मी घर में अकेली थी। शाम 5-00 बजे परिवार के लोग घर पहुंचे। उस समय लक्ष्मी कॉलेज से घर वापस नहीं आई थी। जब परिजनों ने लक्ष्मी को फोन लगाया तो उसका फोन स्विच ऑफ बताने लगा था। लक्ष्मी को उसके परिवार वालों ने रात10 ,11 बजे तक फोन लगाये, किंतु उसका फोन स्विच ऑफ ही बता रहा था। इसके बाद लक्ष्मी के संबंध में परिजनों ने रिश्तेदारी में फोन लगाकर पूछताछ किये। किंतु लक्ष्मी का कोई पता नहीं चला। लक्ष्मी जिस समय घर से निकली थी उस समय वह कॉलेज के नीले रंग की ड्रेस पहनी हुई थी। लक्ष्मी का हुलिया रंग गेहुआ, ऊंचाई 5 फीट है। 19 दिसंबर तक लक्ष्मी की कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई और ना ही उसका फोन आया जिसके बाद परिजनों ने खैरलांजी पुलिस थाना में लक्ष्मी के गुम होने की रिपोर्ट की है। खैरलांजी पुलिस गुम इंसान 51/ 2025 कायम कर लक्ष्मी की तलाश कर रही है।

## आस-पास की खबरे

### महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने टेकाड़ी लो. के विद्यार्थियों से किया संपर्क

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय के द्वारा स्कूल चलो अभियान चलाया जा रहा है। स्कूल चलो अभियान के तहत 20 दिसंबर को




लालबर्रा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुमन बरवा के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने शासकीय उ'चतर माध्यमिक विद्यालय टेकाड़ी (लो) का भ्रमण किया और विद्यार्थियों से संपर्क कर कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण होने के बाद महाविद्यालय में प्रवेश लेकर आगे की पढ़ाई करने प्रेरित किया। साथ ही महाविद्यालय में शिक्षा अध्ययन करने पर मिलने वाली सुविधा एवं लाभ के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. देवराज चौरे (अर्थशास्त्र), डॉ. आशीष बागड़े (अर्थशास्त्र) के द्वारा विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी। जिसमें विद्यार्थियों को प्रवेश के दौरान होने वाली विभिन्न परेशानियों एवं उस समय किन सावधानियों को ध्यान में रखना चाहिए उसके बारे में बताया गया। साथ ही महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रम, सुविधाओं, शासन द्वारा संचालित गांव की बेटी, मुख्यमंत्री मेधावी जैसी प्रोत्साहन एवं विभिन्न छात्रवृति योजनाओं जैसे संबल, आवास, एससी/एसटी, ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्टमैट्रिक के साथ संचालित अन्य योजनाओं से भी विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया। इस अवसर पर शास. उच्च मा. विद्यालय टेकाडी (लोहारा) के प्राचार्य राजकुमार आड़े सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कामथी में तेंदुए ने 4 बकरियों का किया शिकार इलाके के ग्रामीण दहशत में!!

## ग्रामीणों ने वन विभाग से गश्त बढ़ाकर वन्यप्राणी तेंदुए को पकड़कर सुरक्षित घने जंगल में छोड़ने की मांग की

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।**

लालबर्रा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में एक बार फिर वन्यप्राणियों की सक्रियता ने रहवासी क्षेत्र में खौफ पैदा कर दिया है। वहीं बार-बार वन्यप्राणियों के दस्तक एवं मवेशियों की शिकार करने की घटना से लोग परेशान है। साथ ही वन विभाग की गश्ती पर सवाल भी खड़े हो रहे है। इसी तरह नगर मुख्यालय से लगभग 12 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत कामथी में बीती रात एक तेंदुए ने रहवासी इलाके में घुसकर फगलाल देशमुख के मवेशी बांधने के कोठे के अंदर घुसकर उनकी 4 बकरियों का शिकार कर लिया। इस घटना के बाद से ग्रामीणजनों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। तेंदुए के शिकार से 4 बकरियों की मौत होने से मवेशी मालिक को करीब 1 लाख रूपये का नुकसान हुआ है। वहीं ग्रामीणजनों ने वन विभाग से गश्त बढ़ाकर हिंसक वन्यप्राणी तेंदुए को सुरक्षित पकड़कर घने जंगल में छोड़ने की मांग की है। वन विभाग के अधिकारी शनिवार को घटना स्थल पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही कर मुआवजा के लिए प्रकरण तैयार किया है एवं ग्रामीणजनों को अकेले खेत की ओर न जाने की अपील की है।

### आधी रात को हुआ हमला

प्राप्त जानकारी के अनुसार कामथी निवासी फगलाल देशमुख कृषि कार्य करता है और घर में बकरी एवं अन्य मवेशी भी





है। जिन्होने शुक्रवार की शाम में सभी बकरियों को मवेशी बांधने के कोठे में बांध दिये थे, जिसके बाद खाना खाकर सो गये थे। शनिवार की सुबह जब वे बकरियों को बाहर निकालने के लिए पहुंचे तो 4 बकरियां लहुलुहान के साथ ही मृत अवस्था में पड़ी हुई थी एवं मवेशी बांधने के कोठे के ऊपर से कुछ स्थान खुला हुआ दिखाई दिया। जिससे उन्हे संदेह हुआ कि रात्रि में तेंदुआ आया होगा और उसी ने शिकार किया है, जिसके कुछ निशान भी दिखाई दिये। साथ ही कामथी से कुछ दुरी पर नैतरा वन क्षेत्र स्थित है। तेंदुए ने आंधी रात में 4 बकरियों का शिकार किया है जिससे मवेशी मालिक को करीब 1 लाख रूपये का नुकसान हुआ है। इस घटना के बाद से ग्रामीणजनों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है एवं हिंसक वन्यप्राणी तेंदुआ का गांव के नजदीक मुवमेंट होने की बात कही जा रही है। वहीं तेंदुए के दस्तक बाद से ग्रामीणजन शाम 6 बजे के बाद घर से बाहर निकलने से डर रहे है और घरों में कैद हो जा रहे है। साथ ही किसानों का कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहा है। वहीं ग्रामीणों का कहना है तेंदुए के द्वारा 4 बकरियों का शिकार करने की घटना के बाद से लोग दहशत में जी रहे है और आज मवेशी का शिकार किया है, अगर कोई व्यक्ति उसके संपर्क में आ जाते तो वह उसका भी शिकार कर सकता था, जिसे बड़ा हादसा घटित हो सकता था। इसलिए वन विभाग से मांग है कि गश्त बढ़ाकर हिंसक वन्यप्राणी को पकड़कर घने जंगल में छोड़े। वहीं वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि जंगलों में शिकार की कमी और इंसानी दखल बढ़ने के कारण वन्यप्राणी आबादी वाले क्षेत्रों की ओर रूख कर रहे हैं। इसलिए वन विभाग वन्यप्राणियों को रहवासी क्षेत्र की ओर आने से रोके।

### वन्यप्राणी तेंदुए को पकड़कर सुरक्षित घने जंगल में छोड़े वन विभाग - साहेबलाल

दूरभाष पर चर्चा में कामथी सरपंच साहेबलाल देशमुख ने बताया कि तेंदुए ने बीती रात्रि में घर में बंधे 4 बकरियों का शिकार कर दिया है। जिसके बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है और 4 बकरी फगलाल देशमुख एवं उसके परिवार के लोगों का था, जिनकी मौत होने से उन्हे करीब 1 लाख रूपये का नुकसान हुआ है।



श्री देशमुख ने बताया कि वन्यप्राणी रहवासी क्षेत्र में घुसकर मवेशी का शिकार कर रहे है और किसी भी समय बड़े हादसे को अंजाम दे सकते है इसलिए वन विभाग से मांग है कि रात्रि गश्त बढ़ाकर हिंसक वन्यप्राणी तेंदुए को पकड़कर सुरक्षित घने जंगल में छोड़े।

## सहायक संचालक द्वारा किरनापुर क्षेत्र की शालाओं का निरीक्षण

**पद्मेश न्यूज ।बालाघाट।** जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय के मार्गदर्शन में सहायक संचालक श्री सी. एस. मरावी द्वारा दिनांक 20 दिसंबर 2025 को विकासखंड किरनापुर अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरनापुर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किन्हीं, हाई स्कूल रानककोड़ी एवं शासकीय हाई स्कूल पौनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर में विद्यार्थियों की उपस्थिति कम पाई गई, जिस पर संबंधित शिक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया तथा आगामी दिनों में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। मरावी द्वारा कक्षाओं में अंग्रेजी विषय का अध्यापन कर विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर का आकलन भी किया गया।



निरीक्षण के दौरान परीक्षा पे चर्चा, छात्रवृत्ति वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई तथा परीक्षाफल में सुधार लाने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट द्वारा जारी 75 दिवस की कार्ययोजना के अनुरूप अध्यापन कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया। आईटी सेल कोऑर्डिनेटर श्री कमलनाथ पाराशर द्वारा विद्यालयों में आई तकनीकी समस्याओं का समाधान किया गया। जिला शिक्षा विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में परीक्षाफल को बेहतर बनाने के उद्देश्य से ऐसे निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे। शिक्षकों से अपील की गई है कि वे नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम सुधारने में सक्रिय योगदान दें।

## संयुक्त विभाग पेंशनर संघ ने मनाया राष्ट्रीय पेंशनर दिवस

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** संयुक्त विभाग पेंशनर संघ के तत्वाधान में गत दिवस जिला मुख्यालय स्थित होटल में राष्ट्रीय पेंशनर दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राटसिंह सरस्वार के मुख्य आतिथ्य, सेवानिवृत्त प्राचार्य एचसी मोहबे की अध्यक्षता एवं नगरपालिका बालाघाट अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीतसिंह ठाकुर, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रमेश रंगलानी के विशिष्ट आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुए। साथ ही पेंशनरों के द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों को अपनी मांगों से अवगत करवाकर उसे पुरा किये जाने की मांग भी की गई है। चर्चा में संयुक्त विभाग पेंशनर संघ जिलाध्यक्ष बीएल चौधरी, जिला महामंत्री नारायण सोलंकी ने बताया कि गत दिवस राष्ट्रीय पेंशनर दिवस धूमधाम से मनाया गया और संयुक्त विभाग पेंशनर संघ बालाघाट के द्वारा मात्र 14 माह के कार्यकाल में सेवानिवृत्त साथियों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण किया गया है। जिससे सेवानिवृत्त साथियों ने संगठन पर भरोसा कर अपनी आजीवन सदस्यता ग्रहण की है। साथ ही नगरपालिका अध्यक्ष से पेंशनर भवन की मांग की गई है, जिसे पूर्ण करने उन्होने संघ को आश्वास्त किया है। आगे बताया कि पेंशनर संघ द्वारा 80 वर्ष पूर्ण वरिष्ठ सेवानिवृत्त 27 साथियों की शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित भी किया गया है। इस अवसर पर संयुक्त विभाग पेंशनर संघ के पदाधिकारी,सदस्यगण एवं पेंशनरसाथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।







# एक आपरेटर के भरोसे पोस्ट आफिस कार्यालय का आधार केन्द्र!!

## सुविधाओं का अभाव, घंटो इंतजार के बाद भी निराश होकर लौट रहे लोग

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** आधार कार्ड बनवाने और उनमें सुधार (अपडेशन) करवाने की प्रक्रिया बच्चों, विद्यार्थियों एवं आमजनों के लिए जी का जंजाल बन गई है। नगर मुख्यालय के पोस्ट आफिस एवं बीआरसी कार्यालय इन दो स्थानों पर आधार कार्ड अपडेशन का कार्य किये जा रहे है और दोनों ही केन्द्रों में सुबह से लोगों की भीड़ लग जाती है। पोस्ट आफिस कार्यालय में सुबह से लोग इस ठिठुरन ठंड में छोटे-छोटे बच्चों को लेकर आधार अपडेशन करवाने पहुंच रहे है। लेकिन कभी सर्वर नही चलने, अपरेटर की कमी एवं समय पर काम नही होने के कारण आधार कार्ड बनाने एवं अपडेशन करवाने आने वाले लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही पोस्ट आफिस कार्यालय में 5 साल से छोटे बच्चें एवं पढ़ाई करने वाले बच्चों को छोड़कर अन्य लोगों का आधार से संबंधित कार्य किये जा रहे हैं। लेकिन विडंबना यह है कि इतने बड़े कार्यभार को संभालने के लिए महज एक ऑपरेटर की नियुक्ति की गई है। जबकि दो आपरेटर नियुक्त करने की मांग प्रशासन से की जा रही है, लेकिन अब तक नही किया गया है। ऐसी स्थिति में एक ही आपरेटर पर काम का बोझ अधिक होने के कारण समय पर काम नही हो पा रहे है। वहीं शनिवार को भी सुबह से ही लोग छोटे-छोटे बच्चों को लेकर आधार कार्ड अपडेशन करवाने के लिए पहुंचे थे। जिसमें कुछ लोगों को आपरेटर के द्वारा शाम 4 बजे के बाद अपडेशन कार्य करने के लिए कहा गया था। इसलिए अशोक मरकाम सहित अन्य लोग रूके रहे, जब वे शाम 4 बजे अपडेशन करवाने पहुंचे तो उन्हे मना कर दिया गया। जिससे वे लोग आक्रोशित हो गये और उन्होने कहा कि जब शाम 4 बजे अपडेशन नही करना था तो पूर्व में ही मना कर देना है। दिन-भर इंतजार करवाने के बाद मना किया जा रहा है जो गलत है। जबकि सुबह से छोटे-छोटे बच्चों को लेकर लोग आधार कार्ड अपडेशन के लिए आये थे,






अब निराश होकर ठंड में वापस जाना पड़ेगा। इस तरह से पोस्ट आफिस में अव्यवस्था फैली हुई है जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। प्रशासन से मांग है कि पोस्ट आफिस कार्यालय में आधार कार्ड अपडेशन कार्य में हो रही लापरवाही में सुधार करवाये।

### सर्वर और भीड़ का दोहरा प्रहार

आपकों बता दे कि आधार कार्ड एक अंत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज बन चुका है और शासन के द्वारा आधार कार्ड से हर दस्तावेजों को जोड़ा रहा है। जिसके लिए ईकेवाईसी के साथ ही आधार कार्ड का अपडेट होना अत्यंत आवश्यक है। इसी तरह माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के निर्देश है कि बोर्ड कक्षाओं के बच्चों का आधार कार्ड बायोमैट्रिक अपडेट होना चाहिए। जिससे भविष्य में होने वाली बोर्ड परीक्षा में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के लिए बायोमैट्रिक पध्दति अपनाई जाती है तो आसानी से प्रवेश मिल सके, किसी तरह की परेशानी न हो। इसी वजह से आधार केन्द्रों में आधार अपडेशन के लिए लोगों की भीड़ बढ़ रही है। वहीं पूर्व में लालबर्रा में तीन से चार स्थानों पर आधार अपडेशन के कार्य होते थे, लेकिन सांदीपनी स्कूल लालबर्रा के सामने संचालित आधार कार्ड सेंटर को प्रशासन के द्वारा बंद कर दिया गया है एवं दो से तीन आधार सेंटर पूर्व से ही बंद है। ऐसी स्थिति में महज नगर मुख्यालय में पोस्ट आफिस कार्यालय में ही आधार अपडेशन का कार्य किया जा रहा था। जिससे लोगों की भीड़ सुबह से ही लग रही थी। जिसके बाद प्रशासन के द्वारा स्कूली बच्चों के आधार कार्ड अपडेशन के लिए एक केन्द्र बढ़ाया गया है और बीआरसी कार्यालय में यह केन्द्र संचालित हो रहा है। जहां सिर्फ स्कूली बच्चों का ही आधार अपडेशन किया जा रहा है एवं पोस्ट ऑफिस कार्यालय में छोटे बच्चों एवं अन्य लोगों का आधार अपडेशन किया जाता है। इस तरह से पोस्ट आफिस कार्यालय आधार केंद्र में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इनमें दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से आये बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चें एवं विद्यार्थी शामिल हैं। सुबह कार्यालय खुलने से पहले ही लंबी कतारें लग जाती हैं। टोकन सिस्टम न होने और सीमित क्षमता के कारण महज कुछ लोगों का ही काम हो पाता है। बाकी लोग घंटों भीड़ में खड़े रहने के बाद निराश होकर वापस लौटने को मजबूर हैं। इस तरह से एक ही आपरेटर होने एवं समय निश्चित नही होने के कारण आधार कार्ड अपडेशन करवाने वाले लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### समय पर काम नही होने से लोगों में आक्रोश व्याप्त

आधार केंद्र से बिना काम हुए लौट रहे लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। जिनका कहना है कि छात्रवृत्ति, बैंक खाता खोलने और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार अपडेट होना अनिवार्य है, लेकिन काम न होने से जरूरी दस्तावेज अधूरे पड़े हैं। समय खराब होने के साथ ही रूपये भी खर्च हो रहे है। साथ ही यह भी कहा कि काम-धंधा छोड़कर आते है लेकिन दिनभर इंतजार के बाद भी आपरेटर द्वारा कल आने की बात कह दी जाती है और शनिवार को पोस्ट आफिस आधार केन्द्र में सुबह से आये थे एवं कुछ लोगों से आपरेटर ने कहा था कि शाम 4 बजे आपका काम कर देगें। दिनभर रूकने के बाद बच्चों को लेकर अपडेशन करने के लिए पहुंचे तो आपरेटर ने मना कर दिया। जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है और एक ही ऑपरेटर होने के कारण काम बहुत धीमी गति से हो रहा है। इसलिए प्रशासन से मांग की है कि पोस्ट ऑफिस के अलावा अन्य सरकारी बैंकों या अन्य स्थानों पर आधार केन्द्र खुलवाये ताकि समय पर सभी का काम हो सके।

### व्यवस्था में सुधार करें प्रशासन - पुनाजी

पुनाजी बागडे ने बताया कि शनिवार को सुबह छोटे-छोटे बच्चों को लेकर आधार कार्ड बनवाने के लिए पोस्ट आफिस कार्यालय लालबर्रा आये थे, लेकिन आधार कार्ड नही बन पा रहा है। जब आपरेटर से मिले तो उन्होने कहा कि टोकन बांट दिया है, शाम 4 बजे के बाद आने के लिए कहा। जब 4 बजे गये तो उन्होने मना कर दिया। सुबह से ठंड में छोटे-छोटे बच्चों को लेकर आये थे अब काम नही होने से निराश होकर घर वापस लौटना पड़ रहा है। श्री बागड़े ने बताया कि आधार कार्ड बनाने एवं अपडेशन कार्य के लिए रोजाना केन्द्र का चक्कर लगाना पड़ रहा है, इसलिए प्रशासन से मांग है कि व्यवस्था में सुधार करें।




### सुबह से आने के बाद भी नही हो रहा काम - अशोक

अशोक मरकाम ने बताया कि आधार कार्ड बनाने के लिए पोस्ट आफिस कार्यालय में सुबह से क्षेत्र के लोग आ रहे है और हम लोग भी बच्चों को लेकर आये थे, लेकिन आपरेटर ने शाम 4 बजे तक इंतजार करने कहा था। इसलिए छोटे बच्चों को लेकर दिनभर रूके रहे लेकिन शाम 4 बजे के बाद आपरेटर कहता है कि आपका काम नही हो पायेगा, जो गलत है। अगर मना पहले ही कर देते हुए दिनभर रूकते नही, दुर से आये है, बस भी चले गई है, ऐसी स्थिति में घर जाने में परेशानी होगी। श्री मरकाम ने बताया कि समय पर काम नही होने से बहुत से लोग बिना काम करवाये वापस हो रहे है एवं पोस्ट आफिस में सुविधाओं का भी अभाव भी है जिसकी शिकायत कलेक्टर से की जायेगी एवं शासन प्रशासन से मांग करते हैं की व्यवस्था में सुधार करें ताकि सभी का समय पर आधार अपडेशन हो सके।



### सभी आरोप निराधार है - राहुल

दूरभाष पर चर्चा में आपरेटर राहुल जामरे ने बताया कि आधार अपडेशन का कार्य किया जा रहा है और सुबह से लोगों की भीड़ लग जाती है, आज 68 लोगों का अपडेशन किया गया है और यह कार्य शाम 5 बजे तक किया जाता है। शाम 4 बजे कार्य किया जा रहा था, जिसके बाद सर्वर नही चलने के कारण कुछ लोगों का अपडेशन नही हो पाया, जिनके द्वारा नाराजगी व्यक्त की जा रही थी, जिनसे कहा गया कि सर्वर नही चल रहा है, सोमवार को कर देगें। अपडेशन नही करने का जो आरोप लगा रहे है वह निराधार है, नियमानुसार कार्य किया जा रहा है एवं प्रशासन से एक और आपरेटर की मांग की गई है।





ट्रेनिंग के दौरान कैसे आईएएस और आईपीएस अफसरों में हो जाता है प्रेम और कर लेते हैं शादी.अब यह परम्परा लगातार बढ़ रही है. इसी पर रविवारीय में इस बार -

**एक्सप्रेस खास -**

# साथ ट्रेनिंग, फिर प्रेम और विवाह !!

लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी में ट्रेनी अफसरों में एक नया ट्रेंड चलन में केंद्रीय संघलोक सेवा में चयन के बाद जब आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, आईआरएस और अन्य अफसर फाउंडेशन कोर्स के लिए लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन एकेडमी, मसूरी में जाते हैं तो वहां 3-4 महीने करीब साथ रहते हैं. इस दौरान कई में आपस में प्यार हो जाता है, जो फिर शादी में बदल जाता है. ये संख्या अब बढ़ने लगी है।

मसूरी ट्रेनिंग के दौरान आईएएस - आईपीएस अफसरों में प्यार और शादियों की संख्या बढ़ी है. समान सोच, प्रोफेशनल लाइफ और साथ रहने से रिश्ते मजबूत होते हैं अब 10-15त्न ट्रेनी अफसर ट्रेनिंग के दौरान आपस में शादी कर लेते हैं. भारत के आजाद होने के बाद से पहले तो ऐसा कम होता था लेकिन अब आईएएस और आईपीएस में आपस में प्यार और शादी में इजाफा हुआ है. आंकड़े भी इसकी तसदीक करते हैं. आखिर कैसे आईएएस - आईपीएस और अन्य अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारी ट्रेनिंग के दौरान एक-दूसरे से प्यार कर बैठते हैं. क्या इनमें आपस में बढ़ती शादियों की वजह कैडर भी होता है. प्रशासन अकादमी (लबासना) मसूरी में आते हैं, तो ये वो जगह है जहां उनकी लव स्टोरीज शुरू होती हैं और वे शादी के बंधन में बंध जाते हैं।



**ट्रेनिंग में नजदीकियां क्यों स्वाभाविक**

आईएएस, आईपीएस, आईएफएस या अन्य सेवाओं का चयन 23-30 वर्ष के बीच होना आम बात है. ये वो उम्र है जब लोग जीवन साथी को लेकर गंभीर होते हैं, समान सोच वाले लोगों से जल्दी जुड़ते हैं. ये समय उनके लिए ऐसा भी होता है कि वह यहां होते हुए करियर और जीवन के डायरेक्शन के बारे में भी सोचने लगते हैं. आमतौर पर इन सभी सेवाओं में ट्रेनिंग का फाउंडेशन कोर्स एक साथ लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन (लबसना), मसूरी में होता है।

यहां ये सभी 90 से 120 दिनों तक एक साथ एक ही हॉस्टल में रहते हैं, तो क्लासेज से लेकर तमाम स्टडीज, ग्रुप्स और एक्टीविटीज में साथ रहने और काम करने का अवसर मिलता है, साथ में समय गुजारते हैं. ऐसे माहौल में स्वाभाविक रूप से दोस्ती गहरी हो जाती है और कई बार वह रिश्ते में बदल जाती है।

दोनों ही सेवाओं के अधिकारी देश की सबसे कठिन परीक्षा पास करके आते हैं, जिससे उनके बीच पेशेवर समानता और सम्मान की भावना होती है.

**रिश्ते कैसे मजबूत हो जाते हैं**

**समान सामाजिक-शैक्षणिक पृष्ठभूमि**

संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास करके यहां आने वाले अधिकतर उम्मीदवारों में मेहनत का स्तर, सोचने की शैली, सामाजिक समझ और टैलेंट का स्तर एक जैसा होता है. ऐसे में इन सब बातों से कम्पैटिबिलीटी बहुत जल्दी बनती है. काम के नेचर को समझना आसान होता है. ये सभी एक दूसरे के काम और चुनौतियों को भी समझने लगते हैं।

आमतौर आईएएस और आईपीएस अधिकारी की शादी में सबसे बड़ी चुनौती होती है. क्योंकि इनके लगातार ट्रांसफर होते हैं. समय की कोई निश्चित सीमा नहीं होती है. परिवार के लिए समय बहुत कम मिल पाता है. दिन और रात कभी भी काम का नेचर इंगेज कर सकता है. लेकिन ये बात भी है कि एक अधिकारी दूसरे की जिम्मेदारियों को अच्छी तरह समझता है, इसलिए इस शादी को 'सस्टेनेबल' माना जाता है।

**इसे अच्छा मैच क्यों मानते हैं**

आईएएस और आईपीएस जोड़े को अक्सर 'पावर कपल' के रूप में देखा जाता है, जो समाज में बहुत अधिक सम्मान और प्रभाव रखते हैं. जनता इन्हें 'रोल मॉडल' के रूप में देखती है।

दोनों का एक जैसा स्टेटस होता है. इस मैच को समाज की स्वीकृति भी तुरंत मिलती है. परिवार भी यह मानता है कि 'अच्छा मैच' मिल गया. सरकारी सेवा का सबसे सुरक्षा चक्र इस नौकरी के साथ लगा माना जाता है.

**कब से हो रहीं ऐसी शादियां**

आईएएस और आईपीएस की आपसी शादियां 1950 के दशक से हो रही हैं. जो अब काफी ज्यादा प्रचलन में हैं. 1950-60 के दशक में हुई

**ऐसी कुछ शादियां.**

- टी. एन. शेषन (आईएएस) और जयलक्ष्मी (आईएएस)

वीरेश कुमार (आईएएस) और आरती आहूजा (आईएएस)

यशवर्धन कुमार सिन्हा (आईएफएस) और गीता भगत (आईएएस)

अमरनाथ वर्मा (आईएएस) और उमेश कुमार (आईएएस)

इनकी लव मैरिज के कई मामले पुराने रिकॉर्ड में मिलते हैं, लेकिन वर्ष 2000 के बाद यह संख्या काफी बढ़ी है.

1. टीना डाबी (आईएएस) अतहर आमिर (आईएएस) -1 ये दोनों 2015 के बैच में फाउंडेशन कोर्स के दौरान ही नजदीक आए. आपस में दोनों में प्यार हुआ. दोनों की शादी और प्यार बहुत चर्चित रहा लेकिन वर्ष 2018 में उनकी शादी के बाद उनमें तलाक भी हो गया. अब दोनों ने फिर से अलग शादियां कर ली हैं. टीना डाबी ने आआईएस अफसर प्रदीप गवांडे से वर्ष 2022 में शादी रचा ली. प्रदीप 2013 बैच के आईएएस अधिकारी हैं. वहीं अतहर आमिर खान ने भी इस तलाक के बाद वर्ष 2022 में दूसरी शादी रचा ली. उन्होंने कश्मीर की रहने वाली डॉक्टर मेहरीन काजी से शादी कर ली.

2. पूजा और मनु महाराज (दोनों आईपीएस) दोनों आईपीएस बिहार कैडर में हैं, ये ट्रेनिंग के दौरान मिले. मनु महाराज बिहार के सबसे लोकप्रिय आईपीएस अधिकारियों में गिने जाते हैं.

3. चेतन तांबे (आईएएस) अश्विनी वैद्यन (आईएएस) दोनों कर्नाटक कैडर के. ये आईएएस दंपति ट्रेनिंग के दौरान ही करीब आए और फिर शादी की.


4. दीपक यादव (आईपीएस) - प्रीति यादव (आईपीएस) काम करते दिखे. दोनों मप्र कैडर के अधिकारी. ट्रेनिंग के समय से रिश्ता शुरू हुआ, शादी के बाद भी साथ

5. आईएएस रश्मि कमल आईपीएस कमलदीप लोगों की लव स्टोरी लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एकेडमी की क्लासेस से शुरू हुई और फिर शादी में बदली..

6. आईएएस हर्ष मंगला - आईएएस अंजलि यूपीएससी टॉपर हर्ष मंगला और अंजलि की मुलाकात लाल बहादुर एकेडमी में ही हुई, दोनों ने शादी कर ली.

7. युवराज मरमट (आईएएस) और पी. मोनिका (आईपीएस) इन्होंने अपनी शादी में सादगी की अनूठी मिसाल पेश की. कोर्ट मैरिज में केवल ?2000 खर्च किए.

8. सृष्टि देशमुख (आईएएस) और डॉ. नागार्जुन गौड़ा (आईएएस) ये दोनों भी लाल बहादुर एकेडमी में मिले. ट्रेनिंग के करीब ढाई साल बाद शादी की.



9. डॉ. नवजोत सिमी (आईपीएस) और तुषार सिंगला (आईएएस) इन्होंने वैलेंटाइन डे के दिन तुषार सिंगला के कार्यालय में ही शादी कर ली थी. इस तरह की शादियों के सैकड़ों रिकॉर्ड हैं. पिछले 75 सालों में ऐसी काफी शादियां हुई हैं.

**क्या लाल बहादुर एकेडमी 'मैट्रिमोनियल ग्राउंड' बन गया**

कई सीनियर आईएएस अफसर मज़ाक में कहते हैं, कैडर से भी ज्यादा तेजी से लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एकेडमी में अफसर कपल्स बन जाते हैं. हालांकि ये मजाक ही है. दरअसल इस एकेडमी में सभी का फाउंडेशन कोर्स एक साथ ही होता है. एक साथ 350-400 ट्रेनीज होते हैं. इसमें 10-15 फीसदी लोग आपस में शादी कर लेते हैं. ये संख्या अब बढ़ रही हैं. उसके कारण ये हो सकते हैं।

**- सोशल मीडिया से खुलापन बढ़ा**

**प्रोफेशनल लाइफ एक जैसी**

कैडर अलॉटमेंट में पारदर्शिता. क्या कैडर अलॉटमेंट भी लव स्टोरीज़ आगे बढ़ाता है. कई मौजूदा और पूर्व आईएएस और आईपीएस अधिकारी मानते हैं कि ऐसा होता है. कुछ लोग मनमाफिक कैडर पाने के लिए भी ऐसा करते हैं. अगर दो अधिकारी शादी कर रहे हों, तो पहले सरकार उन्हें एक ही कैडर में रखने पर विचार करती थी. अब हालांकि ये नियम बदल गए हैं. लेकिन शादीशुदा दंपति केस-बाई-केस आधार पर एक ही राज्य में पोस्टिंग ले सकते हैं. ये लचीलापन रिश्तों को आगे बढ़ाने में मदद करता है।

सरकार ट्रेनिंग के दौरान ऐसे बनते रिश्तों पर कोई रोक नहीं लगाती बस अनुशासन की शर्त जरूर रहती है. हास्टल के टाइमिंग का पालन होता चाहिए. किसी भी तरह का अनचाहा व्यवहार सख्त वर्जित है. वैसे लाल बहादुर शास्त्री एकेडमी प्रशासन निजी रिश्तों में दखल नहीं देता जब तक कि वे ट्रेनिंग को प्रभावित न करें।

**शोध क्या कहती हैं**

इसे लेकर कुछ शोध भी हुए हैं. शोध बताते हैं कि यूपीएससी की तैयारी का कठिन दौर इन अधिकारियों के सोचने के तरीके को एक जैसा बना देता है. ट्रेनिंग के दौरान वे एक-दूसरे के संघर्ष को समझते हैं, जो एक मजबूत भावनात्मक जुड़ाव पैदा करता है. हाल के वर्षों में हुए सामाजिक अध्ययनों में देखा गया कि पहले के दशकों में महिला अधिकारियों की संख्या कम थी, इसलिए ऐसे विवाह कम होते थे. जैसे-जैसे सेवाओं में महिलाओं की संख्या बढ़ी, वैसे-वैसे बैच मेट मैरिज का प्रतिशत भी बढ़ा।

प्रशासनिक सुधारों पर नजर रखने वाले विशेषज्ञों ने इन शादियों के प्रभाव पर भी अध्ययन किया है. अध्ययन बताते हैं कि जब पति-पत्नी दोनों ब्यूरोक्रेसी में होते हैं, तो वे एक-दूसरे के काम के घंटों और तनाव को बेहतर समझते हैं, जिससे उनके निजी जीवन में कलह कम और समझादारी ज्यादा होती है. रिसर्च यह भी कहती है कि 'ईगो क्लैश' एक बड़ी चुनौती जरूर हो सकती है, खासकर जब दोनों एक ही जिले में तैनात हों और प्रोटोकॉल को लेकर स्थिति स्पष्ट न हो।

**-एक्सप्रेस डेस्क**

# 'मैं कभी दिल्ली वापस नहीं जाऊँगी'... बांग्लादेश भेजी गई और फिर भारत आने वाली सुनाली खातून की कहानी

25 साल की सुनाली खातून की गर्भावस्था के आखिरी हफ्ते चल रहे हैं। वह कहती हैं, 'मुझे डर था कि अगर मेरा बच्या बांग्लादेश में पैदा हुआ तो उसकी नागरिकता बदल जाएगी।' उन्हें इस साल जून में पड़ोसी देश बांग्लादेश निर्वासित कर दिया गया था। वह इस महीने की शुरुआत में भारत लौटी हैं।

दिल्ली में घरों में काम करने वाली पश्चिम बंगाल की सुनाली को उनके पति दानिश शेख और आठ साल के बेटे के साथ हिरासत में लिया गया था। अवैध प्रवासी होने का शक जताकर उन्हें बांग्लादेश निर्वासित कर दिया गया था। वहां बांग्लादेशी अधिकारियों ने परिवार को गैरकानूनी तरीके से देश में घुसने के आरोप में जेल में डाल दिया। उनके निर्वासन की खबर राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बनीं और पश्चिम बंगाल सरकार ने इसकी कड़ी आलोचना की। राज्य सरकार ने बीजेपी नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर बिना वजह उन्हें बांग्लादेश निर्वासित करने का आरोप लगाया था। सुनाली उन सैकड़ों लोगों में शामिल हैं जिन्हें पिछले कुछ महीनों में अवैध प्रवासी होने के के शक शक में हिरासत में लिया गया और बांग्लादेश निर्वासित किया गया था। दिल्ली सरकार ने निर्वासन के आधिकारिक आंकड़े नहीं दिए हैं, लेकिन बांग्लादेश सरकार के शीर्ष सूत्रों ने बीबीसी को बताया था कि सिर्फ मई में ही 1,200 से ज्यादा लोगों को उनकी सीमा में' गैरकानूनी तरीके से धकेला गया था। उसी महीने सरकारी रेडियो, ऑल इंडिया रेडियो ने खबर चलाई थी कि दिल्ली से करीब 700 लोगों को वापस बांग्लादेश भेजा गया।

**दिलली में पकड़ा और बांग्लादेश निर्वासित कर दिया**

भारत में कथित बांग्लादेशी प्रवासियों पर कार्रवाई कोई नई बात नहीं है। बावजूद इसके कि दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक रिश्ते हैं और 4,096 किलोमीटर लंबी खुली सीमा है जो पांच राज्यों से लगती है। पश्चिम बंगाल समेत सीमा से लगे दूसरे इलाकों में लोग काम की तलाश में या कुछ मामलों में धार्मिक उत्पीड़न से बचने के लिए लंबे समय से भारत आते रहे हैं।



लेकिन मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि हाल की कार्रवाइयों में बंगाली चोलने वाले मुसलमानों को निशाना बनाया जा रहा है और यह सब बिना उचित कानूनी प्रक्रिया के किया जा रहा है। बता दें कि चंगाली भाषा पश्चिम चंगाल और बांग्लादेश दोनों में बोली जाती है। दिशवी के विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के अनुसार सुनाली खातून, उनके परिवार और बंगाली बोलने वाले तीन मुसलमान पड़ोसियों के पास भारत में कानूनी प्रवेश या रहने का सबूत देने वाले दस्तावेज नहीं थे। इसके बाद इन सबको बांग्लादेश निर्वासितकर दिया गया। उनकी सात साल की बेटी वहीं छूट गई क्योंकि जब सुनाली के परिवार को पकड़ा गया, तब वह रिश्तेदारों के साथ रह रही थी। नियमों के अनुसार, अधिकारियों को संदिग्ध अवैध प्रवासी के दावे की पुष्टि उसके गृह राज्य से करनी होती है। पश्चिम बंगाल प्रवासी मजदूर कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष समीरुल इस्लाम ने बीबीसी को बताया कि सुनाली के मामले में ऐसा नहीं किया गया था। बीचीसी ने इन निर्वासन की निगरानी करने वाले दिल्ली के गृह विभाग से इस मामले में उनका पक्ष मांगा है।

दिसंबर में भारत के सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि जब तक उनकी नागरिकता की जांच चल रही है तब तक सुनाली और उनके बेटे को 'मानवीय आधार' पर वापस आने दिया जाए। तब से वह पश्चिम बंगाल में अपने माता-पिता के साथ रह रही हैं। जमानत पर रिहा होने के बाद उनके पति बांग्लादेश में एक रिश्तेदार के साथ रह रहे हैं।

**सजा देकर सीमा पार भेज दिया**

सुनाली कहती हैं कि भारत में वापस आने को लेकर उनके मन में मिली जुली भावनाएं हैं। उन्हें इस बात से तो राहत मिली है कि जनवरी में पैदा होने वाला उनका बच्चा जन्म से भारतीय नागरिक होगा, लेकिन वह अपने पति को लेकर परेशान हैं। उन्होंने तीन महीने से अपने पति को नहीं देखा है, क्योंकि निर्वासन के बाद उन्हें बांग्लादेश में अलग अलग जेलों में रखा गया था।

वह बताती हैं कि वीडियो कॉल पर उनके पति अक्सर रो पड़ते हैं और कहते हैं कि वह घर जाना चाहते हैं। सुनाली पूछती है, 'हम बांग्लादेश के नहीं हैं, हम भारतीय हैं। उन्होंने हमारे साथ ऐसा क्यों किया ?'

सुनाली का आरोप है कि दिल्ली पुलिस के हिरासत में लिए जाने के करीच एक हफ्ते बाद, उनके परिवार और पड़ोसियों को विमान से भारत बांग्लादेश सीमा पर ले जाया गया और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने उन्हें 'धक्का देकर' सीमा के पार भेज दिया। सुनाली कहती हैं, 'उन्होंने हमें बांग्लादेश के एक घने जंगल में छोड़ दिया, जहां चारों तरफ नदियां और नाले थे।' सुनाली का आरोप है कि जब उन्होंने स्थानीय लोगों के बताए रास्ते से भारत में वापस आने की कोशिश की, तो बीएसएफ के जवानों ने उनके पति समेत समूह के कुछ लोगों को पीटा। इसके बाद उन्हें वापस उसी जंगल में ले गए जहां पहले छोड़ा गया था। बीबीसी ने सुनाली के इन आरोपों पर बीएसफ़ को सवाल भेजकर जवाब मांगे हैं। स्थानीय लोगों की मदद से, यह समूह ढाका पहुंचा। वहां वे कई दिनों तक बिना पर्याप्त खाना पानी के भटकते रहे और फिर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया। सुनाली कहती हैं कि जेल का खाना गर्भवती महिला के लिए बिल्कुल भी पर्याप्त नहीं था और उनके सेल में शौचालय तक नहीं था।

यह कहती हैं, 'मुझे बहुत डर लग रहा था क्योंकि वहां सिर्फ में और मेरा बेटा थे। हम बस रोते ही रहे।' बीबीसी ने सुनाली के आरोपों पर बांग्लादेश के गृह और जेल विभाग से भी प्रतिक्रिया मांगी है।

**'कभी दिल्ली वापस नहीं जाऊंगी'**

भारत में, उनका परिवार अदालतों के चकर काट रहा था ताकि उनकी नागरिकता साबित हो सके और उन्हें वापस लाया जा सके। अब उनका मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। पश्चिम बंगाल में अपने माता-पिता के एक कमरे के झोपड़े में अपने दो छोटेबच्चों और एक आने वाले बच्चे के साथ बैठीं सुनाली कहती हैं, 'मेरा परिवार बिखर गया है।' वह कहती हैं कि उन्हें नहीं पता कि वह सबको कैसे खिलाएंगी। लेकिन एक बात को लेकर उन्हें कोई शुबड़ा नहीं है। यह कहती हैं, 'हम यहां रहेंगे तो शायद तीन वक्त का खाना भी न जुटा पाएं, लेकिन में कभी दिल्ली वापस नहीं जाऊंगी।

**-इल्मा हसन**

**(बीबीसी के लिए कलेक्टिव न्यूजरूम की ओर से प्रकाशित।)**

## निफ्टी 50 मजबूत, स्मॉलकैप शेयरों की हालत खराब

**मुंबई एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार का प्रमुख सूचकांक निफ्टी 50 फिलहाल अपने 52 सप्ताह के उच्च स्तर के करीब है। यह संकेत देता है कि बड़े और स्थिर शेयर निवेशकों के बीच भरोसे का केंद्र बने हुए हैं। निवेशक इस समय जोखिम कम रखना पसंद कर रहे हैं और अधिकतर पूंजी बड़ी कंपनियों में लगा रहे हैं। हालांकि, गहराई से देखें तो स्थिति बिल्कुल अलग है। बीएसई 500 और निफ्टी स्मॉलकैप 250 इंडेक्स में अधिकांश छोटे शेयर अपने 52 सप्ताह के उच्च स्तर से 20 से 69 फीसदी तक नीचे हैं। बीएसई 500 में हर चौथा शेयर औसतन 30 फीसदी नीचे है। स्मॉलकैप सेगमेंट में केवल 10 शेयर ही अपने शिखर के करीब हैं। इसका मतलब है कि छोटे शेयरों में निवेशकों का विश्वास फिलहाल कमजोर है। छोटे शेयर वैश्विक और घरेलू मैक्रो इवेंट्स के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। इस साल रुपए की कमजोरी और अंतरराष्ट्रीय व्यापार नीति जैसे ट्रंप टैरीफ का असर स्मॉलकैप कंपनियों पर तेजी से दिखा है। इसी वजह से निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं और छोटे शेयर पिछड़ रहे हैं। बाजार की सतह (निफ्टी 50) को देखकर पूरी तरह तेजी का अनुमान लगाना सही नहीं है। छोटे शेयरों में गिरावट और अस्थिरता देखते हुए निवेशकों को सावधानी बरतनी चाहिए। लंबे समय में सही चयन और सोच-समझकर निवेश करने से ही स्मॉलकैप निवेश लाभकारी हो सकता है।

## भारत के बैंकों में ताबड़तोड़ हिस्सेदारी खरीद रहीं विदेशी कंपनियां

नई दिल्ली एजेंसी। 2025 में भारतीय फाइनेंशियल सेक्टर विदेशी निवेशकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण बनकर उभरा है। जापान, यूएई और अमेरिका की बड़ी वित्तीय संस्थाओं ने भारतीय बैंकों और एनबीएफसी में भारी निवेश किया है। पहली नजर में ये सौदे सामान्य साझेदारी जैसे दिखते हैं, लेकिन गहराई से देखने पर यह भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति और तेज क्रेडिट ग्रोथ पर विदेशी भरोसे को दर्शाते हैं। इस साल का सबसे बड़ा सौदा दिसंबर में सामने आया, जब जापान की मित्सुबिशी यूएफजे फाइनेंशियल ग्रुप (एमयूएफजी) ने श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड में 20 फीसदी हिस्सेदारी करीब 39,618 करोड़ रुपये में खरीदने का फैसला किया। इससे पहले मई में जापान की ही सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन (एसएमबीसी) ने यस बैंक में 20 फीसदी हिस्सेदारी 13,483 करोड़ रुपये में खरीदी थी। इन सौदों से साफ है कि जापानी बैंक भारत को दीर्घकालिक ग्रोथ मार्केट मान रहे हैं। यूएई के एमिरेट्स एनबीडी बैंक ने आरबीएल बैंक में 60 फीसदी बहुमत हिस्सेदारी 26,853 करोड़ रुपये में खरीदने का फैसला किया। वहीं अबू धाबी स्थित एवेनीर इन्वेस्टमेंट ने सम्मान कैपिटल में 43.46 फीसदी हिस्सेदारी लगभग 9,000 करोड़ रुपये में लेने की सहमति दी है। इसके अलावा एडीआईए और वारबर्ग पिंकस ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में मिलकर 7,500 करोड़ रुपये का निवेश किया। अमेरिकी निवेश कंपनी ब्लैकस्टोन ने फेडरल बैंक में 6,196 करोड़ रुपये का निवेश किया। वहीं ज्यूरिख इंश्योरेंस ने कोटक महिंद्रा इंश्योरेंस में 70 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी।

## भारत में एमआईसीई पर्यटन को बढ़ावा देने कई शहरों में खुलेंगे ब्यूरो

नई दिल्ली एजेंसी। पर्यटन मंत्रालय अगले वर्ष से विभिन्न भारतीय शहरों में शहर-स्तरीय सम्मेलन प्रोत्साहन ब्यूरो खोलेगा। ये ब्यूरो सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर काम करेंगे और हर राज्य की राजधानी तथा एक अन्य प्रमुख शहर में स्थापित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य छोटे शहरों की क्षमता बढ़ाना और उन्हें अंतरराष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी के लिए तैयार करना है। ये ब्यूरो एमआईसीई (मीटिंग, इंसेंटिव, कान्फ्रेंस, एक्जीविशन) गतिविधियों का समन्वय करेंगे। दिल्ली के भारत मंडपम और यशोभूमि कॉम्प्लेक्स तथा मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर जैसी प्रतिष्ठित जगहों को इस पहल में प्राथमिकता दी जाएगी। 2026 से ये ब्यूरो स्वतंत्र निकाय के रूप में कार्य करेंगे और वैश्विक आयोजनों के लिए समन्वित सहयोग प्रदान करेंगे। एआई और डिजिटल समाधान अपनाकर भारत को भविष्य का पेशेवर आयोजन गंतव्य बनाया जाएगा। इस पहल का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में वैश्विक एमआईसीई बाजार में भारत की हिस्सेदारी दो गुना करना है।

## सोने की कीमतों में गिरावट, चांदी ने दिखाया मजबूत प्रदर्शन

नई दिल्ली एजेंसी। भारत में सोने की कीमतें हाल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद अब गिरावट दिखा रही हैं। बीते एक हफ्ते में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत में 1,200 रुपए और 100 ग्राम सोने की कीमत में 12,000 रुपए की कमी आई है। फिलहाल 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,34,180 रुपए और 100 ग्राम 13,41,700 रुपए पर कारोबार कर रहा है। वहीं, 22 कैरेट और 18 कैरेट सोने की कीमत क्रमश: 1,23,000 रुपए और 1,00,630 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। दिसंबर माह की बात करें तो सोने की कीमतों में अब तक लगभग 3 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है। बाजार के जानकारों का अनुमान है



कि शॉर्ट टर्म में सोने की कीमत 1,31,500 से 1,34,000 रुपए प्रति 10 ग्राम की रेंज में बनी रह सकती है। ऐसे में क्रिसमस वीक के दौरान सोना नए रिकॉर्ड स्तर तक नहीं पहुंच सकता। चांदी की कीमतों में भी हल्की गिरावट आई है। एक किलोग्राम चांदी का भाव 2,09,000 रुपए है, जो 18 दिसंबर को बने ऑल टाइम हाई 2,11,000 रुपए से 3,000 रुपए कम है। वहीं, 100 ग्राम चांदी 20,900 रुपए और 10 ग्राम 2,090 रुपए पर बिक रही है। दिसंबर में चांदी ने सोने की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है और अब तक लगभग 11 फीसदी की तेजी दर्ज की गई है। दिल्ली, जयपुर, लखनऊ और चंडीगढ़ में 24 कैरेट सोना 13,433 रुपए प्रति ग्राम पर है। मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद में 24 कैरेट सोना 13,418 रुपए और दक्षिण भारत के शहरों जैसे चेन्नई, कोयंबटूर व मदुरै में 13,528 रुपए प्रति ग्राम पर कारोबार हो रहा है।

# बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार ने उतार-चढ़ाव भरा रुख दिखाया

**मुंबई एजेंसी।** बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार ने उतार-चढ़ाव भरे रुख को दिखाया। बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी 50 दोनों सूचकांकों में कुल मिलाकर लगभग 0.3 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, लेकिन सप्ताह के अंत में आई मजबूती ने निवेशकों के भरोसे को थोड़ा बहाल किया। सप्ताह की शुरुआत में वैश्विक बाजारों की कमजोरी, अमेरिकी और एशियाई संकेतों में नकारात्मक रुख, और घरेलू स्तर पर रुपये की गिरावट ने बाजार पर दबाव डाला। इसके परिणामस्वरूप सोमवार और मंगलवार को सेंसेक्स और निफ्टी दोनों लाल निशान में बंद हुए सोमवार को सेंसेक्स 54.30 अंक गिरकर 85,213.36 पर और निफ्टी 19.65 अंक गिरकर 26,027.30 पर बंद हुआ। मंगलवार को गिरावट और तेज रही, सेंसेक्स 533.50 अंक गिरकर 84,679.86 और निफ्टी 167.20 अंक गिरकर 25,860.10 पर बंद हुआ। निवेशकों में सतर्कता बढ़ गई और बाजार में बेचवाली का दबाव नजर आया सप्ताह के मध्य बुधवार और गुरुवार को बाजार ने कुछ हद तक स्थिरता दिखाई। शुरुआती कारोबार में हल्की मजबूती देखने को मिली, लेकिन




सेंसेक्स और निफ्टी दोनों दिनों लाल निशान में बंद हुए। बुधवार को सेंसेक्स 120.21 अंक गिरकर 84,559.65 और निफ्टी 41.55 अंक गिरकर 25,818.55 पर बंद हुआ। गुरुवार को मामूली गिरावट रही, सेंसेक्स 77.84 अंक गिरकर 84,481.81 और निफ्टी 3.00 अंक गिरकर 25,815.55 पर बंद हुआ। शुक्रवार को बाजार ने चार दिनों की गिरावट के बाद मजबूती दिखाई। अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़े उम्मीद से कम आने के कारण फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना बढ़ गई। इसका सकारात्मक असर भारतीय बाजार पर पड़ा। सेंसेक्स 447.55 अंक की बढ़त के साथ 84,929.36 और निफ्टी 150.85 अंक की मजबूती के साथ 25,966.40 पर बंद हुआ।

## आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक पर 61.95 लाख रुपए का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कोटक महिंद्रा बैंक पर बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच, बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट अकाउंट्स, बिजनेस कोरसपोंडेंट्स (बीसी) द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के दायरे और क्रेडिट सूचना कंपनी नियम, 2006 (सीआईसी नियम) के प्रावधानों के उल्लंघन के संबंध में 61.95 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। केंद्रीय बैंक ने कहा, आरबीआई के निर्देशों, सीआईसी नियमों और संबंधित पत्राचार के प्रावधानों का अनुपालन न करने के पर्यवेक्षी निष्कर्षों के आधार पर, बैंक को नोटिस जारी किया गया था जिसमें उसे यह कारण बताने को कहा गया था कि आरबीआई के निर्देशों और सीआईसी नियमों के उक्त प्रावधानों का अनुपालन न करने के लिए उस पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए। बैंक द्वारा नोटिस के जवाब और अतिरिक्त प्रस्तुतियां पर विचार करने के बाद, आरबीआई ने पाया कि बैंक ने कुछ इसतरह के ग्राहकों के लिए एक और बीएसबीडी खाता खोला था जिनके पास पहले से ही बैंक में बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट अकाउंट (बीएसबीडी) था। इसके अतिरिक्त, बैंक ने बीसी के साथ ऐसी गतिविधियों को करने के लिए एक समझौता किया है, जो बीसी द्वारा की जा सकने वाली गतिविधियों के दायरे में नहीं आती हैं। इसके अलावा, आरबीआई के कहा कि बैंक ने कुछ उधारकर्ताओं के संबंध में क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) को गलत जानकारी दी। आरबीआई ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई वैधानिक और नियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य बैंक द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर कोई टिप्पणी करना नहीं है। आरबीआई ने आगे कहा, इसके अलावा, मौद्रिक जुर्माना लगाने का निर्णय आरबीआई द्वारा बैंक के खिलाफ शुरू की जाने वाली किसी भी अन्य कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगा।

## भारत में ओपनएआई, गूगल और परप्लेक्सिटी ने एआई टूल्स मुफ्त किए

**नई दिल्ली एजेंसी।** ओपनएआई, गूगल और परप्लेक्सिटी ने भारत में अपने प्रीमियम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स को मुफ्त में उपलब्ध कराना शुरू किया है। इसका मुख्य उद्देश्य भारतीय यूजर्स की संख्या तेजी से बढ़ाना है। भारत दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल बाजारों में से एक है, जहां लगभग 73 करोड़ स्मार्टफोन यूजर्स हैं और मोबाइल डेटा दुनिया में सबसे सस्ता है। यूजर्स हर महीने लगभग 21 गीगाबाइट डेटा इस्तेमाल करते हैं और प्रति गीगाबाइट केवल 9.2 सेंट का भुगतान करते हैं, जिससे एआई टूल्स का इस्तेमाल और किफायती हो जाता है। ओपनएआई ने अपना चेटजीपीटी गो प्लान भारत में एक साल के लिए मुफ्त कर दिया है। पहले यह प्लान 54 डॉलर सालाना था। सेंसर टॉवर के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में चेटजीपीटी के दैनिक एक्टिव यूजर्स 73 मिलियन तक पहुँच गए हैं, जो पिछले साल की तुलना में 607 प्रतिशत की वृद्धि है। यह संख्या अमेरिका के दैनिक यूजर्स से दोगुनी है, जिससे भारत अब चेटजीपीटी के लिए सबसे बड़ा रोजाना यूजर बाजार बन गया है। परप्लेक्सिटी ने भी अपने प्रो प्लान को, जो दुनियाभर में 200 डॉलर सालाना है, एयरटेल ग्राहकों के लिए मुफ्त कर दिया। इसके बाद भारत के डेली एक्टिव यूजर्स की हिस्सेदारी 33 प्रतिशत तक पहुँच गई, जबकि यह पिछले साल केवल 7 प्रतिशत थी। यूजर इंगेजमेंट डेटा से पता चलता है कि भारत में चेटजीपीटी सबसे लोकप्रिय है। नवंबर में लगभग 46 प्रतिशत मासिक यूजर्स ने रोज ऐप खोला, जबकि परप्लेक्सिटी के लिए यह संख्या 20 प्रतिशत और जे ?मिनी के लिए 14 प्रतिशत थी।




**मेष**- आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती से भरा रहने वाला होगा। आपको अपने किसी साथी की कोई बात बुरी लग सकती है। आप यदि कहीं घूमने-फिरने की योजना बना रहे थे, तो आप अपने माता-पिता से पूछ कर जाएं ,तो आपके लिए बेहतर रहेगा और आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा।

**वृषभ**- आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए बढिया रहने वाला है, उनकी मेहनत रंग लाएगी और उन्हें किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है। आपकी अपने बॉस से किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है, लेकिन उसमें आप अपनी इगो को बीच में ना लेकर आए, नहीं तो वह बढ़ सकता है। संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश करेगी, तो आप उसे पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे और आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं।

**मिथुन**- आज आपको कार्यक्षेत्र में कोई बहलाने फुसलाने की कोशिश कर सकता है, जिससे आपके आपसी वाद विवाद खड़े होंगे। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लगती है और घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको अपने कामों को लेकर थोड़ा धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है। आपकी कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी और आपका कोई परिजन यदि आपसे नाराज चल रहा था, तो उसे भी आप मानने की पूरी कोशिश करेंगे।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आपके परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की होने से माहौल खुशनुमा रहेगा और आपके ऊपर यदि कुछ कर्जो था, तो उसे भी आप आसानी से उतार सकते हैं। आप अपने लिए कुछ नए कपड़े, जूते, मोबाइल आदि की खरीदारी करेंगे, जो आपके लिए अच्छी रहेगी, लेकिन आपको अपनी इन्कम को ध्यान में रखकर व्यय करना बेहतर रहेगा। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा, जिससे आपकी इन्कम भी बढ़ेगी।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। एक साथ कई काम हाथ लगेंगे, जो आपके टेंशनों को बढ़ाएंगे। आपके मन में किसी बात को लेकर यदि उतावलापन हो, तो आप उसमें ढील बिल्कुल न दें। आप अपनी माताजी से काम को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं। आपका कोई पुराना काम यदि पैंडिंग था, तो उसे भी आप पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है, जो आपको खुशी देगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती से भरा रहने वाला है। आज आपको अपनी कमियों को दूर करके आगे बढ़ना होगा और जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आज आपको लिए किसी से कोई वादा सोच समझकर करने के लिए रहेगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**तुला**- आपका दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है, लेकिन सेहत को लेकर भी आपका इंतजार हो सकता है और किसी से धन का लेनदेन सोच समझकर करें, क्योंकि आपके साथ कोई धोखा हो सकता है। जीवनसाथी काम को लेकर कहीं बाहर जा सकते हैं। आप अपने किसी मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुश होंगे और परिवार में यदि कलह चल रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपकी इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा, लेकिन आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है। आज आपका धैर्य और साहस बढ़ने से खुशी होगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपनी संतान से किए हुए बातें को पूरा करना होगा।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए सुख- सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी किसी बात को लेकर पिताजी आपसे नाराज हो सकते हैं। आप अपने बिजनेस में उतार चढ़ाव को लेकर भी थोड़ा टेंशन में रहेंगे, लेकिन फिर भी आप अच्छा लाभ कमाने में कामयाब रहेंगे। आपके मन में काम को लेकर नए-नए आइडिया आएंगे, जिन्हें आप तुरंत अपने काम में आगे बढ़ाएं। राजनीति में कार्यरत लोग किसी दूसरे से सलाह ना लें।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको किसी दूसरे के मामले में बोलने से बचना होगा। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है, लेकिन आपकी अपने भाई व बहनों से भी खूब पटेगी। सिंगल लोगों की अपने साथी की याद सता सकती हैं, लेकिन भावनाओं में बहकर लिए गए निर्णय के लिए बाद में आपको पछतावा होगा।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में थोड़ा ध्यान देने के लिए रहेगा, क्योंकि आपका कोई भारी नुकसान हो सकता है। यदि आपने किसी काम को लेकर पार्टनरशिप की, तो उसमें भी आपके साथ कोई धोखा होने की संभावना है।

**मीन**- आज आपके अंदर कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी, जिससे आपके मन में जल्दबाजी रहेगी और संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी और आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। यदि आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करने की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह इच्छा भी पूरी हो सकती है। आप अपने आसपास रह रहे

## शब्दजाल - 8116

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | ल | व | दे | रं | गी | ला | न | ल | क |
| दि | म | ल | रु | व | ग | गी | र | इ | ट | ली |
| ल | स | मं | ल | द्र | दे | पु | चं | पा | व | त |
| क | व | ग | य | पु | ब | न | प | न | ल | ज |
| क | क | ल | ग | श्री | सं | या | तू | ग | झ | वा |
| जी | क | पां | व | ह | ती | पू | ग | ण | घ | नी |
| उ | आ | डे | न | ल | ल | ल | श | र | ला | जिं |
| क | त्त | दा | ई | गा | व | क | फ | लो | श | दा |
| च | बा | जी | न | न | जी | ल | री | ग | प | बा |
| मो | पा | ल | का | व | ह | इ | श्क | र | प | द |
| ली | क | ल | रा | ख | न | रा | बा | द | प | र |

*शब्दजाल में 'आमिर खान' अभिनीत 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.*

लव लव लव,लगान,राख,दिल, जवानी जिंदाबाद, रंग दे बसंती, मंगल पांडे, रंगीला, बाजी, इश्क


### शब्दजाल - 8115 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | ज | ग | म | गा | ह | ट | झ | क | चि |
| छ | च | र | ह | रिं | लै | ता | दि | शा | को | क |
| ट | र | ह | झि | दा | चि | सिं | बे | ला | ल | ना |
| प | म | दा | च | ल | क | ड़ | हा | दा | र | ह |
| व | रा | र | ष | हा | मि | री | चि | स | र | ट |
| ह | ह | प | व | दा | ह | ला | ती | झ़ | न | ती |
| ट | ट | बु | अं | र | म | ट | ह | ला | ह | क |
| बा | जी | वा | ला | क | छ | सौ | न | ट | जू | ट |
| स | थो | तें | व | ह | ज | दा | ने | दा | र | द |
| र | ल | प | ति | रं | ट | ऐ | बें | न | रु | थो |
| त | ड़ | पा | ह | ट | ख | बौ | ख | ला | ह | ट |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

21 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | धनु | 06.14 बजे से |
| चंद्र | धनु में | मकर | 08.23 बजे से |
| मंगल | धनु में | कुंभ | 10.10 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 11.42 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मेष | 13.13 बजे से |
| शुक्र | धनु में | वृष | 14.53 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 16.51 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 19.05 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 21.21 बजे से |
| राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक | | कन्या | 23.33 बजे से |
| | | तुला | 01.43 बजे से |
| | | वृश्चिक | 03.58 ब.से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 355 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** पौष **पक्ष** शुक्ल **तिथि** प्रतिपदा 09.12 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 03.36 बजे रात्र को समाप्त। **योग** वृद्धि 16.36 बजे को समाप्त। **करण** बव 09.12 बजे तदनन्तर बालव 22.04 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 0.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 26' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872565 **जूलियन दिन** 2461030.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 29 **विशेष** चंद्र दर्शन, वर्ष का सबसे छोटा दिन।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः गुरु का संदेश

छत्रपति शिवाजी ने अपने पराक्रम से अनेक लड़ाइयां जीतीं। इससे उनके मन में थोड़ा अभिमान आ गया। उन्हें लगता था कि उनके जैसा वीर धरती पर और कोई नहीं है। कई बार उनका यह अभिमान औरों के सामने भी झलक पड़ता। एक दिन शिवाजी के महल में उनके गुरु समर्थ रामदास पधारे। शिवाजी वैसे तो रामदास का काफी आदर करते थे लेकिन उनके सामने भी उनका अभिमान व्यक्त हो ही गया, 'गुरुजी अब मैं लाखों लोगों का रक्षक और पालक हूं। मुझे उनके सुख-दुख और भोजन-वस्त्र आदि की काफी चिंता करनी पड़ती है।' रामदास समझ गए कि उनके शिष्य के मन में राजा होने का अभिमान हो गया है। इस अभिमान को तोड़ने के लिए उन्होंने एक तरकीब सोची। शाम को शिवाजी के साथ भ्रमण करते हुए रामदास ने अचानक उन्हें एक बड़ा पत्थर दिखाते हुए कहा, 'शिवा, जरा इस पत्थर को तोड़कर तो देखो।' शिवाजी ने गुरु की आज्ञा का पालन करते हुए तत्काल वह पत्थर तोड़ डाला। किंतु यह क्या, पत्थर के बीच से एक जीवित मेंढक एक पतंगे को मुंह में दबाए बैठा था। इसे देखकर शिवाजी चकित रह गए। समर्थ रामदास ने पूछा, 'पत्थर के बीच बैठे इस मेंढक को कौन हवा-पानी दे रहा है? इसका पालक कौन है? कहीं इसके पालन की जिम्मेदारी भी तुम्हारे कंधों पर तो नहीं आ पड़ी है?' शिवाजी गुरु की बात का मर्म समझकर लज्जित हो गए। गुरु ने उन्हें समझाया, 'पालक तो सबका एक ही है और वह परम पिता परमेश्वर। हम-तुम तो माध्यम भर हैं। इसलिए उस पर विश्वास रखकर कार्य करो। तुम्हें सफलता अवश्य मिलेगी।'

## फिल्म वर्ग पहेली- 7060

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | | 4 | | 5 | |
| | | 6 | | | | 7 | | | 8 |
| 9 | 10 | | | 11 | 12 | | | 13 | |
| | | | 14 | | 15 | | 16 | | |
| 17 | | | | | | | 18 | | |
| | | | | | | 19 | | | |
| 20 | 21 | | | 22 | | | | 23 | |
| 24 | | | | | | 25 | | | |
| | | 26 | | | | | | | |
| | 27 | | | | | 28 | | | |

**ऊपर से नीचे:-**

१.'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
२. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-३
३. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
४. गीफा अवार्ड्स में किस को फिल्म 'रंग दे बसंती' के लिये सर्वश्रेष्ठ संगीतकार का पुरस्कार मिला था-४
५. ओमपुरी, शबाना आजमी, माधुरी की सुधीर मिश्रा निर्देशित फिल्म-३
८. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीना राय की १९९२ की एक फिल्म-४
१०. जिमी, उदय चोपड़ा, इरफान, नम्रता की 'राहें लहरा के हम से' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'रंग और नूर की बारात किसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना की फिल्म-३
१४. मिथुन, सारिका की 'साथी है हम जनमों के' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली रंजन, चित्रा जयश्री की फिल्म-३
१७. मिथुन, चंकी, ऋतुपर्णा, सोमी की 'जब मैंने तेरा' गीत वाली फिल्म-३,२
१९. फिल्म 'बंदिनी' की नायिका कौन थी-३
२१. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की 'बेईमान पिया रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिरोज खान, मुमताज की फिल्म-४
२३. विनोद खन्ना, आमिर, सैफ, अश्विनी भावे, रवीना, नीलम की 'हम बंजारे दिल नहीं देते' गीत वाली फिल्म-४
२६. जितेन निर्देशित मिथुन चक्रवर्ती, राखी, नीता मेहता की १९८६ की एक फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, संजीवकुमार, सचिन, हेमा, राखी, पूनम ढिल्लों की फिल्म-३
३. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
७. 'नीले गगन के तले' गीत वाली सुनील दत्त, मुमताज की फिल्म-४
९. 'जुबलीकुमार' राजेंद्रकुमार की पहली फिल्म जिसकी नायिका गीता बाली थी-३
११. अशोककुमार, नादिरा की 'काहे जादू किया मुझको' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुपर हिट फिल्म 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम क्या था-२
१५. कुमार गौरव, शरनाज की 'जिंदगी कब तुम को' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'आजा आजा मैं हूँ प्यार' गीत वाली शम्मीकपूर, आशा की फिल्म-३,३
१८. सतीश कौल, सरिता की बी. आर. इशारा निर्देशित १९७४ की एक फिल्म-३
१९. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख शेख, पूनम का फिल्म-२
२०. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या कर दिया' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'दुनिया में कितना' गीत वाली राजेश खन्ना, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
२४. मनोज बाजपेयी, उर्मिला की जोड़ी वाली रामगोपाल वर्मा की एक फिल्म-२
२५. 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली महीपाल, संध्या की फिल्म-४
२६. विनोद मेहरा, मौसमी की 'तेरे नैनों के मैं दीप' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'हम' में नायिका किमी काटकर के किरदार का नाम क्या था-२
२८. बलराज साहनी, लीला की 'हाये रे वो दिन क्यूं ना' गीत वाली फिल्म-४

### फिल्म वर्ग पहेली- 7059

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | र | दे | स | | शा | ली | मा | र | |
| हे | | व | र | दा | न | | सु | | ही |
| ली | ड | र | | न | | ओ | म | का | श |
| | र | | शि | व | श | म | | पों | |
| जु | | दा | वा | | ज | | फ | रे | ब |
| बै | श | ग | | चा | ह | त | | ट | |
| दा | | | शि | | ठ | | दा | | अ |
| | स | त्य | का | म | | श | मा | | न |
| दौ | ड़ | | र | जा | मु | श | द | | क |
| | क | र्ज | | ल | | बी | | जू | ही |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 7369

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7368 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

## शब्द पहेली - 8584

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 2 | 3 | | 4 | | 5 |
| 6 | | | 7 | | 8 | | | |
| 9 | 10 | | | 11 | | | | |
| | 12 | | 13 | | | | | |
| 14 | | 15 | | | 16 | 17 | | |
| | | | | | 18 | | | 19 |
| 20 | | | | 21 | | 22 | | 23 |
| | | | 24 | | 25 | | 26 | |
| 27 | | | | 28 | | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. सुरक्षित, संरक्षित-4
4. उत्सुकता, जिज्ञासा-3
6. पिता के पिता-2
7. नमस्कार, प्रणाम-3
9. आखेट मंच-3
11. आत्मबलिदानी-5
12. प्लेट, तश्तरी-3
15. रहस्य, भेद-2
16. जी, चित्त-2
18. जुड़वा-3
20. मन का मिलना-5
22. नल, टोंटी-3
24. देवर्षि, देवमुनि-3
26. गुप्तचर, जासूस-2
27. गमन, विदा होना-3
28. ईश्वर, रब-4

**ऊपर से नीचे**

1. सद्चरित्रता-3
2. इच्छा, मर्जी-2
3. अंधकार, अंधेरा-3
5. धार्मिक आयोजन स्थल तक मंगल कलश ले जाना-5
6. मोल, कीमत, दर-2
8. नरक के समान-5
10. बेकार, अयोग्य-3
13. बुआई करना-2,3
14. विश्वविजेता, संसार जीतने वाला (उर्दू-5)
17. प्रणाम, नमस्कार-3
19. जल में रहने वाला-4
21. स्वर्ग का विलोम-3
23. छोटी सवारी गाड़ी-2
25. कीमत, भाव-2

### शब्द पहेली -8583 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | ब | न | म | | | आ | का | श |
| रा | | | स्त | र | ही | न | | म |
| रा | त | | | सी | ना | | | शी |
| | र | ग | | ला | | क | बी | र |
| | का | ज | ल | | अ | स | र | |
| क | री | ब | | मि | | र | ब | |
| रा | | | बा | रा | | | ल | ब |
| मा | | रा | ह | ज | नी | | | हा |
| त | र | ह | | | म | ज | बू | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# नक्सल प्रभावित ग्राम हर्राdेही में जनसुनवाई शिविर आयोजित

## ग्रामीणों ने गांव में स्कूल खोलने एवं बिजली व्यवस्था सुधारने की रखी मांग





**पद्मेश न्यूज। लांजी।**

लांजी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरबेली के ग्राम हर्रादेही में जिला प्रशासन द्वारा जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। यह ग्राम नक्सल प्रभावित क्षेत्र में स्थित है। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर सुनकर उनका त्वरित निराकरण करना तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना रहा। शिविर में बालाघाट रेंज के पुलिस महानिरीक्षक संजय सिंह, कलेक्टर मृणाल मीना, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, लांजी एसडीएम कमल सिंहसार, जनपद सीईओ रामगोपाल यादव एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान हर्रादेही के ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति की समस्या बताते हुए संचार सुविधा के लिए मोबाइल टावर स्थापित करने की मांग की। वहीं केराडीह के ग्रामीणों ने गांव में स्कूल खोलने एवं बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग रखी। सायर और संदूका के ग्रामीणों ने भी बिजली की समस्या बताई। उलटनाला के ग्रामीणों ने आंगनवाड़ी केंद्र खोलने की मांग की। इसके अलावा ग्रामीणों ने वन अधिकार पट्टा दिए जाने की मांग भी रखी और बताया कि इसके लिए आवेदन किया जा चुका है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिलने की जानकारी दी। शिविर के दौरान लगभग 50 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। साथ ही 50 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 3 बालिकाओं को लाड़ली लक्ष्मी योजना के स्वीकृति पत्र तथा 5 हितग्राहियों को संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह राशि प्रदान की गई। कृषि विभाग द्वारा एक हितग्राही को नलकूप खनन हेतु अनुदान स्वीकृति पत्र तथा 2 किसानों को अलसी, सरसों एवं मसूर के बीज वितरित किए गए। ऐसे जनसुनवाई शिविर से ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है और समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल देखने को मिलती है।

### लाभार्थियों को लाभ देने शिविरों का आयोजन-कलेक्टर

सभी प्रमुख विभाग इस तरह के शिविरों में शामिल होते हैं। जब पूर्व में नक्सल प्रभावित ग्रामों में हमने शिविरों की योजना बनाई थी, तो यह तय किया गया था कि नक्सल समस्या समाप्त होने के बाद उन ग्रामों में, जहां इस तरह के शिविर नहीं लग पाते और हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता, वहां विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। आज हमने सभी विभागों के साथ मिलकर ऐसा ही शिविर लगाया है। जिन हितग्राहियों को पहले लाभ नहीं मिल पाया था, उन्हें मौके पर ही फॉर्म भरवाकर योजनाओं का लाभ दिलाया गया है। आयुष्मान कार्ड और लाड़ली बहना जैसी योजनाओं के अंतर्गत भी आज लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया है।

## कलेक्टर मृणाल मीना ने प्राथमिक शाला बेदरेटोला, माध्यमिक शाला टेडवा व हाईस्कूल बेलगांव का किया निरीक्षण

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** कलेक्टर मृणाल मीना ने लांजी तहसील के ग्राम टेडवा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला बेदरेटोला टेडवा, माध्यमिक शाला टेडवा तथा ग्राम बेलगांव के हाईस्कूल का निरीक्षण कर शालाओं में संचालित शैक्षणिक एवं व्यवस्थागत गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ और लांजी एसडीएम कमल सिंहसार भी मौजूद रहे।



### कलेक्टर ने ली शैक्षणिक स्तर की जानकारी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शिक्षकों की ई-अटेंडेंस, उपस्थिति, मध्याह्न भोजन की व्यवस्था तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की उपस्थिति रजिस्टर में ही उनकी ग्रेडिंग दर्ज की जाए, ताकि उनकी प्रगति का नियमित आकलन हो सके।

### कलेक्टर ने शिक्षकों को दिए ये निर्देश

कलेक्टर ने शिक्षकों को समय पर शाला में उपस्थित रहकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक हमारे शिक्षक ऐप के माध्यम से नियमित ई-अटेंडेंस लगाएं और शाला बंद होने के समय लॉग आउट करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने शिक्षकों को शाला परिसर में स्वच्छता बनाए रखने और बच्चों के लिए स्वच्छ एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण से शालाओं में शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासन को लेकर सकारात्मक संदेश गया।

### कलेक्टर का विद्यार्थियों से संवाद

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने, भविष्य का लक्ष्य तय कर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को खेलकूद, संगीत और अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने की सलाह दी, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

## पुलिस ने 15 पाव अवैध शराब पकड़ी, आरोपी पर मामला दर्ज

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** थाना लांजी पुलिस ने ग्राम नीमटोला में अवैध शराब रखने वाले एक व्यक्ति को पकड़कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम नीमटोला में बबन सोनवाने के घर के सामने एक व्यक्ति अवैध शराब का थैला लेकर खड़ा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी भागने की कोशिश करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। आरोपी ने अपना नाम रवीन्द्र पिता राधेलाल आमाडारे 41 वर्ष निवासी वार्ड नं. 10 नीमटोला बताया। पुलिस ने उसके पास से लाल मसाला की 06 पाव एवं देशी सफेद प्लेन मदिरा की 09 पाव (प्रत्येक 180 एमएल) कुल 15 पाव यानी लगभग 2 लीटर 700 मिली अवैध शराब बरामद की। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1380 आंकी गई। पुलिस द्वारा पुछने पर आरोपी शराब रखने के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने शराब को जप्त कर पंचनामा तैयार किया और आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है, और आरोपी को न्यायालय में उपस्थिति होने कि लिए धारा 35(1) बीएनएसएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना जारी है।

## पुलिस ने पालडोगंरी बस स्टैंड स्थित मोबाइल दुकान में हुई चोरी का पर्दाफाश कर आरोपियों को किया गिरफ्तार

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** थाना लांजी पुलिस ने मोबाइल दुकान में हुई चोरी का पर्दाफाश कर आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर आदर्शकांत शुक्ला द्वारा लंबित अपराधों के निराकरण हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई थी। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लांजी ओमप्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी कार्यशैली और सूझबूझ से मामले का खुलासा किया। क्षेत्र के ग्राम अमेड़ा निवासी विनित पिता होमेश्वर बिछोडे 26 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी अंकित मोबाइल शॉप एंड रिपेयरिंग, पालडोगंरी बस स्टैंड पर स्थित दुकान से 16 दिसंबर की रात अज्ञात चोरों ने शटर तोड़कर मोबाइल, मोबाइल एसेसरीज और रिपेयरिंग का सामान चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 322/2025 धारा 331(4), 305(1) ब्नहस् के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। फुटेज में आए संदिग्धों से पूछताछ कर दबिश दी गई और चोरी का माल बरामद किया गया। घटना में शामिल सभी विधि विरुद्ध बालकों को अभिरक्षा में लेकर न्यायालय में पेश किया गया। आरोपियों के पास से 8 मोबाइल, ब्लूटूथ स्पीकर, एयर बड्स, मोबाइल कवर एवं ग्लास, टेस्टर, पेनड्राइव, मेमोरी कार्ड, छैनी-हथौड़ी, मोटरसाइकिल पैशन प्रो जब्त किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी लांजी उनि दीप सिंह परमार, उनि शब्बीर खान, आर सुजीत पाल, आर आशुतोष सिंह और आर चेतन सोनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अहीर यादव समाज का ब्लाक स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** क्षेत्र के ग्राम बापड़ी कारंजा में 25 दिसंबर को अहीर यादव समाज एवं महिला संगठन ब्लॉक लांजी के तत्वाधान में सातवां ब्लाक स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम राजकुमार कर्राहे विधायक, गुलाब यादव जिलाध्यक्ष अहीर समाज संगठन बालाघाट, अमृत यादव प्रदेश प्रतिनिधि, देवकिशन यादव जिलाध्यक्ष अहीर यादव समाज गोंदिया के आतित्य में, रामगोपाल यादव सीइओ लांजी, चंचलेश यादव, दिलीप यादव लांजी थाना के विशेष आतिथ्य, मतेश यादव, खेमराज मच्छिरके सरपंच बापड़ी, मुकेश यादव, मनेज यादव, संगीता यादव महिला जिलाध्यक्ष अहीर यादव समाज, लता बघाडे महिला जिलाध्यक्ष अहीर यादव समाज गोंदिया, आरती यादव, जामबती रक्से सरपंच लटोरी के आतिथ्य में होगा। जानकारी में बताया गया कि इस कार्यक्रम में प्रात~ 10 बजे से लांजी ब्लॉक के उन विद्यार्थियों को सम्मान किया जाएगा। जिन्होंने सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं और 10वीं में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाकर परिवार और समाज का मान बढ़ाएं हैं। साथ ही ऐसे युवाओं का सम्मान किया जाएगा जिन्होंने जिला स्तर पर खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में सफलता अर्जित किया है। इस कार्यक्रम में उनका भी सम्मान किया जाएगा जिन्होंने समाज के उत्थान के लिए उत्कृष्ट कार्य किए हैं। उक्त कार्यक्रम में आयोजक अहीर यादव समाज एवं महिला संगठन ब्लॉक लांजी के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने अहीर यादव समाज के लोगों से पहुंचने की अपील किए हैं।

## माता भगवती देवी शर्मा जन्मशताब्दी रथयात्रा, लांजी में अखंड दीप के साथ भव्य आयोजन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में अखंड दीप एवं माता भगवती देवी शर्मा जन्मशताब्दी रथ यात्रा का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ लांजी द्वारा 24 दिसंबर से 26 दिसंबर तक किया गया है। जिसमें क्षेत्र के भक्तों से रथ यात्रा के स्वागत के लिए 24 दिसंबर दिन बुधवार को प्रात~ 9 बजे कोटेश्वर चौक पर उपस्थित होने की अपील की गई है। रथयात्रा का स्वागत पुष्पहार, फूल एवं बैंड-बाजे के साथ करते हुए सभी परिजन शोभायात्रा के साथ रथ गायत्री शक्तिपीठ लेकर आएंगे। शक्तिपीठ में दोपहर भोजन, विश्राम के बाद रथ यात्रा संपूर्ण लांजी नगर का भ्रमण कर शाम 6 बजे पुन~ गायत्री शक्तिपीठ पहुंचेगी। यहां दीपयज्ञ, भोजन और रात्रि विश्राम होगा। अगले दिन 25 दिसंबर को प्रात~ जलपान के बाद रथयात्रा भिलाई रोड होते हुए क्षेत्रिय भ्रमण के लिए रवाना होगी। उस दिन दोपहर का भोजन गायत्री चेतना केंद्र मनेरी में होगा। यहां से रथयात्रा आगे भ्रमण करते हुए शाम 6 बजे गायत्री चेतना केंद्र बोथली पहुंचेगी। जहां दीपयज्ञ भोजन व रात्रि विश्राम होगा। 26 दिसंबर दिन शुक्रवार को प्रात~ जलपान के बाद रथयात्रा यहां से गायत्री मंदिर आवा के लिए रवाना होगी। यहां मध्यान्ह भोजन के बाद रथयात्रा शाम 6 बजे गायत्री शक्तिपीठ भानेगांव पहुंचेगी जहां दीपयज्ञ, भोजन एवं रात्रि विश्राम होगा। अगले दिन 27 दिसंबर को जलपान के बाद रथ यात्रा ब्लॉक गायत्री परिवार किरनापुर के लिए रवाना होगी। रथयात्रा में सभी लोगों से

# भिलाई ने जीती अंतरराज्जीय क्रिकेट प्रतियोगिता

## तिरोड़ी की जनता ने विधायक के समक्ष खेल मैदान में दर्शकदीर्घा बनाने की रखी मांग

**पद्मेश न्यूज ।कटंगी।** मायॅल नगरी तिरोड़ी के दुर्गा ग्रांउड में 12 दिसंबर से मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के तत्वाधान में आयोजित अंतरराज्जीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शनिवार की शाम 05 बजे समारोहपूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला भिलाई और मंडला के मध्य खेला गया। यह मैच काफी रोमांचक रहा। जिसने दर्शकों को आखरी तक मैदान में बनाए रखा। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में भिलाई ने मंडला की टीम को 23 रनों से हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी ने की। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिलाध्यक्ष इंद्रजीत भोज प्रमुख अतिथि रहे। थाना प्रभारी तिरोड़ी कौशल कुमार सूर्या, सरपंच फौजिया खान, सहायक मॉयल प्रबंधक उदित बोथरा, मंडल अध्यक्ष भाजपा अविनाश देशमुख, रहीम खान, नवीन अग्रवाल, हाजी जमील नाजमी, अजहर अली, आनंद बरमैया, फैयाज अंसारी, ज्ञानीराम राहंगडाले, म.प्र.श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक अध्यक्ष तिरोड़ी पवन वैध, म.प्र.श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक अध्यक्ष कटंगी अमजद खान, राम भाऊ चोपकर शाखा प्रबंधक विशेष अतिथि रहे। समापन समारोह के दौरान तिरोड़ी क्षेत्र की जनता ने विधायक से दुर्गा ग्राउंड में दर्शकदीर्घा का निर्माण करवाने की मांग रखी। विधायक ने भरोसा दिया कि बिना ग्राउंड को खराब किए अगर दर्शकदीर्घा बनाई जा सकती है तो वह हर संभव मदद करने को तैयार है।




विधायक ने स्थानीय क्रिकेट खिलाड़ियों से लेदर बॉल से ही क्रिक्रेट खेलने की अपील की है साथ ही खिलाड़ियों को सारा सामान उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। विधायक ने कहा कि टेनिस बॉल की अपेक्षा खिलाड़ियों को लेदर बॉल से क्रिकेट खेलना चाहिए क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय खेल है।


### मंडला और भिलाई के बीच फाइनल मुकाबला

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में भिलाई की टीम ने पहली बैटिंग करते हुए 20 ओवर में मंडला टीम के सामने 157 रनों का लक्ष्य रखा। जवाबी पारी खेलने उतरी मंडला की टीम का शुरूआती परिणाम बेहद शानदार रहा। दर्शकों को यह मैच एक तरह से एकतरफा लग रहा था लेकिन भिलाई के आदित्य कुमार की शानदार गेंदबाजी ने मैच का पलट कर रख दिया। शुरूआत के 10 ओवरों तक जो टीम लगभग जीत के कगार पर पहुंच चुकी थी वह टीम दनादन विकेट गिरने के बाद 23 रनों से हार गई। मंडला की टीम के बेहद शानदार बल्लेबाज बसंत ठाकुर ने 35 गेंदों में 71 रन निकाले परंतु उनकी धुंआधार बल्लेबाजी भी मैच नहीं जीता पाई। प्रतियोगिता में नागपुर, जबलपुर, तुमसर, भिलाई, रायपुर, मलाजखंड, बरघाट, बालाघाट, तिरोड़ा सहित कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया था। विजेता टीम भिलाई को मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने 51 हजार रुपए और उपविजेता टीम मंडला को ग्राम पंचायत तिरोड़ी के द्वारा 31 हजार रुपए की नगद राशि और दोनों को ट्रॉफी भेंट की गई।

### अतिथियों ने खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित

समापन समारोह में थाना प्रभारी कौशल कुमार सूर्या थाना प्रभारी ने कहा जब से प्रतियोगिता शुरू हुई तिरोड़ी की फिजा बदल गई थी। खेल में हार जीत होते रहती है हार का कम नहीं मनाना चाहिए। टेनिस बॉल का चलन आ गया है तिरोड़ी में लेदर बॉल का आयोजन हुआ ये खिलाड़ियों के लिए एक अच्छी बात है। उदित बोथरा ने कहा भिलाई को जीत की बधाई मंडला की टीम को भी बधाई उन्होंने भी शानदार प्रदर्शन किया। हाजी जमील नाजमी ने कहा कि लाठी का सहारा हो तो अंधा भी चल सकता है और हौसला बुलंद हो तो मुकद्दर भी बदल सकता है। यह बात भिलाई की टीम पर लागू होती है। जिसके खिलाड़ियों ने मैच को जीत में बदल दिया। इन्द्रजीत भोज ने भी मंडला और भिलाई की टीमों के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कलेक्टर मृणाल मीना ने देवरबेली स्थित धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण



**पद्मेश न्यूज। लांजी।** तहसील अंतर्गत नक्सल प्रभावित ग्राम देवरबेली स्थित धान खरीदी केंद्र का कलेक्टर मृणाल मीना ने 20 दिसंबर को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में की जा रही खरीदी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किसानों की उपस्थिति में धान की बोरियों का तौल कराया। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि निर्धारित मात्रा से अधिक धान का तौल न हो। कलेक्टर ने केंद्र में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था का अवलोकन किया तथा धान खरीदी के लिए पंजीयन कराने वाले किसानों, स्लॉट बुकिंग की स्थिति, अब तक खरीदी गई धान की मात्रा और परिवहन की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र प्रभारी को निर्देश दिए कि केवल निर्धारित गुणवत्ता (एक्यू क्वालिटी) की धान ही खरीदी जाए और किसानों को उनके भुगतान की प्रक्रिया शीघ्रता से पूर्ण कराई जाए। निरीक्षण के दौरान लांजी के अनुविभागीय अधिकारी रजस्व कमल सिंहसार भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि धान खरीदी कार्य में किसी प्रकार की अनियमितता न हो और किसानों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## बीईओ ने शासकीय प्राथमिक शाला मेंड़रा का किया निरीक्षण, बच्चों को भेंट की पानी की बोतले

**पद्मेश न्यूज ।किरनापुर।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी किरनापुर गणेश प्रसाद सोनी एवं टीम प्राचार्य एन.सी.परिहार, प्राचार्य घनश्याम तेलासे, प्राचार्य बसंत चौधरी के द्वारा ग्राम मेंढरा के शासकीय प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण किया। एवं विद्यालय के विद्यार्थियों को पानी की बोतल प्रदान की गई। इस दौरान संस्था के प्रधानाध्यापक सूर्यकांत कालबेलिया एवं छात्रों को परीक्षा पूर्व अध्ययन करने के तरीकों पर समझाइए दी गई। बताए कि शासकीय प्राथमिक शाला मेंड़रा का भवन बेहद ही जर्जर भवन है इस स्कूल मे 17 बच्चे अध्ययनरत है। जहां एक नियमित एवं एक अतिथि शिक्षक पदस्थ हैं।जानकारी मे बीईओ गणेश प्रसाद सोनी ने बताया कि इतने अंदर जंगल ग्राम में भी छात्रों का स्तर अच्छा पाया गया। हमारे द्वारा नवीन भवन निर्माण कार्य के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन स्तर पर भिजवाया जा चुका हैं।



लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# नए साल में 71 आईएएस होंगे पदोन्नत

## - चौधरी, भटनागर, वर्मा, गर्ग और पवन जैन का प्रमोशन रुका

भोपाल। मध्यप्रदेश में नए साल में प्रशासनिक तंत्र में बड़ा फेरबदल होगा। प्रदेश के 71 आईएएस पदोन्नत (प्रमोट) होंगे। इसी कड़ी में नए सिरे से अधिकारियों की जमावट होगी। 25 साल की सेवा पूरी करने वाले दो आईएएस प्रमुख सचिव भी बनेंगे। 2010 बैच के 17 अधिकारी 1 जनवरी से सचिव के पद पर प्रमोट होंगे। आईएएस अधिकारी जनवरी 2026 में पदोन्नत होंगे। वहीं पांच आईएएस अधिकारियों का प्रमोशन रूक गया है। वर्ष 2010 बैच के आईएएस अधिकारी अनुराग चौधरी फिलहाल सचिव नहीं बन पाएंगे। इसके साथ ही 4 और आईएएस अधिकारियों के प्रमोशन का मामला अटक गया है। इनमें 2012 बैच के तरुण भटनागर और संतोष वर्मा शामिल हैं। इसी तरह 2013 बैच के ऋषि गर्ग और पवन जैन का प्रमोशन भी रुक गया है। चौधरी के मामले में विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) ने लिफाफा बंद कर दिया है।



जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा और प्रशासन अकादमी के डीजी सचिन सिन्हा ने उपरोक्त नाम पर विचार किया। पिछले सप्ताह हुई डीपीसी में चौधरी के साथ सभी नामों को प्रमोशन के लिए रोक दिया गया था। चौधरी के मामले में कमेटी को अलग से विचार करना था, क्योंकि उनके प्रकरण प्रमोशन की संभावना बन गई थी, लेकिन शुक्रवार की बैठक में लिफाफा बंद रखने पर ही सहमति बन गई। मंत्रालय सूत्रों का कहना है कि वर्मा पर एक क्रिमिनल केस व दो विभागीय जांच (डीई) पेंडिंग है। गर्ग और भटनागर की डीई पेंडिंग है। भटनागर का नाम पिछली बार भी रुक गया था। इन्हें डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी (डीपीसी) ने प्रमोशन के योग्य नहीं पाया है। वर्ष 2013 बैच के अधिकारियों को सलेक्शन ग्रेड मिलेगा। वे सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (एसएसपी) बनेंगे। मंत्रालय सूत्रों का कहना है कि पहले आईपीएस की डीपीसी का वक्त दोपहर 12.30 बजे तय था, लेकिन आईएएस अधिकारियों की मीट के कारण समय का आगे बढ़ा दिया गया।

### आशुतोष राय बनेंगे स्पेशल डीजी

आईएएस अधिकारियों के बाद आईपीएस अफसरों की डीपीसी हुई। इसमें स्पेशल डीजी के लिए वर्ष 1994-95 बैच के अधिकारियों के नामों पर विचार किया गया। सभी के नाम डीपीसी में क्लियर हो गए। पद रिक्त होते ही सबसे पहले 1994 बैच के आशुतोष राय स्पेशल डीजी बनेंगे। इसी बैच के अनंत कुमार सिंह और मनमीत सिंह नारंग चूंकि प्रतिनियुक्ति पर प्रदेश से बाहर हैं, इसलिए राय को फायदा मिलेगा। अनंत कुमार व मनमीत को प्रोफार्मा पदोन्नति मिलेगी। राय एक जनवरी 2026 को स्पेशल डीजी बन जाएंगे। इसके बाद पद रिक्त होने पर राजाबाबू सिंह और डीपी गुप्ता का नंबर आएगा।

### जबलपुर आईजी प्रमोद वर्मा बनेंगे एडीजी

केंद्र सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद एक जनवरी 2026 को प्रदेश के 13 अधिकारी डीआईजी बनेंगे। इसके अलावा डीआईजी के तीन पद आईपीएस अफसरों के रिटायरमेंट के आधार पर भरे जाएंगे। इस बार हुई डीपीसी में वर्ष 2010, 2011 और 2012 बैच के अधिकारियों को पदोन्नति का लाभ मिलेगा। डीपीसी में एडीजी से स्पेशल डीजी पद के लिए एके सिंह और आशुतोष राय के नाम पर चर्चा हुई। एके सिंह केंद्र में पदस्थ हैं और उनकी वापसी की चर्चा है। सिंह वापस नहीं लौटे तो आशुतोष राय को स्पेशल डीजी बनाया जाएगा। उधर, जबलपुर आईजी प्रमोद वर्मा एडीजी बनेंगे। इसके आदेश 31 दिसंबर को जारी होने की संभावना है। विशेष महानिदेशक, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, उप महानिरीक्षक और सिलेक्शन ग्रेड में अधिकारियों को पदोन्नति को लेकर शुक्रवार को डीपीसी मीटिंग हुई। वर्ष 2010 बैच के 6 अधिकारी, 2011 बैच के 4 अधिकारी और 2012 बैच के 5 अधिकारी डीआईजी बनाए जाएंगे। इस प्रकार कुल 16 अधिकारी एक जनवरी से डीआईजी रैंक पर पहुंचेंगे। वहीं तीन अधिकारी साल के बीच में होंगे पदोन्नत एक जनवरी को 13 पदों पर पदस्थापना के बाद शेष 3 पद आगामी महीनों में रिक्त होंगे। जो अफसर एक जनवरी को पदोन्नत होंगे उसमें 2010 बैच के आईपीएस राकेश कुमार सगर, आरएस बेलवंशी, किरणलता केरकेट्टा, मनोज कुमार राय वर्ष 2011 बैच के रियाज इकबाल, राहुल कुमार लोढ़ा, सिमाला प्रसाद, असित यादव, वर्ष 2012 बैच के विवेक सिंह, कुमार प्रतीक, डॉ शिवदयाल. मयंक अवस्थी और शैलेंद्र सिंह चौहान शामिल हैं।

# प्रदेश के ब्लड सेंटर्स का पांच दिन में होगा ऑडिट

### - आयुक्त राठी बोले- लापरवाही नहीं चलेगी

भोपाल। सतना में थैलेसीमिया पीड़ित मासूम बच्चों के सरकारी ब्लड बैंक के संक्रमित ब्लड से एचआईवी पॉजिटिव होने के बाद स्वास्थ्य विभाग जागा हैं। प्रदेश के सभी शासकीय और निजी ब्लड सेंटर्स के संचालन को सुरक्षित, पारदर्शी और मानक अनुरूप बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तरुण राठी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी ब्लड सेंटर्स में एनबीटीसी गाइडलाइंस, डीजीएचएस द्वारा जारी एसओपी और औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। आयुक्त ने निर्देश दिए कि जिन शासकीय ब्लड सेंटर्स में आवश्यक स्टाफ, उपकरण या रिकॉर्ड मानकों के अनुरूप उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें तत्काल बंद कर निजी ब्लड सेंटर्स से एमओयू के माध्यम से सेवाएं ली जाएं। किसी भी परिस्थिति में ब्लड रिप्लेसमेंट सिस्टम प्रतिबंधित रहेगा। रक्त संग्रहण केवल स्वैच्छिक रक्तदान और रक्तदान शिविरों के माध्यम से ही किया जाएगा। इसके लिए एनजीओ, शैक्षणिक संस्थान, शासकीय कार्यालय, पुलिस और सैन्य इकाइयों को जोड़ा जाएगा। सभी रक्तदाताओं से निर्धारित प्रारूप में स्व-सत्यापित शपथ पत्र लेना अनिवार्य किया गया है।

**5 दिनों के अंदर ऑडिट कर भेजे रिपोर्ट**

आयुक्त ने रक्त परीक्षण में नैट, एलिसा और सीएलआईए तकनीक को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। अत्यावश्यक स्थिति में ही सीमित रूप से फोर्थ जनरेशन किट्स के उपयोग की अनुमति होगी। उन्होंने सभी जिलों के सीएमएचओ और सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि शासकीय और निजी ब्लड सेंटर्स का 5 दिनों के भीतर ऑडिट कर रिपोर्ट ड्रग कंट्रोलर को भेजी जाए। ब्लड सेंटर्स के लाइसेंस नवीनीकरण और नए लाइसेंस के लिए आवेदन ओएनडीएलएस पोर्टल के माध्यम से अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही तकनीकी कर्मचारियों की योग्यता संबंधित अधिनियम और मंत्रालय की अधिसूचना के अनुरूप होना जरूरी बताया गया है।

**पेशेवर रक्तदाताओं की पहचान पर होगी कार्रवाई**

आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि थैलेसीमिया मरीजों के लिए आवश्यक रक्त, ब्लड कंपोनेंट्स और दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। ब्लड सेंटर्स में प्रयुक्त जांच किट्स, आपातकालीन दवाएं और फार्मास्यूटिकल ग्रेड मेडिकल ऑक्सीजन की वैधता पर विशेष निगरानी रखी जाए। पेशेवर रक्तदाताओं से रक्त संग्रह पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा और पहचान होने पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# सौरभ के 'प्रीतम-प्यारे'... एक साल बाद भी बेसुराग

## - इनकम टैक्स, ईडी और इनकम टैक्स नहीं खोज पाई इन दो आरोपियों को

भोपाल । परिवहन विभाग की काली कमाई से करोड़ों की संपत्ति जुटाने वाले सिपाही सौरभ शर्मा के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में कई खुलासे हुए हैं। इसमें दो किरदार 'प्रीतम' और 'प्यारे' का पता चला है। ईडी की जांच में पता चला है कि 19 दिसंबर 2024 को जब लोकायुक्त पुलिस ने छापेमारी की थी, तब ड्राइवर प्यारे लाल केवट ने सौरभ के मौसेरे जीजा विनय हासवानी के साथ 52 किलो सोना और 11.60 करोड़ रुपए नकदी भरी कार मेंडोरी गांव की सीमा पर खाली प्लॉट पर पहुंचाई थी। विनय ने स्वीकार किया है कि ड्राइवर प्यारे लाल और उसने कार पहुंचाई। लेकिन विडंबना यह है कि इनकम टैक्स, ईडी और इनकम टैक्स जैसी तीन एजेंसियां मिलकर अब तक इस केस के इन दो आरोपियों को खोज नहीं पाई हैं।

गौरतलब है कि सौरभ शर्मा के यहां लोकायुक्त के छापों के बाद पिछले साल 19 और 20 दिसंबर की दरम्यानी रात इनकम टैक्स और मप्र पुलिस की टीम ने मेंडोरी इलाके में खड़ी एक इनोवा कार से 52 किलो सोना और 11 करोड़ कैश बरामद किया था। इसे आयकर विभाग ने अटैच कर लिया था और उसके बाद ईडी ने भी सौरभ के ठिकानों पर छापे मारे थे। इस छापे के एक साल बाद भी लोकायुक्त, ईडी और इनकम टैक्स जैसी तीन एजेंसियां मिलकर अब तक इस केस के दो आरोपियों प्रीतम और प्यारे को खोज नहीं पाई हैं। इनमें से प्यारेलाल केवट उस कार का ड्राइवर था जो मेंडोरी इलाके में खड़ी मिली थी, वहीं प्रीतम उस शख्स का नाम था जिसने सोने की ये खेप लाकर सौरभ को दी थी। दोनों इस खुलासे के बाद से फरार हैं और अब भी जांच एजेंसियों के लिए चुनौती बने हुए हैं। इस मामले में भले ही सौरभ शर्मा और उसके सहयोगियों शरद जायसवाल और चेतन सिंह गौर अभी जेल में बंद हैं लेकिन जांच एजेंसियों की इस केस में रफ्तार अब सुस्त हो चुकी है।

### गिरफ्तारी के बाद खुलेगा राज

प्रीतम और प्यारे की गिरफ्तारी के बाद सौरभ शर्मा से संबंधित अपराधों की कलई खुल सकती है। सौरभ के पास इतना सोना आया कहां से? इसी के जवाब में 'प्रीतम' नाम के किरदार का खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया है कि सौरभ ने काली कमाई को सोने में निवेश किया। उसके सहयोगी चेतन सिंह गौर (जिसकी कार से सोना मिला) ने स्वीकार किया है कि प्रीतम कई बार सोना लेकर आया। उसने यह डिलीवरी भोपाल के अरेरा कॉलोनी स्थित ई-7/657 मेसर्स अविरल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कंपनी के कार्यालय में की। सौरभ यह सोना अपने साथ ई-7/78 स्थित घर ले जाता था। कंपनी के ऑफिस में ही दो कमरों में चेतन रहता है। हैरत की बात है कि छापों के बाद से लोकायुक्त पुलिस, ईडी और आयकर विभाग प्रीतम और प्यारे को पकड़ नहीं पाए हैं। दोनों की तस्वीरें भी एजेसियों के पास नहीं हैं।

### तीनों एजेंसियों की जांच आधी-अधूरी

परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के मामले में इनकम टैक्स, ईडी और इनकम टैक्स की जांच अभी भी आधी अधूरी है। शर्मा की हकीकत का खुलासा सबसे पहले लोकायुक्त पुलिस ने ही किया था। पिछले साल राज्य सरकार की इसी एजेंसी ने सबसे पहले उसके ठिकानों पर छापे मारे थे। इस रेड में अकूत संपत्ति मिली, लेकिन अब तक लोकायुक्त पुलिस अपनी जांच पूरी कर कोर्ट में चालान तक पेश नहीं कर पाई। आलम ये रहा कि छापों के बाद लोकायुक्त पुलिस उसकी लोकेशन तक ट्रेस नहीं कर सकी। छापों के 40 दिन बाद 27 जनवरी को अपने वकील के साथ सौरभ स्पेशल लोकायुक्त कोर्ट भोपाल पहुंचा और सरेंडर का आवेदन दिया। अदालत ने उसे अगले दिन हाजिर होने का आदेश देकर वापस भेज दिया। अगले दिन नाटकीय ढंग से सौरभ को लोकायुक्त पुलिस ने कोर्ट आने से पहले गिरफ्तार कर लिया और उसी दिन ताबड़तोड़ ढंग से उसके सहयोगी शरद और चेतन भी अरेस्ट कर लिए गए। तीनों को कोर्ट ने लोकायुक्त पुलिस की रिमांड पर सौंप दिया। लगभग 14 दिनों तक पूछताछ के बाद लोकायुक्त पुलिस ने तीनों की रिमांड बढ़ाने से इंकार कर दिया। कोर्ट में लोकायुक्त पुलिस ने तय 90 दिनों की समय सीमा में चालान ही पेश नहीं किया इसलिए लोकायुक्त के मामले में तीनों को जमानत मिल गई। हालाकि ईडी के केस में आरोपी होने के कारण वे जेल से रिहा नहीं हो सके। एसपी लोकायुक्त भोपाल दुर्गेश राठौर का कहना है कि इस मामले में तीन नामजद आरोपियों सौरभ, शरद और चेतन के खिलाफ एफआईआर है। इस मामले में अब भी जांच जारी है। मामले में जांच के बाद जब फाइनल रिपोर्ट बनेगी तो आरोपियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। जांच कथ तक पूरी होगी इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता। ईडी ने इस मामले में लोकायुक्त के बजाय तेजी से एक्शन लिया। कोर्ट से मंजूरी लेने के बाद ईडी ने सौरभ समेत शरद और चेतन को रिमांड पर लिया और उनसे पूछताछ शुरू की। बाद में ईडी ने दावा किया कि सौरभ ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि कार में मिला 52 किलो सोना और 11 करोड़ का कैश उसकी ही थी। इसके अलावा ईडी ने इस मामले में सौरभ के गोल्ड और कैश समेत लगभग 100 करोड़ की प्रॉपर्टी अटैच कर ली। इस मामले में तय समय सीमा के भीतर ही ईडी ने स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में चालान भी पेश किया, जिसमें सौरभ, शरद और चेतन के साथ उसकी मां उमा शर्मा, पत्नी दिव्या तिवारी, साले रोहित तिवारी, ड्राइवर प्यारेलाल केवट समेत आठ लोगों को आरोपी बनाया था। इनमें से सौरभ, शरद और वेतन को छोडकर अन्य सभी को जमानत मिल गई है, जबकि प्यारे अब तक फरार है। आगामी 22 तारीख को भोपाल जिला अदालत में इस मामले की सुनवाई होनी है। जांच की रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आयकर और पुलिस की टीम के छापों के दौरान मिले गोल्ड और कैश को आयकर विभाग की कस्टडी में सौंपा गया था। इसे बेनामी संपत्ति के तहत आयकर विभाग ने अटैच कर रखा है। इसी संपत्ति को ईडी ने भी कुर्क कर रखा है। आयकर विभाग ने सौरभ, शरद और चेतन से जेल में जाकर कई बार पूचताछ की। इसके बाद भी आयकर विभाग की छानवीन अब तक नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है। आलम ये है कि अब सौरभसे जुड़े मामले की हालिया स्थिति बताने के लिए आयकर विभाग भोपाल की इन्वेस्टिगेशन विंग के अफसर तैयार ही नहीं हैं। आयकर विभाग की जांच में ही उजागर हुआ था कि गोल्ड की खेप देने के लिए प्रीतम नाम का एक एजेंट उसके घर आता था। छापों के बाद से उसका कोई अता-पता नहीं है।

# एसआईआर के बाद साफ हुई भोपाल की वोटर लिस्ट

### - 33 हजार मतदाता मिले मृत, 14 हजार के दो जगह थे नाम

भोपाल। जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची का शुद्धिकरण हुआ है, जिसमें सात विधानसभा क्षेत्र में करीब चार लाख 38 हजार 876 मतदाता कम हो जाएंगे, जिससे कुल 16 हजार 87 हजार 33 मतदाता शेष रह जाएंगे। एसआईआर के दौरान 33 हजार 791 मृत मतदाता मिले हैं, जिनका नाम लंबे समय से सूची में जुड़ा हुआ था, जबकि 14 हजार 171 ऐसे मतदाता हैं जिनका दो जगह पर नाम दर्ज था।

अब निर्वाचन अधिकारियों द्वारा मतदाता सूची का फॉर्मेट तैयार किया जा रहा है जिसका प्रकाशन 23 को किया जाएगा। इसके बाद ही जो मतदाता एसआईआर के दौरान छूट गए हैं, वह फॉर्म नंबर छह में अपनी जानकारी भरकर दस्तावेज के साथ जमा कर सकेंगे। जिनका सत्यापन होने के बाद सूची में नए मतदाता के रूप में नाम जोड़ लिया जाएगा। जिले में चार नवंबर से एसआईआर शुरू हुआ था जो कि 18 दिसंबर तक जारी रहा, जिसमें करीब 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं को गणना पत्रक दिए गए थे। इनमें से 16 लाख 87 हजार 33 मतदातओं के पत्रक डिजिटाइज हो गए हैं, जबकि चार लाख 38 हजार 876 के पत्रक अनकलेक्टेबल हैं। इन पत्रकों का जब गहन पुनरीक्षण किया गया तो पता चला कि इनमें से 33 हजार 791 मतदाताअें की मृत्यु हो चुकी है, एक लाख एक हजार 504 मतदाता मौके पर अनुपस्थित मिले। जबकि दो लाख 86 हजार 661 मतदाता दूसरे जगह या जिले में शिफ्ट हो गए हैं और 14 हजार 171 के सूची में दो जगह नाम दर्ज थे। अब इन सभी मतदाताओं का नाम काटकर ही सूची का फॉर्मेट तैयार किया जा रहा है, जिनके कम होने से सात विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या स्वत: कम हो जाएगी।

### दो हजार से अधिक मतदाताओं ने जमा किया फार्म

छह जिले में एसआईआर के दौरान करीब दो हजार 133 मतदाताओं ने सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म नंबर छह जमा किया है। इनमें सबसे अधिक उत्तर विधानसभा क्षेत्र में एक हजार 88 फॉर्म बीएलओ को दिए गए हैं। इनके अलावा बैरसिया में 141, नरेला में 238, दक्षिण - पश्चिम में 136,मध्य में 221, गोविंदपुरा में 174 और हुजूर में 135 फार्म नंबर छह मिले हैं। हालांकि इन सभी फार्म पर फॉर्म प्रकाशन के बाद ही निर्णय लिया जाएगा।

### जिले में विधानसभा क्षेत्रवार एएसडीआर श्रेणी में मतदाताओं की संख्या

विधानसभा क्षेत्र - मृत - अनुपस्थित - शिफ्टेड - दोहरी प्रवृष्टि - अन्य - कुल

बैरसिया - 2,518 -1,779 -7,816 -718 -72 -12,903

उत्तर - 4,682 -26,055 -18,879 -1,376 -66 - 51,058

नरेला - 6,138 -6,098 -65,356 -3,115 -528 -81,235

दक्षिण-पश्चिम - 4,170 -11,074 -46,361 -1,324 -504 -63,433

मध्य - 4,305 -5,706 -54,891 -2,244 - 158 -67,304

गोविंदपुरा - 6,311 - 25,590 -61,282 -3,092 -777 -97,052

हुजूर - 5,667 -25,202 -32,076 -,2,302 -644 - 65,891

कुल - 33,791 -1,01,504 -2,86,661 -14,171 -2,749 - 4,38,876

नोट - जिला निर्वाचन शाखा द्वारा जारी किए गए आंकड़े।

# पुरुष बंदियों के बाद अब मध्यप्रदेश में महिला कैदियों के लिए खुली जेल

### अब तक महाराष्ट्र और राजस्थान में ही ऐसी व्यवस्था

भोपाल। महिला कैदियों के लिए जेल विभाग ने अपने मैन्युअल बदलने की तैयारी की है। अब तक प्रदेश में सिर्फ पुरुष बंदियों के लिए खुली जेल थी, लेकिन मोहन सरकार की मुहर के बाद मध्यप्रदेश तीसरा ऐसा राज्य हो जाएगा, जहां महिला कैदियों को भी खुली जेल में रखा जाएगा। अब तक महाराष्ट्र और राजस्थान में ही ऐसा है। जेल विभाग के संसोधन के बाद प्रदेश की जेलों में बंद 1600 महिला कैदी भी सजा अवधि में खुली हवा में सांस ले पाएगी। जेल विभाग की नई प्रस्तावित नियमावली के अनुसार, इस सुविधा का लाभ सिर्फ उन महिला कैदियों को ही मिलेगा, जिन्होंने या कुल सजा की दो तिहाई अवधि पूरी की है या जिनकी उम्र 45 वर्ष से अधिक है। खुली जेल में अच्छे व्यवहार, कम खतरनाक और सजा का बड़ा हिस्सा काट चुके कैदियों को यहां रखा जाता है। कैदी वन बीएचके जैसे कमरों में रहते हैं। जहां वो अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी रह सकते है। महिलाओं को खुली जेल में रहने की पात्रता देने की योजना बनाई है। शासन को संशोधन का प्रस्ताव भेजा है। मंजूरी मिलते ही सुविधा मिलेगी। प्रदेश में अभी भोपाल, उज्जैन, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, सागर, ग्वालियर, जबलपुर और इंदौर में खुली जेल संचालित हैं। इनमें फिलहाल केवल पुरुष कैदियों को ही रखा जाता है।

# लाड़ली बहना नहीं, प्रदेश में चल रही लाड़ली लापता योजना- जीतू पटवारी

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी ने प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि मध्य प्रदेश में भाजपा की तथाकथित लाड़ली बहना योजना' हकीकत में लाड़ली लापता योजना' बन चुकी है। पटवारी ने कहा कि जनवरी 2024 से जून 2025 तक प्रदेश में 23 हजार से अधिक महिलाएं लापता हो चुकी हैं, जो अपने आप में भयावह और चिंताजनक आंकड़ा है। इससे भी ज्यादा गंभीर बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कई मामलों में नाबालिग बेटियों की गुमशुदगी की स्नढ्ढक्र तक दर्ज नहीं की जा रही है, जो कानून और संविधान दोनों का खुला उल्लंघन है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि भाजपा सरकार की पूर्ण विफलता और असंवेदनशीलता का प्रमाण है। उन्होंने प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. मोहन यादव से सवाल करते हुए कहा कि प्रदेश में हर दिन किसी की बहन, बेटी या मां लापता हो रही है, लेकिन सरकार जमीनी सच्चाई से मुंह मोड़कर केवल इवेंट, प्रचार और आत्मप्रशंसा में व्यस्त है। पटवारी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा केवल नारों, योजनाओं के नाम बदलने और पोस्टर-बैनरों से सुनिश्चित नहीं होती। जब महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, जब बेटियां घर से निकलकर वापस नहीं लौट रहीं, तब सरकार का यह दावा कि प्रदेश सुरक्षित है, पूरी तरह खोखला है। उन्होंने कहा कि आज पूरा मध्य प्रदेश भाजपा सरकार से पूछ रहा है आख़िर हमारी बहने लापता क्यों? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने मांग की कि सभी गुमशुदगी के मामलों में तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए, विशेष जांच दल गठित किए जाएं और दोषी अधिकारियों व अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो।

# मप्र में हर दूसरे बच्चे और हर तीसरी महिला को एनीमिया का खतरा

### - पोषण और सेहत को लेकर चिंताजनक स्थिति आई सामने

भोपाल। मध्यप्रदेश में पोषण और सेहत को लेकर एक चिंताजनक स्थिति सामने आई है। एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम 2025-26 की ताजा स्क्रीनिंग रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में पांच साल से कम उम्र के हर 10 में से पांच बच्चे (50 प्रतिशत) और हर 10 में से तीन महिलाएं (30 प्रतिशत) एनीमिया से पीड़ित हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि बड़ी आबादी अब भी कुपोषण और खराब खान-पान की समस्या से जूझ रही है।

हालांकि, इस चिंताजनक तस्वीर के बीच एक सकारात्मक पहलू भी सामने आया है। मध्यप्रदेश 'एनीमिया मुक्त भारत' अभियान के क्रियान्वयन में लगातार छह माह से देशभर में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। इसका श्रेय हेल्थ वर्कर्स, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया जा रहा है, जो समय रहते मरीजों की पहचान कर उपचार उपलब्ध करा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने इसे स्वास्थ्य तंत्र की प्रतिबद्धता और टीमवर्क का परिणाम बताया है।

### 70 लाख बच्चों की हुई डिजिटल जांच

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 'दस्तक अभियान' के तहत 70.62 लाख बच्चों की डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर से जांच की गई। इनमें से 35.21 लाख बच्चों में एनीमिया की पुष्टि हुई, जिनका उपचार शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही 9.42 लाख गर्भवती महिलाओं की स्क्रीनिंग में 3 लाख से अधिक महिलाएं मध्यम से गंभीर एनीमिया से ग्रसित पाई गईं, जिन्हें आयरन सुक्रोज और रक्ताधान जैसी सुविधाएं दी गईं। एनीमिया केवल थकान या कमजोरी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों के मानसिक विकास में भी बड़ी बाधा बनता है। सरकार का लक्ष्य उपचार और जागरूकता के माध्यम से प्रदेश को पूरी तरह एनीमिया मुक्त बनाना है।

# पन्ना टाइगर रिजर्व में नियम विरूद्ध बाघ दर्शन करने के लिए मंत्री विजय शाह एवं मंत्री दिलीप अहिरवार के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने डवास ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

भोपाल। सिस्टम परिवर्तन अभियान के अध्यक्ष आजाद सिंह डबास ने पूर्व वन मंत्री एवं वर्तमान जनजातीय मंत्री विजय शाह एवं वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार द्वारा पन्ना टाइगर रिजर्व में एलीफेंट राइडिंग के माध्यम से बाघ दर्शान करने के लिए उनके विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने हेतु मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिख कर अवगत कराया कि खजुराहो में केबिनेट बैठक के दौरान पन्ना टाइगर रिजर्व के भ्रमण के दौरान माननीय सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का घोर उल्लघंन किया गया है। इस कृत्य में उनके साथ वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, राज्य मंत्री लखन पटेल, केबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल एवं केबिनेट मंत्री इंद्रसिंह परमार भी साथ में थे। गौरतलब है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2012 से वन्य प्राणी क्षेत्रों में ऐलीफेंट राइडिंग को पूर्णत: प्रतिबंधित किया हुआ है,जबकि विजय शाह एवं अन्य 04 मंत्रियों द्वारा ऐलीफेंट राइडिंग के माध्यम से बाघ देखे गये हैं। इस आशय का वीडियो स्वयं राज्यमंत्री लखन पटेल ने इंटरनेट मीडिया पर साझा किया है। वीडियो में 2 हाथी बाघ का रास्ता रोके हुए हैं, जिससे कुछ देर तक बाघ असहज दिखा है। जीप्सी में सवार पांचों मंत्री इत्मिनान से वीडियो बनाते हुए दिख रहे हैं। ऐसा माना जा सकता है कि 03 मंत्रियों प्रहलाद पटेल, इंद्रसिंह परमार एवं लखन पटेल को प्रोजेक्ट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत बाघों को देखने के मामले से सबंधित नियमो का ज्ञान न हो और वे अज्ञानता वश इस कृत्य में शामिल हो गये हों लेकिन विजय शाह जो 02 बार (वर्ष 2006-08 एवं वर्ष 2020-23) तक स्वयं वन विभाग के केबिनेट मंत्री रहे हों एवं दिलीप अहिरवार जो वर्तमान में 02 वर्ष से वन राज्य मंत्री हैं, उन्हें नियमो का ज्ञान न हो, यह असंभव है।

# मप्र के 7 लाख सरकारी कर्मचारियों के लिए राहत

## जारी रहेगी 5-डे वर्किंग की व्यवस्था

भोपाल। प्रदेश के सात लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों के लिए सप्ताह में पांच दिन ही कार्य दिवस रहेंगे। कोरोना महामारी के दौरान लागू इस व्यवस्था में परिवर्तन की अटकलें लंबे समय से लगाई जा रही थीं लेकिन फिलहाल इसे यथावत रखने का निर्णय किया गया है। केंद्रीय कार्यालयों में पांच कार्य दिवस की व्यवस्था पहले से ही लागू है। प्रदेश में अभी शनिवार और रविवार का शासकीय अवकाश रहता है। वर्ष 2020 से पहले दूसरे और तीसरे शनिवार को कार्यालय खुले रहते थे। पहले और चौथे शनिवार को अवकाश रहता था। कोरोना महामारी के समय संक्रमण को नियंत्रित रखने के लिए सप्ताह में पांच कार्य दिवस की व्यवस्था बनाई गई थी। यह अभी जारी है।

छुट्टियों पर पुनर्विचार के लिए सामान्य प्रशासन, वित्त, गृह और राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की समिति बनाई गई। इसका उद्देश्य स्वैच्छिक सहित जो कर्मचारियों को प्रति वर्ष मिलने वाले अन्य अवकाश पर पुनर्विचार करना है। उधर, वर्ष 2026 के लिए अवकाश घोषित करने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इसमें कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ है। समय-समय पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिन विशेष पर ऐच्छिक अवकाश की जो घोषणा की है, उन्हें शामिल करते हुए अंतिम रूप दे दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि इसमें पांच के स्थान पर छह कार्य दिवस की व्यवस्था बहाली शामिल नहीं है।

### बदलाव के पक्ष में नहीं कर्मचारी

कर्मचारी इसके पक्ष में नहीं हैं। सभी का कहना है कि अब जो व्यवस्था बन गई है, उसमें कर्मचारी रच-बस गए हैं इसलिए परिवर्तन का अधिक औचित्य भी नहीं है। दशहरा के एक दिन पहले अवकाश के प्रस्ताव को नहीं मिली थी स्वीकृति दशहरा के एक दिन पहले भोपाल में सरकारी छुट्टी के जिला प्रशासन का प्रस्ताव सामान्य प्रशासन विभाग ने आगे बढ़ाया था लेकिन मुख्य सचिव की हरी झंडी नहीं मिली। दरअसल, अक्टूबर में अवकाश अधिक थे। शासकीय कार्य प्रभावित न हो, इसलिए प्रस्ताव लौटा दिया गया।

### अवकाश नियमों में भी किया गया है संशोधन

राज्य में मध्य प्रदेश सिविल सेवा (अवकाश) नियम 1977 लागू था। इसमें वर्तमान स्थितियों को देखते हुए परिवर्तन किए गए हैं, जो एक जनवरी 2026 से लागू होंगे। संतान पालन अवकाश (चाइल्ड केयर लीव) प्रथम 365 दिन पूर्ण वेतन के साथ मिलेगी, जबकि दूसरी बार में 80 प्रतिशत वेतन का भुगतान होगा। 18 वर्ष तक के बच्चे के लिए अवकाश स्वीकृत किया जा सकेगा। अभी तक दो साल का अवकाश लेने तक वेतन कटौती का प्रावधान नहीं था, लेकिन संशोधित नियम में रखा गया है। एक वर्ष में तीन बार से अधिक अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। एकल महिला को एक कैलेंडर वर्ष (एक जनवरी से 31 दिसंबर) में छह बार अवकाश की पात्रता रहेगी।

# टी-20 वर्ल्डकप के लिए भारतीय टीम का ऐलान

## ईशान-रिंकू की वापसी, गिल और जितेश बाहर

मुंबई। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। शनिवार को मुंबई स्थित बीसीसीआई हेड ऑफिस में सचिव देवजीत सैकिया ने चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने कप्तान सूर्यकुमार यादव की मौजूदगी में स्क्वॉड का ऐलान किया। अक्षर पटेल को उपकप्तान बनाया गया है, जबकि शुभमन गिल को बाहर कर दिया गया। संजू सैमसन भी टीम का हिस्सा हैं। ईशान किशन और रिंकू सिंह को मौका दिया गया है। चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने कहा कि गिल इस समय रन नहीं बना पा रहे हैं। वह पिछले वर्ल्ड कप में भी नहीं खेले थे। हम जानते हैं कि वह कितने अच्छे खिलाड़ी हैं, शायद अभी थोड़े रन कम बना रहे हैं, पिछले वर्ल्ड कप में भी मौका नहीं मिला, यह दुर्भाग्यपूर्ण था।




वहीं, भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने गिल के चयन न होने पर कहा कि गिल को खराब फॉर्म की वजह से ड्रॉप नहीं किया गया गया है। ऐसा टीम कॉम्बिनेशन की वजह से हुआ है, हम टॉप ऑर्डर में एक विकेटकीपर चाहते थे। उनकी काबिलियत पर कोई शक की बात नहीं है, वो एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। टीम को रिंकू सिंह और वाशिंगटन सुंदर की भी जरूरत थी।

### पिछली टीम से आठ खिलाड़ियों ने बरकरार रखी जगह

भारत ने जो टी20 विश्व कप टीम घोषित की है उसमें आठ खिलाड़ी ऐसे हैं जो 2024 वाली टी20 टीम में भी शामिल थे। वहीं, सात खिलाड़ी ऐसे हैं जो अब मौजूदा टीम का हिस्सा नहीं हैं। इसमें रोहित, विराट और जडेजा भी शामिल हैं जो टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके हैं। वहीं टीम में जगह बरकरार रखने वाले खिलाड़ियों में सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, संजू सैमसन, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह शामिल हैं। हालांकि, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद सिराज और ऋषभ पंत विश्व कप टीम में जगह नहीं बना सके हैं। ये चारों खिलाड़ी 2024 टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा थे।

### कोच गंभीर के सामने कड़ी चुनौती

भारत इस बार नए कप्तान और नए कोच के नेतृत्व में उतरेगा। पिछली बार कप्तान रोहित थे, जबकि मुख्य कोच राहुल द्रविड़ थे। इस बार दोनों ही नए हैं। भारतीय टीम के मुख्य कोच गंभीर हैं, जबकि कप्तानी सूर्यकुमार के पास है। गंभीर ने कोच के रूप में टीम को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब दिलाया है, लेकिन अब उनके सामने घरेलू जमीन पर टी20 विश्व कप का खिताब बरकरार रखने की चुनौती रहेगी।

### टी20 विश्व कप 2026 की भारतीय टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उपकप्तान), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, वाशिंगटन सुंदर, ईशान किशन (विकेटकीपर)।

# विजय हजारे ट्रॉफी में मुंबई की कप्तानी करेंगे शार्दुल

## रोहित, यशस्वी और सूर्यकुमार जैसे बड़े खिलाड़ियों को नहीं मिली जगह

मुम्बई। मुम्बई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने विजय हजारे ट्रॉफी के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। इस टीम की कप्तानी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर संभालेंगे। टीम ओपनर रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल के साथ-साथ सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर शिवम दुबे को भी शामि नहीं किया गया है हालांकि कहा गया है कि जरुरत पड़ने पर इन्हें शामिल किया जा सकता है। मुंबई की टीम 24 दिसंबर से विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में अपने सफर की शुरुआत करेगी। टीम को एलीट ग्रुप सी में रखा गया है और ग्रुप स्टेज के सभी मुकाबले जयपुर में खेले जाएंगे।

रोहित सहित अनुभवी खिलाड़ियों के बाहर रहने का कारण फिटनेस से जुड़ा हुआ है। चयन समिति के मुताबिक, जो भी भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी उपलब्ध होंगे, उन्हें बाद में जरुरत के अनुसार टीम में शामिल किया जा सकता है। ऐसे रोहित और युवा यशस्वी जायसवाल को जरुरत पड़ने पर विजय हजारे ट्रॉफी में शामिल किया जा सकता है।

यशस्वी अभी तक बिमारी से उबरे नहीं हैं। हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मैच के बाद उन्हें पेट दर्द के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। हालांकि अब उन्हें आराम मिल गया है पर उनकी मैच फिटनेस की अंतिम समीक्षा टूर्नामेंट शुरू होने के पहले होगी।

गौरतलब है कि भारतीय बोर्ड ने सभी भारतीय खिलाड़ियों से घरेलू क्रिकेट, खासकर विजय हजारे ट्रॉफी में भाग लेने पर जोर दिया है। यह टूर्नामेंट 50 ओवर फॉर्मेट का सबसे बड़ा घरेलू इवेंट है।

# एशेज के तीसरे टेस्ट में जीत के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम को चाहिये चार विकेट

एडीलेड। ऑस्ट्रेलियाई टीम एशेज के तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में जीत के बेहद करीब पहुंच गयी है। उसे अंतिम दिन जीत के लिए चार विकेट चाहिये। चौथ दिन का खेल समाप्त होने के समय तक इंग्लैंड ने जीत के लिए मिले 434 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में 6 विकेट के नुकसान पर 207 रन बना लिए थे। इस प्रकार उसे हार से बचने अभी भी 228 रन बनाने है जो बेहद कठिन काम है। दिन का खेल समाप्त होने के समय जेमी स्मिथ 2 और विल जैक्स 11 रन बनाकर खेल रहे थे। दूसरी पारी में इंग्लैंड की ओर से सबसे अधिक 85 रन जैक क्राउली ने बनाये।




इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दूसरे पारी मे 349 रन बनाये थे। वहीं पहली पारी के आधार पर उसके पास 85 रनों की बढ़त थी।

वहीं दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रहे और बेन डकेट 4 रन ही बना सके। इसक बाद ओली पोप भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये। वह 29 गेंदों पर 17 रन ही बना पाये। इसके बाद जो रूट ने सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली के साथ मिलकर 78 रन बनाये। रुट भी 39 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये।

वहीं मध्यक्रम में हैरी ब्रूक को 30 रनों पर हीनाथन लियोन ने बोल्ड कर दिया। इसके बाद लियोन ने कप्तान बेन स्टोक्स को भी 5 रनों पर आउट कर इंग्लैंड का मनोबल तोड़ दिया।

# विजय हजारे ट्रॉफी में दिल्ली की कप्तानी करेंगे ऋषभ, विराट और इशांत भी खेलेंगे

नई दिल्ली। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत बेंगलुरु में 24 दिसंबर से शुरू होने वाली आगामी विजय हजारे ट्रॉफी में दिल्ली की कप्तानी करेंगे। इस टीम में भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली के साथ-साथ पूर्व गेंदबाज इशांत शर्मा के अलावा पिछले काफी समय से टीम से बाहर चल रहे नवदीप सैनी को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा युवा तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हर्षित राणा भी इस टीम से खेलेंगे। सीनियर पुरुष चयन समिति ने बैठक के बाद दिल्ली की टीम को अंतिम रूप दिया। इस बैठक में चयनकर्ता यशपाल सिंह, के. भास्कर पिल्लई और मनु नायर, मुख्य कोच सरनदीप सिंह, सीएसी सदस्य रॉबिन सिंह (जूनियर), सचिव अशोक शर्मा और संयुक्त सचिव अमित ग्रोवर भी शामिल हुए।



दिल्ली विजय हजारे ट्रॉफी में अपने पहले दो एलीट ग्रुप डी के मैच आंध्र और गुजरात के खिलाफ बेंगलुरु में खेलेगी। दिल्ली को अपने शेष 5 मैच बेंगलुरु के बाहरी इलाके में अलूर क्रिकेट मैदान में खेलने हैं।

कोहली ने अंतिम बार 2009/10 सीजन में दिल्ली की ओर से विजय हजारे ट्रॉफी खेली थी। इस टीम में ऑलराउंडर आयुष बडोनी उप-कप्तानी संभालेंगे। पहले दो मैचों के लिए टीम में अर्पित राणा, यश ढुल, सार्थक रंजन, प्रियांश आर्य, तेजस्वी सिंह, नीतीश राणा, ऋतिक शौकीन, हर्ष त्यागी, सिमरजीत सिंह, प्रिंस यादव, दिविज मेहरा, आयुष दोसेजा, वैभव कांडपाल, रोहन राणा और अनुज रावत को शामिल किया गया है।

# भारत और पाकिस्तान के बीच आज होगा अंडर-19 एशिया कप फाइनल

दुबई। भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच रविवार को यहां अंडर-19 एशिया कप फाइनल खेला जाएगा। आयुष म्हात्रे की कप्तानी में भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में अपने ग्रुप ए में सभी मुकाबले जीते हैं। सेमीफाइनल में भारतीय टीम श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर फाइनल में पहुंची है। ऐसे में वह जीत की प्रबल दावेदार है। भारतीय टीम ने पाकिस्तान को भी ग्रुप चरण में 90 रनों से हराया है जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं।




भारतीय टीम की ओर से इस मैच में सभी की नजरें वैभव सूर्यवंशी और अभिज्ञान कुंडू पर रहेंगी। वैभव ने यूएई के खिलाफ 95 गेंदों में 171 रन बनाए, जबकि अभिज्ञान कुंडू ने मलेशिया के खिलाफ 125 गेंद में नाबाद 209 रन बनाये थे। ऐस में इस मैच में भी दोनो से धमाकेदार पारी की उम्मीद है। इनके अलावा आरोन जॉर्ज और विहान मल्होत्रा ने भी काफी अच्छा खेला है।

वहीं गेंदबाजी में दीपेश देवेंद्रन ने पाकिस्तान और मलेशिया के खिलाफ जबरदस्त गेंदबाजी कर अपने को साबित किया है। दूसरी ओर फरहान यूसुफ की कप्तानी वाली पाक टीम के पास काफी अच्छे तेज़ गेंदबाज हैं जिससे वह भारतीय टीम पर दबाव बनाना चाहेगी। दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं।

**टीमें-**

**भारत-** आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा (उपकप्तान), वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), युवराज गोहिल, कनिष्क चौहान, खिलान ए पटेल, नमन पुष्पक, डी. दीपेश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह, उधव मोहन, आरोन जॉर्ज।

**पाकिस्तान-** फरहान यूसुफ (कप्तान), उस्मान खान (उपकप्तान), अब्दुल सुभान, अहमद हुसैन, अली हसन बलूच, अली रजा, दानियाल अली खान, हमजा जहूर (विकेटकीपर), हुजैफा अहसन, मोमिन

# हार्दिक ने युवराज का एक रिकार्ड तोड़ा

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए पांचवें और अंतिम टी20 मुकाबले में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है। इस मैच में तेजी से अर्धशतक लगाने के साथ ही एक विकेट लेकर पंड्या ने पूर्व ऑलराउडर युवराज सिंह का का एक रिकॉर्ड तोड़ दिया है। टी20 अंतरराष्ट्रीय टी20 में यह चौथा मौका था जब पांड्या ने अर्धशतक लगाने के साथ ही 1 या उससे अधिक विकेट लिए हैं। इस मामले में उन्होंने युवराज सिंह को पीछे छोड़ा। युवराज ने टी20 में तीन बार अर्धशतक लगाने के साथ ही 1 या उससे अधिक विकेट लिए थे। विराट कोहली और शिवम दुबे भी 2-2 बार यह कारनाम किया है। हार्दिक ने केवल 16 गेंदों में ही तेजी अपने 50 रन पूरे किये। भारत की तरफ से टी20 में यह दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। पांड्या ने 25 गेंदों पर ही 5 छक्के और 5 चौकों लगाकर 63 रन बनाये। इससे भारतीय टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 231 रन बनाये। हार्दिक ने इसके बाद गेंदबाजी करते हुए एक विकेट लिया।



# श्रीलंका ने असलंका की जगह शनाका को नया कप्तान बनाया

कोलंबे। श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने आगामी टी20 विश्व कप से पहले कप्तानी से चरित असलंका को हटा दिया है। वहीं दासुन शनाका को नया कप्तान बनाया गया है। चयन समिति के प्रमुख प्रमोदया विक्रमसिंघा ने कहा कि शनाका को लंबा अनुभव है। उन्होंने तीन विश्वकप खेले हैं। वहीं असलंका का फार्म पिछले काफी समय से अच्छा नहीं रहा है। वहीं दूसरी ओर कहा जा रहा है कि असलंका पिछले महीने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान दौरे पर जाने से इंकार कर दिया था, इसी कारण उन्हें कप्तानी से हटाया गया है। विक्रमसिंघे के अनुसार, असलंका की खराब बल्लेबाजी फॉर्म और कप्तानी के बढ़ते बोझ को देखते हुए उनकी जगह शनाका को कप्तानी दी गयी है। असलंका टीम में एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में बने रहेंगे। बोर्ड चाहता है कि असलंका बिना किसी दबाव के बल्लेबाजी करें। विक्रमसिंघा ने कहा ,"नये कप्तान शनाका ऑलराउंडर की भूमिका निभाएंगे। हमें उम्मीद है कि असलंका बल्लेबाजी में अपनी लय हासिल कर लेंगे। मुख्य कोच सनत जयसूर्या से सलाह के बाद हमने तय किया कि बहुत सारे बदलाव करने की जरूरत नहीं है इसलिए टीम में अधिक बदलाव नहीं किये हैं। "




वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज निरोशन डिकवेला की चार साल बाद टीम में वापसी हुई है।

**श्रीलंका प्रारंभिक टीम** - दासुन शनाका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कामिल मिशारा, कुसल परेरा, धनंजय डिसिल्वा, निरोशन डिकवेला, जनिथ लियानागे, चरित असलंका, कामिंदु मेंडिस, पवन रत्नायके, सहन अराचिगे, वानिंदु हसरंगा, दुनिथ वेलालागे, मिलन रत्नायके, नुवान तुषारा, एशान मलिंगा, दुष्मंता चामीरा, प्रमोद मदुशान, मथीशा पथिराना, दिलशान मदुशंका, महीष तीक्षणा, दुशान हेमंता, विजयकांत वियासकांत, ट्रावीन मैथ्यू ।

# बुमराह की फिटनेस के लिए उन्हें आराम दिया जाना जरुरी - रॉबिन उथप्पा

लखनऊ । भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा है कि अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को बीच-बीच में आराम दिया जाना बेहद जरुरी है। उथप्पा के अनुसार बुमराह का एक्शन काफी कठिन है। इसके साथ ही उनकी गति भी काफी तेज है जिससे उनके शरीर पर काफी दबाव आता है और चोटिल होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में उनक कार्यभार प्रबंधन का ध्यान देना जरुरी है। बुमराह भारतीय गेंदबाजी आक्रमक की कमाना संभालते हैं और अगले साल होने वाले टी20 विश्वकप को देखते हुए उनका फिट बने रहना जरुरी है।



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में बुमराह को आराम दिया गया था और उन्होंने पांच मैचों की टी20 सीरीज में वापसी की। उथप्पा ने कहा, 'वह एक शानदार मैच विजेता खिलाड़ी है पर उनके कार्यभार का प्रबंध करना बेहद जरूरी है। तेज गेंदबाजी क्रिकेट का सबसे मुश्किल कौशल है और बुमराह इसे बेहद तेज गति से और चुनौतीपूर्ण एक्शन के साथ करते हैं।

उन्होंने कहा, 'आप उनको पूरी तरह से फिट बनाए रखना चाहते हैं पर साथ ही आप यह भी चाहते हैं कि वह पर्याप्त क्रिकेट खेलें। इसके लिए काफी सूझबूझ से उनका कार्यभार प्रबंधन करना होगा जिससे वह लय में भी बने रहे और उनके शरीर पर जरुरत से ज्याद बोझ भी न पड़े। उनकी प्रतिभा और कौशल पर किसी को भी संदेह नहीं है।

# भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर लगातार आठवीं सीरीज जीती

अहमदाबाद। भारतीय क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम टी20 मैच में जीत के साथ ही लगातार आठवीं सीरीज अपने नाम की। इसी के साथ ही भारतीय टीम ने जीत के साथ साल 2025 का समापन किया है। दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज ड्रॉ कराने के बाद से ही भारतीय टीम लगातार जीत दर्ज करती आ रही है। भारतीय टीम ने अब तक लगातार 14 टी20 सीरीज या टूर्नामेंट ऐसे खेले हैं, जिसमें उसे हार का सामना नहीं करना पड़ा है। भारतीय टीम ने इस दौरान 2023 एशियाई खेलों, 2024 टी20 विश्व कप और 2025 एशिया कप में जीत हासिल की। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका की टीम का टी20 क्रिकेट में सफर अच्छा नहीं रहा है। जनवरी 2023 से अब तक दक्षिण अफ्रीकी टीम ने 13 द्विपक्षीय टी20 सीरीज़ में से केवल एक ही सीरीज दिसंबर 2024 में पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू मैदान पर जीती थी। दक्षिण अफ्रीका की टीम टी20 सीरीज में पिछले एक दशक से भारतीय टीम को आखिरी बार अक्टूबर 2015 में हराया था। भारत और दक्षिण अफ्रीका ने अब तक कुल 11 द्विपक्षीय टी20 सीरीज खेली हैं। इनमें टीम इंडिया ने 6 सीरीज जीती हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका को केवल 2 बार ही जीत मिली है।भारतीय टीम को सबसे अधिक 22 जीत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ, 21 जीत श्रीलंका, 21 जीत-श्रीलंका और 19 जीत वेस्टइंडीज के खिलाफ जीती है।

# अल्काराज ने फरेरो को हटाकर लोपेज को कोच बनाया

मैड्रिड। स्पेन के टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले अपने कोच जुआन कार्लोस फरेरो को हटा दिया है। वहीं सैमुएल लोपेज को उन्होंने अपना नया कोच बनाया है। लोपेज इससे पहले पाब्लो करेनो बुस्टा के कोच रहे हैं। अल्काराज़ अब 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन में लोपेज के साथ उतरेंगी। विश्व के नंबर-1 खिलाड़ी अल्काराज पिछले काफी समय से फरेरो से जुड़े हुए थे पर अब दोनों का ये संबंध टूट गया है। अल्कराज ने दोनो के बीच करार टूटने की बात सोशल मीडिया के जरिये सार्वजनिक की। अल्काराज बचपन से ही फेररेरो से कोचिंग ले रहे थे। उनके कोच रहते ही अल्काराज टेनिस जगत में बुलंदियों तक पहुंचे है। उनक नाम आज छह ग्रैंड स्लैम खिताब सहित कुल 22 टूर्नामेंट हैं। इसके अलावा वह एटीपी रैंकिंग में भी शीर्ष स्थान पर पहुंच गये हैं।



कोच से अलग होने को अल्काराज़ ने एक कठिन फैसला बताते हुए कहा, हमने मिलकर शीर्ष तक का सफर तय किया है जिसके लिए मैं कोच का आभारी हूं। मुझे लगता था कि अगर राह अलग होनी हैं, तो यह उसी स्तर पर होनी चाहिए, जहां तक पहुंचने का हमने हमेशा सपना देखा था जो आज पूरा हो गया है।

एक रिपोर्ट के अनुसा, अब सैमुएल लोपेज अल्काराज के नए कोच होंगे। लोपेज इससे पहले पाब्लो करेनो बुस्टा के कोच रहे हैं। अल्काराज़ अब 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी नए कोच के साथ करेंगे। फेररेरो के साथ अलगाव के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि नए कोच के मार्गदर्शन में अल्काराज अपने करियर को किस दिशा में आगे बढ़ाते हैं।

# अगरकर ने बताया शुभमन, जितेश के बाहर होने का कारण

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयनसमिति ने आगामी टी20 विश्वकप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित कर दी। इस टीम में कुछ खिलाड़ियों को हाल में खराब प्रदर्शन के बाद भी जगह मिली है जबकि कुछ को अच्छे प्रदर्शन के बाद भी जगह नहीं मिली है। रिंकू सिंह का टीम में चयन और अक्षर पटेल को उप-कप्तान बनाने पर भी सवाल उठे हैं। सबसे हैरानी की बात ईशान किशन का चयन है। वहीं लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद भी जितेश शर्मा को टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने उपकप्तान शुभमन गिल को बाहर किये जाने पर कहा कि यह फैसला टीम संयोजन को ध्यान रखते हुए लिया गया है। टॉप में अगर आपके पास विकेट कीपर हो तो आप निचले क्रम तक अन्य बल्लेबाजों को अवसर दे सकते हैं। इसके अलावा अगरकर ने शुभमन गिल की फॉर्म पर भी चिंता जताई। शुभमन का औसत इस साल अच्छा नहीं रहा है।

# देश के कई हिस्सों में होगा घना कोहरा, शीत लहर

नई दिल्ली। देश के कई हिस्सों में सर्दी का असर और तेज होने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार 21 दिसंबर की सुबह तक उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के कुछ इलाकों में रात और सुबह के समय बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। इसके अलावा 25 से 27 दिसंबर के दौरान पंजाब और हरियाणा के अलग-अलग क्षेत्रों में, 26 और 27 दिसंबर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तथा 22, 26 और 27 दिसंबर को पूर्वी उत्तर प्रदेश में घने कोहरे की आशंका जताई गई है। 21 और 22 दिसंबर को झारखंड और 21 दिसंबर की सुबह तक मध्य प्रदेश में भी घना कोहरा छा सकता है।

मौसम विभाग का कहना है कि 22 दिसंबर को उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में रात और सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की प्रबल संभावना है। वहीं 25 दिसंबर की सुबह तक पूर्वोत्तर भारत के अलग-अलग इलाकों में भी कोहरे का असर देखा जा सकता है। 21 दिसंबर को पश्चिम बंगाल और सिक्किम, 23 दिसंबर को झारखंड, 21 से 23 दिसंबर के दौरान बिहार और 21 व 22 दिसंबर को ओडिशा में भी मौसम की स्थिति चुनौतीपूर्ण रह सकती है।

मौसम विभाग ने शीतलहर को लेकर भी चेतावनी जारी की है। 21 और 23 से 25 दिसंबर के दौरान हिमाचल प्रदेश, 24 और 25 दिसंबर को उत्तराखंड, 21 और 24 दिसंबर को पंजाब, 22 और 24 दिसंबर को हरियाणा तथा 22 और 25 दिसंबर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शीतलहर की संभावना है। वहीं 23 और 25 दिसंबर को पूर्वी उत्तर प्रदेश, 21 दिसंबर को पूर्वोत्तर राजस्थान, 22 दिसंबर को मध्य प्रदेश और 21 व 22 दिसंबर को छत्तीसगढ़ में भी ठंड का प्रकोप बढ़ सकता है।

21 और 22 दिसंबर को मध्य महाराष्ट्र और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक के अलग-अलग इलाकों में शीतलहर की स्थिति रहने की बहुत संभावना है। 23 दिसंबर को उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में भी ठंड तेज हो सकती है। इसके अलावा 21 से 23 दिसंबर के दौरान तेलंगाना में शीतलहर की प्रबल आशंका जताई गई है।



## पाराशर राइस मिल पर मंडी शुल्क की पांच गुना पेनाल्टी लगाई

पद्मेश न्यूज ।बालाघाट। जिले की किरनापुर तहसील अंतर्गत ग्राम सेवती में 20 दिसंबर 2025 को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मिलन तिवारी एवं मंडी निरीक्षक भीमेंद्र चौधरी द्वारा धान व्यापारियों एवं राइस मिलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान असाटी ट्रेडर्स, सेवती का परीक्षण किया गया, जहां प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर मनीष असाटी मौके पर उपस्थित पाए गए।

जांच के दौरान असाटी के यहां 635 क्विंटल धान का स्टॉक पाया गया, जिसे कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशानुसार मौके पर जब्त कर श्री मनीष असाटी की सुपुर्दगी में दिया गया। साथ ही धान उपार्जन अवधि समाप्त होने तक जब्त की गई धान के विक्रय पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी गई है। उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बिना भारसाधक अधिकारी (मंडी) की अनुमति के धान का विक्रय न किया जाए।

इसके अतिरिक्त पाराशर राइस मिल की जांच के दौरान मंडी पोर्टल के अनुसार दर्ज 230 क्विंटल धान का स्टॉक मौके पर उपलब्ध नहीं पाया गया। इस अनियमितता के चलते मिल के प्रोपराइटर अंशुल पाराशर के विरुद्ध नियमानुसार मंडी शुल्क की 5 गुना राशि वसूल करने की कार्रवाई की गई है।

प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाई से धान उपार्जन व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने एवं अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई का स्पष्ट संदेश दिया गया है।

## मेसी इवेंट विवाद : कोलकाता पुलिस ने आयोजक सतद्रु दत्ता के घर की तलाशी ली, 100 करोड़ रुपये के घोटाले की जांच तेज

कोलकाता। साल्ट लेक स्टेडियम में आयोजित लियोनेल मेसी इवेंट में मचे बवाल के मामले में कोलकाता पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। शुक्रवार को पुलिस ने इस विवादित इवेंट के मुख्य आयोजक सतद्रु दत्ता के आवास पर छापेमारी कर आलीशान सुविधाओं का खुलासा किया। पुलिस की जांच में दत्ता के तीन मंजिला मकान में स्विमिंग पूल, टैरेस पर फुटबॉल ग्राउंड और एक बड़ा कार्यालय पाया गया।

यह तलाशी विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा की गई, जो इवेंट से जुड़े कुप्रबंधन और कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह एक 卐प्रक्रियात्मक तलाशी卐 थी, जिसके दौरान घर में मौजूद दस्तावेजों और विभिन्न समझौतों की जांच की गई। हालांकि, इस छापेमारी में कोई सामान जब्त नहीं किया गया है।

पुलिस की यह कार्रवाई रिषड़ा स्थित सतद्रु दत्ता के आवास पर की गई। इस दौरान बिधाननगर पुलिस की डिटेक्टिव डिपार्टमेंट की टीम ने घर के हर कमरे की जांच की और वहां मौजूद केयरटेकर से पूछताछ की। अधिकारियों का कहना है कि यह जांच केवल भीड़ नियंत्रण में हुई चूक तक सीमित नहीं है, बल्कि अब बड़े पैमाने पर वित्तीय गड़बड़ियों की आशंका भी सामने आ रही है। गौरतलब है कि 13 दिसंबर को मेसी इवेंट के दौरान अव्यवस्था फैलने के कुछ ही घंटों बाद सतद्रु दत्ता को गिरफ्तार कर लिया गया था। मुख्य आयोजक होने के नाते पुलिस ने उन्हें आयोजन की योजना और क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही का जिम्मेदार ठहराया है, जिसके चलते स्टेडियम में अफरा-तफरी मच गई थी। जांच एजेंसियां अब लगभग 100 करोड़ रुपये की कथित वित्तीय अनियमितताओं की पड़ताल कर रही हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जांच में मेसी इवेंट से जुड़ी गतिविधियों के दौरान आयोजक संस्था के पदाधिकारियों और उनके सहयोगियों के बीच अवैध लेन-देन के संकेत मिले हैं। आने वाले दिनों में इस मामले में और गिरफ्तारियां और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

## त्रिपुरा : बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ अगरतला में प्रदर्शन, सैनातनी हिंदू सेना ने बांग्लादेश सहायक उच्चायोग कार्यालय के बाहर जताया विरोध

अगरतला। पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर कथित अत्याचारों के खिलाफ त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में शनिवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। सैनातनी हिंदू सेना के कार्यकर्ताओं ने अगरतला स्थित बांग्लादेश सहायक उच्चायोग कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर वहां की सरकार पर धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा में विफल रहने का आरोप लगाया।



प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन वहां की प्रशासनिक और सरकारी मशीनरी ऐसे मामलों को रोकने में असफल साबित हो रही है। इसी क्रम में उन्होंने मयमनसिंह शहर में हिंदू युवक दीपु चंद्र दास की कथित हत्या की घटना को लेकर आक्रोश जताया। आरोप है कि दीपु चंद्र दास को ईशनिंदा के आरोप में भीड़ द्वारा पीट-पीटकर मार डाला गया और बाद में उसके शव को आग के हवाले कर दिया गया। इस घटना को लेकर प्रदर्शनकारियों ने गहरी नाराजगी जताई और इसे मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन बताया। उनका कहना था कि ऐसी घटनाएं न केवल अमानवीय हैं, बल्कि बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों की असुरक्षित स्थिति को भी उजागर करती हैं। प्रदर्शन के दौरान सैनातनी हिंदू सेना के कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की और बांग्लादेश सरकार से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने भारत सरकार से भी अपील की कि वह इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाए और बांग्लादेश पर अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दबाव बनाए।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि भारत और बांग्लादेश के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध रहे हैं, ऐसे में पड़ोसी देश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा पर चुप नहीं रहा जा सकता। उन्होंने मांग की कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों को सुरक्षा, न्याय और सम्मान दिया जाए। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और सुरक्षा के मद्देनजर स्थानीय पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। अधिकारियों ने स्थिति पर नजर बनाए रखी।

## पुलिस ने बीच सडक़ पर महिला को पीटा

अहमदाबाद। अहमदाबाद में पुलिस अफसर ने एक महिला को बीच सडक़ पर पीट दिया। महिला की गलती इतनी थी कि उसके हाथ से पुलिस अधिकारी का आईडी कार्ड गिर गया था। इससे भडक़े अफसर ने महिला को इतनी जोर से थप्पड़ मारा कि उसकी आंख से खून निकलने लगा। जब महिला इसकी शिकायत लेकर पालडी पुलिस स्टेशन पहुंची, तो स्टेशन इंचार्ज ने महिला को धमकाया। उसकी शिकायत दर्ज करने से इनकार कर दिया। हालांकि महिला देर रात तक पुलिस स्टेशन में बैठी रही और शिकायत दर्ज कराई। महिला का नाम बंसारी ठक्कर है। वह शाम 6:30 बजे चौराहे से जा रही थी। इसी दौरान एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने उसे रोका और उसका लाइसेंस मांगा। बंसारी ने उसे लाइसेंस दिखाया। इसके बाद जब बंसारी ने पुलिसकर्मी से किनारे हटने कहा तो वह भडक़ गया।

## तीन माह में तीसरे तालिबानी मंत्री का दिल्ली दौरा...पाकिस्तान को लग गई मिर्ची

नई दिल्ली। अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री मौलवी नूर जलाल जलाली का भारत दौरा कई मायनों में अहम है। बता दें कि बीते तीन माह में भारत आने वाले वे तीसरे तालिबान मंत्री हैं। इससे पहले अफगान विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी और उद्योग व वाणिज्य मंत्री नूरुद्दीन अजीजी भारत आ चुके हैं। दिल्ली एयरपोर्ट पर जलाली का स्वागत विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव आनंद प्रकाश ने किया।

यात्रा के दौरान जलाली ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। बैठक में भारत ने अफगानिस्तान को दीर्घकालिक आधार पर दवाइयों, टीकों और चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति का भरोसा दिया। भारत ने कैंसर वैक्सीन सहित कई जीवनरक्षक टीकों का प्रतीकात्मक हस्तांतरण भी किया। बता दें कि भारत पहले ही अफगानिस्तान को 63,734 डोज इन्फ्लुएंजा और मेनिन्जाइटिस वैक्सीन तथा 73 टन आवश्यक दवाइयां भेज चुका है। आने वाले समय में 128 स्लाइस सीटी स्कैनर सहित बड़ा मेडिकल कंसाइनमेंट भेजने की तैयारी है। यह दौरा तब हो रहा हैं जब अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है और सीमा बंद होने से अफगान व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

भारत ने बिना शोर मचाए, बिना मान्यता दिए, मानवीय सहायता से अफगानिस्तान में अपनी जगह फिर बना ली है। ये बात पाकिस्तान को सबसे ज़्यादा चुभ रही है। तालिबान शासन के बाद अफगानिस्तान को जिस अंतरराष्ट्रीय अलगाव में धकेल दिया गया था, वहां भारत अकेला बड़ा देश है जिसने 卐लोगों के साथ खड़े रहने卐 की नीति लागू की। अस्पताल, दवाइयां, वैक्सीन, मेडिकल वीज़ा, भारत ने कभी अफगान जनता से नाता नहीं तोड़ा। यही वजह है कि आज तालिबान के मंत्री एक के बाद एक दिल्ली का रुख कर रहे हैं।

पाकिस्तान की परेशानी इसी बात है। दशकों तक अफगानिस्तान को 卐रणनीतिक गहराई卐 समझने वाला इस्लामाबाद आज खुद हाशिये पर खड़ा है। सीमा बंद कर व्यापार रोकना, अफगान शरणार्थियों पर दबाव, और तालिबान को आंख दिखाने की नीति उलटी पड़ गई। नतीजा हुआ कि काबुल ने दिल्ली की आरे देखना शुरू कर दिया। वह अफगानिस्तान में न बंदूक भेज रहा है, न फौज। वह भेज रहा है दवा, डॉक्टर, मशीन और भरोसा। यह सॉफ्ट पावर दरअसल हार्ड पॉलिटिक्स से कहीं ज़्यादा असरदार दिख रहा है। स्वास्थ्य सहयोग के ज़रिये भारत अफगान समाज की जड़ों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है और यही किसी भी दीर्घकालिक प्रभाव की बुनियाद होती है। इससे अफगानिस्तान में भारत विरोधी तत्वों के लिए ज़मीन सिकुड़ती है। साथ ही वहां पाकिस्तान का एकाधिकार टूटता है। इसके अलावा, मध्य एशिया तक भारत की पहुंच के रास्ते खुलते हैं। भारत ने अफगानिस्तान में वह कर दिखाया है जो पाकिस्तान बंदूक और दबाव से नहीं कर सका, यानि विश्वास के जरिये भारत ने वहां के नए शासकों का दिल जीत लिया। खनन, ऊर्जा, हाइड्रो प्रोजेक्ट और स्वास्थ्य, हर सेक्टर में भारत की वापसी के संकेत साफ दिख रहे हैं। पाकिस्तान इस सबसे चिढ़ कर इसलिए बयान दे रहा है क्योंकि खेल अब उसके हाथ से निकल चुका है।

## पंजाब के किसानों ने प्रस्तावित रेल रोको आंदोलन को लेकर अपना फैसला बदला

चंडीगढ़। पंजाब के किसानों ने प्रस्तावित रेल रोको आंदोलन को लेकर अपना फैसला बदला है। 20 दिसंबर को होने वाला विरोध प्रदर्शन राज्य सरकार के आश्वासन के बाद स्थगित किया गया है। किसान नेता सरवन सिंह भंडार ने बताया कि गुरुवार शाम को मान सरकार के साथ बैठक हुई, जिसमें किसानों को आश्वासन दिया गया कि बिजली संशोधन विधेयक पंजाब में लागू नहीं होगा। मान सरकार ने स्मार्ट बिजली मीटर लगाने के संबंध में भी सकारात्मक आश्वासन देकर कहा कि इसतरह मीटर राज्य में नहीं लगाए जाएंगे। किसान नेताओं ने स्पष्ट किया कि आंदोलन को स्थगित करने का निर्णय मान सरकार के आश्वासनों को ध्यान में रखकर लिया गया है। हालांकि, उन्होंने दो टूक कहा कि आंदोलन वापस नहीं लिया गया है, बल्कि केवल स्थगित किया गया है। इस बीच, किसानों की लंबित मांगों पर चर्चा करने के लिए किसान प्रतिनिधियों और पंजाब सरकार के बीच 22 दिसंबर को एक और बैठक निर्धारित की गई है।

## सोनिया, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट पहुंची ईडी...नेशनल हेराल्ड से जुड़ा मामला

### याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई होने की उम्मीद

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की शिकायत को खारिज करने वाले निचली अदालत के आदेश को चुनौती देकर दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है। ईडी की याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई होने की उम्मीद है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने द्वारा 16 दिसंबर को पारित आदेश को चुनौती दी है। निचली अदालत ने माना था कि गांधी परिवार के खिलाफ ईडी द्वारा दायर अभियोजन शिकायत कानूनीतौर पर मान्य नहीं है, क्योंकि यह धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अनुसूचित अपराध से संबंधित एफआईआर पर आधारित नहीं है।



इस आदेश में कहा गया कि धन शोधन की कार्यवाही डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा सीआरपीसी की धारा 200 के तहत दायर की गई निजी शिकायत पर संज्ञान और समन आदेश के आधार पर थी, न कि एफआईआर के आधार पर। ईडी ने राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 की धारा 44 और 45 के तहत धन शोधन के अपराध के लिए एक नई अभियोग शिकायत दर्ज की थी, जैसा कि धारा 3 को धारा 70 के साथ पढ़ा जाए और पीएमएलए, 2002 की धारा 4 के तहत दंडनीय है।

यह विवाद नेशनल हेराल्ड अखबार के प्रकाशक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के अधिग्रहण से जुड़ा है। 2010 में नवगठित कंपनी यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड (वाईआईएल) ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से 50 लाख में एजेएल का कर्ज खरीद लिया। इसके बाद, वाईआईएल ने एजेएल की 2,000 करोड़ से अधिक की संपत्ति पर नियंत्रण पा लिया। सोनिया और राहुल गांधी के पास वाईआईएल में बहुमत हिस्सेदारी थी, जिसके चलते उन पर आरोप लगे कि उन्होंने एजेएल की मूल्यवान संपत्तियों पर कब्जा करने के लिए पार्टी के फंड का इस्तेमाल किया।

## भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया की प्रेस वार्ता, कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष पर लगाया आरोप

# राहुल गांधी विदेशों में भारत को बदनाम कर रहे

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आज शनिवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा विदेश जाकर भारत विरोधी शक्तियों से नजदीकियों, देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं को बदनाम करने की प्रवृत्ति और पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व में हो रही सांप्रदायिक राजनीति पर तीखा हमला बोला। गौरव भाटिया ने कहा कि जिस तरह नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भारत विरोधी शक्तियों के साथ 'ईलू-ईलू' कर रहे हैं, वो अब भारत के मीर जाफर बन चुके हैं। एक ओर भारत के अपरिपक्व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी विदेशी धरती पर जाकर भारत को बदनाम करने और भारत विरोधी शक्तियों से मिलने का कार्य कर रहे हैं, जो चिंताजनक है और भारत के नागरिक इससे आक्रोशित हैं। वहीं दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के इशारे पर जिस तरह की सांप्रदायिक राजनीति हो रही है और भगवान राम का अपमान करके हिंदुओं की भावनाओं को आहत किया जा रहा है, इससे देश के हिंदू आहत हैं।

राहुल गाँधी का विदेशी दौरे पर भारत विरोधी शक्तियों से मुलाक़ात का क्रम जारी

भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि जब संसद का सत्र चल रहा था तब देश के नेता प्रतिपक्ष की प्रमुख जिम्मेदारी सदन में उपस्थित रहने की थी लेकिन वो विदेशी भूमि 'जर्मनी' गए और वहां हार्टी स्कूल में उन्होंने कार्नेलिया वोल से मुलाकात की।

श्री भाटिया ने राहुल गांधी की डॉ. कार्नेलिया वोल के साथ तस्वीर दिखाते हुए कहा कि पूरा देश जानता है कि पहले भी भारत में नकली गांधी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की कितनी बदनामी हुई थी जब राहुल गांधी की जॉर्ज सोरोस के साथ तस्वीरें आई थी, यह दोनों ऐसे ही हैं जैसे एक जिस्म और दो जान। आज एक और सबूत सामने आया है कि जॉर्ज सोरोस की संस्था ओपन सोसाइटी फाउंडेशन की फंडिंग से ही सेंट्रल युरोपियन यूनिवर्सिटी चलती है और यूनिवर्सिटी के बोर्ड ऑफ ट्रस्टी में कार्नेलिया वोल शामिल हैं। ऐसा क्यों होता है कि जब भी भारत में संसद का सत्र शुरू होने जाता है या चल रहा होता है तो राहुल गांधी विदेशी धरती पर जाकर भारत के शत्रुओं के साथ मिलते हैं? यह कौन सा भारत विरोधी एजेंडा है कि भारत के नेता प्रतिपक्ष, भारत विरोधी शक्तियों से मिलते हैं और भारत के खिलाफ षड्यन्त्र करते हैं? यह पहली बार नहीं है कि राहुल गांधी इस तरह की भारत विरोधी हरकतों में लिप्त पाए गए हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भारत के मीर जाफर बन चुके हैं। जॉर्ज सोरोस भारत विरोधी बयान देते हैं, भारत में फंडिंग करके आंदोलनों भड़काने, कानून व्यवस्था और भारत की अखंडता को चुनौती देने का कार्य करते हैं। जॉर्ज सोरोस न तो भारतीय नागरिक हैं न भारत के नेता प्रतिपक्ष हैं और न उन्होंने भारत के संविधान की शपथ ली है लेकिन राहुल गांधी ने तो भारत के संविधान की रक्षा करने की शपथ ली है। तो यह पूछा जाएगा कि भारत के अंदर के सपोलों के लिए क्या इलाज होना चाहिए। राहुल गांधी भारत विरोधी शक्तियों के साथ 'ईलू-ईलू' कर रहे हैं।




राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि भारत में एक बहुत बड़ा वर्ग है जो अपरिपक्व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को कवर फायर देता है। यह वर्ग कहता है कि राहुल गांधी बचकानी हरकतें कर देते हैं, कुछ लोग कहते हैं कि अपरिपक्व हैं, सीख जाएंगे। राहुल गांधी 55 वर्ष के हैं, 5 वर्षों के बाद वृद्धअवस्था में आ जाएंगे, पेंशन मिलने लगेगी। यह स्पष्ट हो गया है कि राहुल गांधी बहुत शातिर हैं और सोच समझकर आदतन ऐसी हरकतें करते हैं। उनके डीएनए में भारत का विरोध है और वो भारत से गद्दारी कर रहे हैं। एक नेता प्रतिपक्ष का कोई भी कृत्य या वक्तव्य अगर भारत को कमजोर करता है तो यह बेहद चिंताजनक और शर्मनाक है। श्री भाटिया ने राहुल गांधी की अमेरिका की एक तस्वीर दिखते हुए कहा कि राहुल गांधी अमेरिका में वहां की एक सांसद इल्हान उमर से मिले। इसी इल्हान उमर ने कहा था कि भारत ने गैरकानूनी तरीके से कश्मीर पर कब्जा कर रखा है। आखिर राहुल गांधी की ऐसी कौन सी मजबूरी है कि उन्हें इल्हान उमर से मिलना पड़ा? जो हमारे देश के अखंड भू-भाग कश्मीर को जबरन कब्जा किया हुआ कहती हैं। इसी तरह राहुल गांधी की तस्वीर मुशफिकुल फजल के साथ भी है, मुशफिकुल फजल जमात-ए-इस्लामी को आगे बढ़ाते हैं और बार-बार वक्तव्य देते हैं कि भारत में लोकतंत्र खत्म हो गया है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी यही मानते हैं कि भारत में लोकतंत्र खत्म हो गया है। भारत में प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी को आगे बढ़ाने वाले व्यक्ति के साथ राहुल गांधी क्या कर रहे हैं? इसी मुशफिकुल फजल के साथ तस्वीर में राहुल गांधी भी हैं और सैम पित्रोदा भी मौजूद हैं।

श्री भाटिया ने कहा कि जब भी राहुल गांधी जर्मनी जाते हैं, उनके साथ 'सैम अंकल' भी दिखाई देते हैं और देश को यह नहीं भूलना चाहिए कि यह सैम अंकल कौन हैं? कुछ समय पहले इसी सैम अंकल ने हर भारतीय नागरिक का अपमान करने का प्रयास किया था और यह आपत्तिजनक टिप्पणी की थी कि 'ईस्ट इंडियंस चाइनीज जैसे दिखते हैं और साउथ इंडियंस अफ्रीकन जैसे दिखते हैं'। जब भारतीय जनता पार्टी ने इस गंभीर मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाया, तो राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने ढोंग करते हुए यह कहा था कि सैम पित्रोदा को उनके पद से हटा दिया गया है। यदि वास्तव में उन्हें हटा दिया गया था, तो फिर राहुल गांधी के हर विदेशी दौरे पर सैम पित्रोदा उनके साथ क्या कर रहे हैं? और इसकी जवाबदेही आखिर किसकी है?

पद्मेश न्यूज़ शहरनामा



/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in
E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### पिकअप का पल्ला मोटरसाइकिल से टकराया मोटरसाइकिल सवार युवक घायल

**पद्मेश न्यूज ।बालाघाट।** नगर के में रोड पर स्थित शंकर कपड़े की दुकान के सामने खड़ी पिकअप का पल्ला मोटरसाइकिल से टकराने से मोटरसाइकिल सवार युवक मोटरसाइकिल सहित गिरने से घायल हो गया। घायल युवक हरीश पिता निर्मल बनोटे 29 वर्ष ग्राम बगदरा थाना ग्रामीण नवेगांव निवासी है।जिसे जिला



अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरीश बनोटे हार्डवेयर की दुकान में काम करता है। 20 दिसंबर को हरीश बनोटे अपने मौसा जी रामु लिल्हारे का इलाज करवाने मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल बालाघाट आए थे और जिला अस्पताल बालाघाट में इलाज करवाने के बाद करीब 3ः00 बजे हरीश बनोटे अपने मौसा रामु लिल्हारे के साथ को मोटरसाइकिल में बगदरा जाने निकले थे। मोटरसाइकिल हरीश बनोटे चला रहा था। काली पुतली चौक से नगर के मेन रोड होते हुए जाते समय स्टेट बैंक के आगे पहुंचे थे तभी शंकर कपड़े की दुकान के सामने खड़ी पिकअप के चालक ने अचानक पिकअप का पल्ला रोड़ तरफ खोल दिया। जिससे मोटरसाइकिल पिकअप के पल्ले से टकरा गई । जिससे हरीश बनोटे और उसका मौसा रामु लिल्हारे मोटरसाइकिल सहित गिर गए।इस दुर्घटना में हरीश बनोटे सिर हाथ पैर में चोट आने से घायल हो गया। वही उसके मौसा रामू लिल्हारे को मामूली चोटे आई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 112 से घायल हरीश बनोटे को जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया है।

# "मैं इस बात से सहमत नहीं हूं कि नक्सलवाद पूरी तरह से म.प्र. से समाप्त हो गया है!!"

## पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष सुश्री हिना कांवरे की खरी-खरी

एक्सप्रेस विशेष।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**लांजी की पूर्व विधायक एवं कांग्रेस की पंजाब चुनाव प्रभारी हिना कावरे ने नक्सलवाद सहित प्रदेश से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दों को लेकर बालाघाट एक्सप्रेस से विशेष चर्चा की। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे नक्सलवाद समाप्त होने के दावों पर गंभीर सवाल खड़े किए। हिना कावरे ने कहा कि वह इस बात से सहमत नहीं हैं कि नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री नक्सलवाद के खात्मे की बात कर रहे हैं, दूसरी ओर पुलिस जवानों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिए जा रहे हैं। यह एक बड़ा सवाल है। हिना कावरे ने कहा कि सरकार को जमीनी हकीकत को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या बनी रहेगी, तब तक नक्सलवाद जैसी समस्याओं का पूरी तरह समाप्त होना संभव नहीं है।**

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 तक प्रदेश को नक्सलवाद मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इस लक्ष्य के तहत बालाघाट पुलिस ने बीते कुछ महीनों में लगातार एंटीनक्सल अभियान चलाते हुए कई नक्सलियों को मार गिराया है, अनेक नक्सलियों ने राज्य की आत्मसमर्पण नीति को देखते हुए हथियार डाल दिए हैं। इन कार्रवाइयों के बाद पुलिस विभाग एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा बालाघाट सहित पूरे प्रदेश को नक्सलवाद मुक्त घोषित किए जाने की बात कही गई है। लांजी की पूर्व विधायक एवं कांग्रेस की पंजाब विधानसभा चुनाव प्रभारी हिना कावरे इन दावों से सहमत नहीं हैं। उन्होंने बालाघाट एक्सप्रेस और पद्मेश न्यूज़ से चर्चा के दौरान कहा कि वह बालाघाट ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश को नक्सलवाद मुक्त नहीं मानतीं। हिना कावरे ने कहा कि एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री और पुलिस विभाग नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई करने वाले पुलिस जवानों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दे रहे हैं, दूसरी ओर प्रदेश को नक्सलवाद मुक्त घोषित करने की बात की जा रही है। दोनों स्थितियां अपने आप में विरोधाभासी हैं और इससे संशय की स्थिति बनी हुई है।



उन्होंने कहा कि भले ही पुलिस नक्सलवाद के खात्मे के दावे कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि जिले के जंगलों में नक्सलियों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि पहले कान्हा क्षेत्र नक्सल गतिविधियों से मुक्त माना जाता था, लेकिन वर्तमान में नक्सलियों की पहुंच कान्हा तक हो चुकी है। ऐसे में जिले और प्रदेश को नक्सलवाद मुक्त बताना सही नहीं कहा जा सकता। हिना कावरे ने कहा कि जब तक जिले और प्रदेश से बेरोजगारी समाप्त नहीं होती, तब तक नक्सलवाद का पूरी तरह खात्मा संभव नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में लंबे समय से भाजपा की सरकार होने के बावजूद धरातल पर विकास कार्य नजर नहीं आ रहे हैं।

### जिले की जनता की सोच सबसे अलग

हिना कावरे ने चर्चा के दौरान कहा कि बालाघाट जिले की जनता की सोच प्रदेश के अन्य जिलों से बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एकतरफा चुनावी माहौल और लाड़ली बहना योजना के प्रभाव के बावजूद बालाघाट जिले की जनता ने कांग्रेस पर भरोसा जताया और जिले की छह विधानसभा सीटों में से चार सीटों पर कांग्रेस को जीत दिलाई। हिना कावरे ने कहा कि जनता ने जिन उम्मीदों के साथ कांग्रेस विधायकों को चुना है, उन उम्मीदों पर खरा उतरना अब विधायकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जिले की जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वह काम और विचारधारा के आधार पर निर्णय लेती है। हिना कावरे ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें पंजाब विधानसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### भाजपा सरकार सिर्फ बोलती है, काम नहीं करती

धान के समर्थन मूल्य को लेकर हिना कावरे ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा सरकार केवल घोषणाएं करना जानती है, धरातल पर काम करना नहीं। उन्होंने कहा कि किसान अपनी फसलों का बीमा करवाते हैं, लेकिन उन्हें उसका लाभ नहीं मिल पाता। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये तभी देगी, जब उसे किसानों के वोट की जरूरत पड़ेगी। सरकार अपनी राजनीतिक जरूरतों के अनुसार फैसले लेती है और किसानों के हित केवल चुनाव के समय याद आते हैं।

### भाजपा सरकार को रिपोर्ट कार्ड में शून्य अंक

प्रदेश में लंबे समय से भाजपा सरकार के कार्यकाल को लेकर पूछे गए सवाल पर हिना कावरे ने कहा कि वह सरकार को रिपोर्ट कार्ड में शून्य अंक देंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई और अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, जबकि सरकार इन समस्याओं पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को केंद्र और प्रदेश दोनों जगह सरकार चलाने का अवसर मिला, इसके बावजूद प्रदेश में कोई ठोस उपलब्धि नजर नहीं आती। कई योजनाएं अधर में लटकी हुई हैं और उनका सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार केंद्र से अपने ही हिस्से की राशि लाने में भी सक्षम नहीं है।

### नाम बदलने में माहिर है भाजपा सरकार

मनरेगा योजना का नाम बदले जाने को लेकर हिना कावरे ने कहा कि भाजपा सरकार को योजनाओं के नाम बदलने में महारत हासिल है। उन्होंने कहा कि मनरेगा का उद्देश्य ग्रामीण मजदूरों को 100 दिन का रोजगार देना था, लेकिन वर्तमान सरकार इस उद्देश्य को ही भूल चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के सत्ता में आने के बाद मनरेगा में फंड आना कम हो गया है, जिससे मजदूरों को मजदूरी के लिए भटकना पड़ रहा है। केवल नाम बदल देने से कोई योजना सफल नहीं हो जाती। हिना कावरे ने कहा कि महात्मा गांधी देश के राष्ट्रपिता हैं और उनका नाम बदलकर सरकार कोई बड़ी उपलब्धि हासिल नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि गांधीजी जैसे नेता न पहले थे और न आगे होंगे।

# कालूवाला कंस्ट्रक्सन में छिंदवाड़ा और बालाघाट जीएसटी की टीम ने की कार्यवाहीं, 89.82 लाख रुपए किये सरेंडर

## हाईवे निर्माण कार्य में जीएसटी चोरी का मामला उजागर

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** निर्माण सामग्री की खरीदङ्कफरोख्त में जीएसटी चोरी का बड़ा मामला सामने आया है। जीएसटी आयुक्त के निर्देश पर छिंदवाड़ा एवं बालाघाट जीएसटी विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए मेसर्स कालूवाला कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, नवेगांव में जांच की। जांच के दौरान पुष्टि होने पर फर्म द्वारा 89 लाख 82 हजार रुपए की जीएसटी राशि स्वेच्छा से सरेंडर की गई। जीएसटी अधिकारियों द्वारा की गई जांच में पाया गया कि निर्माण सामग्री की आपूर्ति में नियमों का उल्लंघन करते हुए कर चोरी की जा रही थी।



रजेगांव से बालाघाट तक निर्माणाधीन हाईवे परियोजना में काम कर रही मेसर्स कालूवाला कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, नवेगांव के खिलाफ जीएसटी चोरी का गंभीर मामला सामने आया है। छिंदवाड़ा और बालाघाट जीएसटी टीम ने संयुक्त जांच के बाद फर्म से कुल 89 लाख 82 हजार रुपये की राशि बरामद करवाई है। इस कार्रवाई का मार्गदर्शन आयुक्त वाणिज्यिक कर इंदौर और संयुक्त आयुक्त राज्य कर छिंदवाड़ा सुनीता वर्मा ने किया। टीम का नेतृत्व राज्य कर सहायक आयुक्त एकांत राहंगडाले ने संभाला। कार्रवाई मध्यप्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम 2017 की धारा 67(1)(2) के तहत की गई, जिसमें फर्म के खरीदी और आउटवर्ड सप्लाई के सभी लेनदेन का गहन निरीक्षण शामिल था। टीम ने फर्म के रेंगाटोला स्थित निर्माण साइट पर दो दिनों तक कारोबार का पूरा ब्यौरा जांचा। जांच में अनियमितताएं सामने आने पर फर्म के अधिकारी ने कर चोरी स्वीकार की। इसके बाद व्यवसायी ने 65 लाख रुपये नकद और 24 लाख 82 हजार रुपये इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के माध्यम से राशि सरेंडर की। जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई टैक्स चोरी की विश्वसनीय जानकारी मिलने के तुरंत बाद की गई।

### लेन-देन में सामने आई अनियमितता

जांच में यह पाया गया कि फर्म द्वारा निर्माण सामग्री की आपूर्ति में वास्तविक लेन-देन को छिपाते हुए जीएसटी नियमों का उल्लंघन किया जा रहा था। दस्तावेजों में विसंगतियां पाए जाने पर विभागीय अधिकारियों ने जब फर्म प्रबंधन से पूछताछ की, तो कर चोरी का मामला सामने आया ।

### 65 लाख रुपए नकद, 24.82 लाख आईटीसी से जमा

अनियमितताओं के उजागर होने के बाद फर्म प्रबंधन ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए 65 लाख रुपए नकद तथा 24 लाख 82 हजार रुपए इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के माध्यम से, कुल 89 लाख 82 हजार रुपए की जीएसटी राशि विभाग के समक्ष सरेंडर कर दी हैं ।

### अधिकारियों ने कैमरे से बनाई दूरी

जीएसटी अधिकारियों ने इस कार्रवाई को लेकर कैमरे पर कोई बयान देने से इंकार कर दिया, लेकिन प्रेस को आधिकारिक रूप से कार्रवाई की पुष्टि की गई। विभाग का कहना है कि टैक्स चोरी से जुड़ी पुख्ता सूचना मिलने के बाद यह संयुक्त निरीक्षण किया गया।

# बालाघाट तहसील में राइस मिलों व ट्रेडर्स के गोदामों का औचक निरीक्षण, 2302.64 क्विंटल धान स्टॉक सीज

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशों के परिपालन में एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बालाघाट के आदेशानुसार बालाघाट तहसील अंतर्गत राइस मिलों एवं धान ट्रेडर्स के गोदामों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंडी पोर्टल पर दर्ज स्टॉक के अनुरूप भौतिक सत्यापन किया गया तथा अनियमितता



पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। निरीक्षण में गोपाल एग्रोटेक, लिंगा में 1000 क्विंटल धान, मां संतोषी इंडस्ट्रीज, नैतरा में 70.64 क्विंटल धान तथा अग्रवाल राइस इंडस्ट्रीज, लिंगा में 102 क्विंटल धान मंडी स्टॉक के अनुसार निर्धारित मात्रा में पाया गया। वहीं जय मां अम्बे राइस मिल एंड ट्रेडर्स, बगदरा में 1148 क्विंटल धान पाया गया, जिसका भौतिक सत्यापन करने पर निर्धारित मंडी स्टॉक से 86 क्विंटल अधिक धान पाया गया। इस अनियमितता पर प्रकरण दर्ज करते हुए संबंधित पर पांच गुना मंडी शुल्क के रूप में 10,260 रुपये की जुर्माना राशि वसूल की गई। निरीक्षण के दौरान चारों राइस मिलों में मौके पर बरामद कुल 2302.64 क्विंटल धान के स्टॉक को तहसीलदार बालाघाट द्वारा उपार्जन अवधि तक सीज किए जाने की कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई सुनील वर्मा, तहसीलदार बालाघाट के नेतृत्व में की गई, जिसमें मनीष मरावी, सचिव मंडी समिति बालाघाट, पी.एस. वलाडी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बालाघाट, मनोज पटले, मंडी निरीक्षक बालाघाट एवं राजस्व दल के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। प्रशासन द्वारा धान उपार्जन एवं भंडारण व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु इस प्रकार की जांच निरंतर जारी रखने की बात कही गई है।




हिन्दी दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस में रिपोर्टर्स और डिप्टी एडिटर्स को अवसर

संपादकीय टीम और
न्यूज रूम में
हम भर्ती कर रहे हैं !!
हमारी टीम में शामिल हों !!

हिन्दी दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस को ऐसे उप-संपादकों, सिटी रिपोर्टरों (सिटी डेस्क) की तलाश है जो समाचारों के प्रति जुनूनी हों और बुनियादी बातों से आगे बढ़कर मूल्यवर्धन करना जानते हों । हिन्दी भाषा का ज्ञान हो, किताबों में रूचि हो और तथ्यों को खबरों में बदलना आता हो !! ना भी आता हो तो भी ! हद दर्जे का जिज्ञासु होना जरूरी है !!

हम चाहते हैं-
हिन्दी समाचार लेखन में दक्षता और अपने समाचारों के फोटो वीडियो बनाने की क्षमता
समाचार के मूल्य, शीर्षकों और प्रस्तुति की गहरी समझ
रिपोर्टिंग और डिज़ाइन टीमों के साथ सुचारू रूप से समन्वय करने की क्षमता

यदि आप एक रचनात्मक और जिम्मेदार पत्रकार हैं या पत्रकारिता में आना चाहते हैं और सार्थक शहरी कहानियों, खबरों, हलचलों,घटनाओं, को आकार देना चाहते हैं, तो हमें आपसे संपर्क करने में खुशी होगी।

आप हमारी टीम का हिस्सा बन सकते हैं !
अपना रिज्यूमे इस पते पर भेजें
[balaghatexpress@gmail.com]

स्थान-बालाघाट एक्सप्रेस, काली पुतली चौक,बालाघाट

पार्ट टाइम जॉब

हिन्दी टाईपिस्ट की आवश्यकता है

हिन्दी दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय में सांय 6 से 11 बजे तक कार्य हेतु हिन्दी टाईपिस्ट की आवश्यकता है।
पार्ट टाइम जॉब को प्राथमिकता देने वाले तत्काल संपर्क करें।

वेतन-योग्यतानुसार

सम्पर्क- कार्यालय दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस
काली पुतली चौक, बालाघाट (मप्र)मो.9425138710
ईमेल :-balaghateepress@gmail.com

आवश्यकता है

| पद | संख्या | योग्यता |
|---|---|---|
| अकाउंटेंट | 1 | M com/Tally का ज्ञान आवश्यक |
| मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव्ह | 1 | MBA मार्केटिंग |
| सेल्स एक्जीक्यूटिव | 1 | ऑनलाइन मार्केटिंग का अनुभव |
| वेल्डर | 1 | 2 वर्ष का कार्य अनुभव |
| स्टोरकीपर | 1 | ग्रेजुएट तथा MS एक्सल का ज्ञान |
| सुपरवाइजर | 3 | ग्रेजुएट |
| सिक्युरिटी गार्ड | 3 | बारहवीं पास |

कृपया अपने रिज्यूम व्हाट्स ऐप नंबर 7974104139 पर प्रेषित करें।
प्रबंधक
रिभा टाइल्स
मेन रोड, बालाघाट

RAJARAM KAKANI SAHAKAR VIDYA MANDIR DHARMABAD, MAHARASHTRA

शिक्षक भर्ती

INTERVIEW

21 DEC 2025

HOTEL MALLIKARJUN INTERNATIONAL BALAGHAT

9822016380

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित, **प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :9425138710,
**स्थानीय संपादक : डॉ. विपिन बिहारी शांडिल्य**, ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. M P HIN/2009/32311 , न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट